राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 343 | रांची, रविवार, 16 जून 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com



### आज का दिन

भूटान ने साल 2010 में इसी तारीख को तंबाकू के पैदावार और इसकी खरीद–बिक्री पर पूर्ण रोक लगा दी थी। वैसे तो भूटान धूम्रपान का शुरू से सख्त विरोधी रहा है। उसने छह साल पहले 2004 में पूरे देश में तंबाकू के सेवन पर रोक लगा दी गई थी। सीमित मात्रा इसके आयात की अनुमति थी लेकिन इसपर भारी टैक्स लगाया गया था। 2005 में भूटान में किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू के सेवन पर रोक लगाई गई।







# उत्तराखंड हादसा: टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा, 10 की मौत

देहरादून, एजेंसी

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाइवे पर रैतोली के पास शनिवार को यात्रियों से भरा एक वाहन अलकनंदा नदी में गिर गया। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है जबकि 16 लोग घायल हैं। इनमें से सात गंभीर घायलों को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया गया है।

गढ़वाल के आईजी करण सिंह नागन्याल ने बताया कि टेम्पो ट्रैवलर नोएडा (उत्तर प्रदेश) से रुद्रप्रयाग की ओर आ रहा था। यह 150-200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। आईजी अनुसार, दुर्घटना में 10 लोगों की मृत्यु हो गई है।

जानकारी के अनुसार रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ हाईवे पर रैतोली के पास एक टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गया। टेम्पो ट्रैवलर में 26 यात्री सवार थे। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हैं। इनमें सात गंभीर घायलों को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया गया है। वहीं जिला अस्पताल रुद्रपयाग में 09 घायलों को भर्ती किया गया है। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें



राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं।

**मुख्यमंत्री धामी ने हादसे पर जताया दुख**

हादसे पर दुख प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग में टेम्पो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं।

घायलों को नजदीकी चिकित्सा केंद्र में उपचार हेतु भेज दिया गया है। जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बाबा केदार से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि रुद्रपयाग सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश लाया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों को घायलों के बेहतर उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। हम घायलों की हर संभव सहायता के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जताया दुख**

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना का दुखद समाचार प्राप्त हुआ।

मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ है। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि 29 जून तक बढ़ी

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं



टेंडर कमीशन घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। सभी आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को हुई। अब इनकी अगली पेशी 29 जून को होगी।

आरोपितों में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल, जहांगीर आलम, ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव, नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और तारा चंद शामिल हैं।

टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी, 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के कई ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। मामले में वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे।

इस मामले में ईडी ने पांच मई की देर रात आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। बरामद पैसों के संबंध में ईडी ने आलमगीर आलम से दो दिन पूछताछ की थी। ईडी ने 14 मई को नौ घंटे और 15 मई को छह घंटे तक पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

नारायणपुर,छत्तीसगढ़, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा के घने जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें सुरक्षाबलों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया गया है। मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और दो जवानों के घायल होने की खबर है। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों से मुठभेड़ चल रही थी। शनिवार को सुबह फिर भीषण मुठभेड़ हुई, इसके बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान हमने 8 वदीर्धारी नक्सलियों के शव और



हथियार बरामद किए हैं। इस मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान शहीद हो गया है, मुठभेड़ अभी भी जारी है। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ के दो जवान घायल हुए थे, उन्हें हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया।

बता दें कि नारायणपुर जिले के माड़ में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच पिछले दो दिनों

**रिपोर्ट्स के अनुसार 161 दिन में कम से कम 140 नक्सली ढेर हो चुके हैं**

से मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में नारायणपुर-कोंडागांव-कांकेर-दंतेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ और आईटीबीपी 53वीं बटालियन बल के जवान शामिल हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार 161 दिन में कम से कम 140 नक्सली ढेर हो चुके हैं।

सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा कि नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और 2 जवानों के घायल होने की भी दुःखद खबर आ रही है।

उन्होंने आगे लिखा कि घायल जवानों को तत्काल एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए राजधानी रायपुर लाया जा रहा है। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। नक्सलियों के खिलाफ हो रही कड़ी कार्रवाई से नक्सली विचलित हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी किसान योजना की 17वीं किस्त 18 जून को वाराणसी से करेंगे जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त वाराणसी से 18 जून को जारी करेंगे। इस मौके पर स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान



ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में दी।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने आज कहा कि कृषि व किसान प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की 17वीं किस्त वाराणसी से जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी यहां पर 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कृषि सखियों के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। एक प्रतीक के रूप में प्रधानमंत्री 5 कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका उद्देश्य भूमि-धारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है।






## संक्षिप्त खबरें

### दुर्घटनाग्रस्त की मदद के लिए आगे आए भाजपा नेता : धनंजय



रामगढ। रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के फुलसराय निवासी रमेश बेदिया का दो महीना पहले एक्सीडेंट हो गया था। जिसमे उन्हें काफी चोट आई थी और उनका पैर टूट गया था।आर्थिक स्थिति ठीक नही रहने के कारण वह अपना इलाज सही से नही करा पा रहे थे और चल फिर नही रहे थे। रमेश बेदिया की इस तकलीफ को समाजसेवी मुकेश तिवारी ने रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस को बताया व सहयोग का आग्रह किया।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शनिवार की सुबह धनंजय कुमार पुटूस ने सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीएसएस) के सदस्यों अजय राम , अमर बोदरा, कमल महतो , पंकज सिंह आदि के साथ रमेश बेदिया के आवास पहुंच कर उनका हाल चाल लिया एवं उनके चलने के लिए बैसाखी व अन्य मदद किये। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा की जरूरतमंदों की सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा है, आगे भी रमेश बेदिया के इलाज में भी हमलोग यथा संभव मदद करेंगे।

### जिले में 15 से 29 जून तक राशनकार्ड धारी बनवा सकते हैं अपना आयुष्मान कार्ड

गुमलाः आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत अच्छादित शेष लाभुको को आयुष्मान कार्ड निर्गत कराने हेतु गुमला जिला अन्तर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सदर अस्पताल , प्रज्ञा केंद्रों, एवं सहियाओं के द्वारा दिनांक 15 जून से 29 जून तक विशेष आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुलाबी, पिला, एवं हरा राशन कार्ड धारी अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड को दिखाते हुए निः शुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं तथा उक्त योजनान्तर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। कार्ड धारी राज्य के किसी भी राज्य के सरकारी एवं निजी अस्पताल में निः शुल्क इलाज ले सकते है ।

### अज्ञात वाहन ने बिजली पॉल को मारा टक्कर

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन के मोड़ के समक्ष एक अज्ञात वाहन ने बिजली पॉल खूंटा को जोरदार टक्कर मारकर और बिजली पॉल खूंटा को तोड़कर भागने में सफल रहा, उक्त घटना से कई राहगीर बाल बाल बचे। बाद में उक्त घटना की सूचना बिजली विभाग को दी गई, जिसपर बिजली विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त क्षेत्र का बिजली लाइन कटकर और उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त टूटे हुए विधुत पॉल को उक्त घटनास्थल से हटाया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

# उपयुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को 30 जून तक पंचायत में भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रामगढ़।** उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अनिल कुमार गुप्ता, राज्य परामर्शी, स्वच्छ भारत मिशन दिग्विजय कुमार, यूनिसेफ के सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को रामगढ़ जिले में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गई वहीं उनके द्वारा ओडीएफ प्लस के अंतर्गत रामगढ़ जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की भी जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने ओडीएफ प्लस के अंतर्गत आगे रामगढ़ जिले में किए जाने वाले कार्यों को लेकर तैयार किए गए योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। ओडीएफ प्लस अंतर्गत ठोस कचरा प्रबंधन के तहत जिले के सभी पंचायतो में सेग्रीगेशन केंद्र संचालित करने को लेकर बैठक के दौरान उपयुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से पंचायत में भूमि चिन्हित करने का कार्य पूर्ण करते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।ओडीएफ प्लस के तहत अलग-अलग विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने ठोस कचरा प्रबंधन के तहत सेग्रीगेशन केंद्र स्थापित करने के उपरांत केन्द्र का नियमित संचालन सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने उच्च विद्यालयों सहित प्रत्येक गांव में पर्याप्त संख्या में इंसीनरेटर (भस्मक) की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जल संचयन के तहत जिले में चल रही योजनाओं एवं किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को जल संचयन से संबंधित योजनाओं, ग्राउंडवाटर रिचार्ज पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने तथा इसके प्रति लोगों को भी जागरूक करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त को जानकारी दी गई कि ओडीएफ प्लस के तहत प्रत्येक पंचायत में होने वाले कार्यों में ली जाने वाली योजनाओं में 30% योजनाओं को 15वें वित्त आयोग के माध्यम से किया जाना है इस संबंध में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को संबंधित पंचायत के मुखियाओं के साथ समन्वय कर 15वें वित्त आयोग के तहत बनने वाली योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त को बताया गया कि गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन सही तरीके से करने एवं घरेलू स्तर पर कचरा इकट्ठा करने को लेकर जिले में अब तक कुल 66 वाहनों का क्रय किया जा चुका है। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी वाहनों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने, चालकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ओडीएफ प्लस गतिविधियों को और भी प्रभावी तरीके से जिले में संचालित करने को लेकर उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित संबंधित अन्य अधिकारियों को प्रखंड स्तर पर गठित जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का नियमित आयोजन करने एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।ओडीएफ प्लस के उपरांत बैठक के दौरान उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत जिले में अब तक हुए जलापूर्ति कनेक्शन की जानकारी ली। इस संबंध में उपायुक्त ने दिसंबर माह तक अनिवार्य रूप से जल जीवन मिशन के तहत लक्षित सभी घरों तक नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने तथा लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## लोधमा गांव में धूमधाम से मनाया गया मंडा पूजा महोत्सव

**भोक्ताओं ने पीठ पर कील ठोक झूलन झूले,आग में नंगे चल कर दी आस्था का परिचय**

**रजरप्पा।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के लोधमा गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडा त्योहार धूमधाम से मनाया गया, इस मौके पर रात्रि में छउ नृत्य संस्कृति कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि रघु यादव, विशिष्ट अतिथि शंभू बेदिया एवं बबलू यादव के द्वारा संयुक्त रूप से,सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का विधिवत अतिथियों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया, मौके पर देर रात पुरुलिया बाघमुंडी एवं बांकुड़ा की कलाकारों द्वारा मुखौटा पहनकर एक से बढ़कर गीत और नृत्य प्रस्तुत किया जिसका आनंद ग्रामीणों ने रात भर खूब लिया,शनिवार के सुबह दर्जनो भोक्ताओं द्वारा लहलहाते आग के अंगारों पर चल कर दी शिव शक्ति एवं आस्था की परीक्षा, तत्पश्चात दर्जनों शिव भक्तों ने 20 फीट की ऊंची झूलन झूलकर भगवान भोले के प्रति आस्था रखा गया, इस मौके पर धनेश्वर यादव भानु यादव प्रकाश यादव गोपाल यादव, मदन यादव,सुरेश यादव, देवनंदन बेड़िया हीरा गोप, शैलेंद्र यादव अरविंद यादव राजू यादव नरेश बेदिया दिलीप यादव, राजू यादव,अजीत यादव, नरेश बेदिया मनोज यादव, गंजलाल यादव,त्रिभुवन बेदिया झरी बेदिया गोपाल यादव ललकु बेदियाआदि दर्जन लोगों का योगदान रहा।

# ग्राम संपत्ति पोर्टल से संबंधित उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गुमलाः** जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं अथवा निर्माण कार्यों की पारदर्शिता को बनाए रखने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से ₹ग्राम संपत्ति₹ नामक ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत की गई है। जिसमें विभिन्न विभागों अंतर्गत जिले में किए जाने वाले निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति, पूर्व में हुए निर्माण कार्यों की जानकारी सहित एजेंसी एवं किस वर्ष में कौनसे निर्माण कार्यों को पूर्ण किया गया है से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी, जिसे आम नागरिक भी देख सकते हैं एवं अपना फीडबैक भी दे सकेंगे। इसके अलावा विभागों द्वारा अपडेटेड डाटा अनुसार किसी भी निर्माण कार्य में डुप्लीकेसी की संभावना भी खतम हो सकेगी। साथ ही पोर्टल में अपडेटेड डाटा के अनुसार निमार्णाधीन कार्यों की स्थिति को भी मॉनिटर किया जा सकेगा। जिले में संचालित ग्राम संपत्ति योजना के तहत जिले के सभी सरकारी भवनों अथवा किसी भी योजना अंतर्गत हुए किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यों के समीप एक दफ उङ्गीं भी लगाएं जा रहें हैं एवं उक्त दफ उङ्गीं को स्कैन कर-के कोई भी व्यक्ति उक्त भावन/ निर्माण कार्यों से जुड़े सम्पूर्ण जानकारी को प्राप्त कर सकेंगे एवं उक्त भवन /निर्माण कार्य से संबंधित अपने फीड बैक तथा समस्याओं को भी अपलोड कर सकेंगे, अपलोड किए गए फीडबैक/ शिकायत सीधे संबंधित विभाग के को दिखेगा एवं उस समस्या का निदान किया जाएगा जिसकी मॉनिटरिंग जिला स्तर पर उपायुक्त के द्वारा की जाएगी। इसी क्रम में आज शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में ग्राम संपत्ति योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी,संबंधित इंजीनियरिंग विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

### आकांक्षी प्रखंड डुमरी कार्यक्रम से संबंधित उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**गुमला।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आकांक्षी प्रखंड डुमरी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आकांक्षी प्रखंड डुमरी के अंतर्गत अलग-अलग विभागों द्वारा किए जाने वाले ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डुमरी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न संकेतकों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालयों की स्थिति तथा छात्रावास की स्थिति की समीक्षा की। इसी प्रकार डुमरी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अलग-अलग संकेतकों के अनुसार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कृषि तथा पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण, खरीफ तथा रबी फसलों की उत्पादकता, सिंचित क्षेत्र, पशु टीकाकरण आदि की भी समीक्षा की। इस दौरान उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी सहित अन्य संबंधित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## सीसीएल सुरक्षा विभाग ने अरगड्डा सीएसएस 36 क्वार्टरो का किया सर्वे



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**8 से अधिक क्वार्टर में है अवैध कब्जा, होगी कार्रवाई**

**गिद्दी।** सीसीएल अरगड्डा जीएम ऑफिस मुख्यालय के द्वारा दबाव बनाने के बाद स्थानीय सिरका प्रबंधन क्वार्टर कब्जा मुक्त कराने को लेकर हरकत में आया है। शनिवार को सीसीएल सिरका सुरक्षा विभाग के द्वारा 36 सीएसएस क्वार्टरो का सर्वे किया गया। सूत्रों ने बताया कि करीब 8 सीएसएस क्वार्टर में अवैध रूप से कब्जा जमा रखा गया है, जिसे लेकर आगे प्रबंधन निर्देश पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, बतलादे कि अरगड्डा दुर्गा मंडप, रोलर चौक समेत आस-पास के कॉलोनी क्षेत्र में क्वाटरो पर अवैध कब्जा की खबरों के सामने आने के बाद सोया प्रबंधन नींद से जाग उठा. इसके बाद से ही चरणबद्ध कार्रवाई हो रही है. अरगड्डा में सीएसएस क्वार्टर स्कूटी अधिकारी कैटिगरी को दिया जाता है. जिसमें भी कब्ज के बादल मंडरा रहे है। हजारो के कीमत पर बिचौलिए सौंदा कर रहे है. दिलचस्प यह भी है कि क्वाटरो के सामने बोर्ड भी बदलते जा रहे है. जिसकी जांच कर समुचित कारवाई भी होनी चाहिए. बहरहाल अरगड्डा क्षेत्र के चौक चौराहो, ऑफिस में चचाएं लगातार हो रही है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया-थाना परिसर बसिया में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता एस डी पी ओ नाजिर अखतर ने की बैठक में बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे। बैठक में क्षेत्र में बच्चो में नशापान के बढ़ते प्रयोग पर रोक लगाने की मांग शांति समिति के सदस्यों ने की। साथ ही हाई स्पीड बाहनों के प्रयोग पर रोक लगाने की मांग की गई। मौके पर थाना प्रभारी पुनीत मिंज सी ओ नरेश मुंडा एस आई संजय कुमार मोहन सिंह बिनोद टोप्पो चामा राम अभय चौधरी अलीम खान कलीम अहमद शुशील होता राज कुमार गुप्ता मुंतजिर खान बादशाह खान शेरशाह खान शेखरेयसत सतार खान नवीन मिश्रा अलीम खान जगदेव नायक अजय पाठक आदि उपस्थित थे।

## वाणिज्यकर इन्वेंशन ब्यूरो (आइवी) द्वारा, तिरुपति स्टील दुकान में छापामारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**उक्त रिपोर्ट वाणिज्यकर आयुक्त को समर्पित किया जाएगा**






**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित पालकोट रोड़ गुरुद्वारा के समक्ष स्थित तिरूपति स्टील दुकान गुमला के मालिक अभिनव महेश्वरी के दुकान और गोदाम में वाणिज्यकर इन्वेंशन ब्यूरो के उच्च पदाधिकारीयों के आदेशानुसार छापामारी की गई , आईबी के पांच सदस्य दल के आईपीएस पदाधिकारियों द्वारा लगातार चार से पांच घन्टें तक तिरुपति स्टील दुकान गुमला के मालिक अभिनव माहेश्वरी से गहराई से छानबीन और पुछताछ करते हुए उक्त छापामारी किया गया, तिरुपति स्टील दुकान और गोदाम से संबंधित विशेष महत्वपूर्ण , दस्तावेजों जैसे , जीएसटी , इनकम , स्टॉक और सेल आदि से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की गई, जिसके कारण तिरुपति स्टील दुकान शुक्रवार को बंद रहा।

## कार्तिक उरांव पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक आयोजित



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत भरनो-प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में शनिवार को कार्तिक उरांव पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक अध्यक्ष किशोर साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर और प्रमुख पारस नाथ उरांव मुख्य रूप में उपस्थित हुए और उक्त पुस्तकालय को संचालित करने तथा पुस्तकालय स्थापना के उद्देश्य और उसके लक्ष्य के बारे में जानकारी दी गई। बीडीओ और सीओ ने संयुक्त रूप से पुस्तकालय संचालन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों से उक्त पुस्तकालय में छात्र छात्राओं की नामांकन, उपस्थिति, आय व्यय आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली और साथ ही साथ उक्त पुस्तकालय में छात्र छात्राओं का निबंधन कराने और पुस्तकालय संचालन में होने वाली समस्यों के बारे में जानकारी लेकर, उसका निदान के बारे में बताया गया। साथ ही साथ अन्य अनेक बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया, इस मौके पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह,सीओ अविनाश कुजूर,प्रमुख पारस नाथ उरांव,अध्यक्ष किशोर साहू,सचिव शिव केशरी,सदस्य अभिषेक गुप्ता,सुशिल उरांव,पीके सिंह,बालकृष्ण उरांव,विमल बड़ाईक,अनिल गुप्ता,ओतीश कुमार साहू,मनोज लोहरा,पतित पावन शाही,दयानन्द कुमार,ललन राम,प्रतीक्षा केशरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी- थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई अध्यक्षता थाना प्रभारी लिखन हेंब्रम ने की बैठक में प्रभारी द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों से पर्व मनाने की तैयारी,नमाज अदा करने का समय सारणी सहित पर्व से संबधित जानकारी लिया गया जहां जामा मस्जिद बेलटोली में सुबह साथ बजे नमाज अदा की जाएगी थाना प्रभारी ने बकरीद पर्व भाईचारगी के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को कहा गया ।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स का उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** सीबीएसई, माइक्रोसॉफ्ट और टेक अवांट-गार्ड के सहयोग से, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने अपने परिसर में कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स का उद्घाटन किया। इस हाइब्रिड लर्निंग क्लासरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, प्रोफेसर डॉ. गोपाल पाठक, कुलपति, सरला बिरला विश्वविद्यालय और श्रीमती परमजीत कौर, प्राचार्या, सरला बिरला पब्लिक स्कूल द्वारा रिबन काटकर किया गया, जिसके बाद गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। इस मौके पर माता-पिता, छात्र और शिक्षकगण भी उपस्थित थे। कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स एक अभिनव शैक्षणिक पहल है जो सीबीएसई के प्रतिष्ठित पायलट प्रोजेक्ट के तहत डिजाइन की गई है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को उन्नत डिजिटल उपकरणों और सहयोगी शिक्षण प्लेटफार्मों के साथ एकीकृत करके क्रांतिकारी बदलाव लाना है। इस पायलट प्रोजेक्ट का लक्ष्य पारंपरिक कक्षा और विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य के बीच की खाई को पाटना है, जिससे छात्रों के लिए एक संलग्न और समावेशी शिक्षण अनुभव सुनिश्चित हो सके। अभिभावकगण इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर प्रसन्न थे उन्होंने स्कूल को शिक्षा प्रणाली में इस उन्नति को शामिल करने के लिए बधाई दी। इस परियोजना का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया गया। मुख्य अतिथि, प्रोफेसर डॉ. गोपाल पाठक ने कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स के उद्घाटन पर स्कूल को बधाई दी। उन्होंने इस क्रांति को बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने में सहायक बताया। उन्होंने छात्रों से आत्मानुशासित और आत्म-प्रेरित होने का आग्रह किया। प्राचार्या, श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि यह पहल स्कूल के आदर्श वाक्य ह्यतमसो माँ ज्योतिर्गमयह्य से मेल खाती है, जिसका अर्थ है ह्यअंधकार से प्रकाश की ओर बढ़नाह्य। कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स परियोजना तकनीक को शिक्षा में एकीकृत करना है ताकि छात्र तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल युग में भविष्य के लिए तैयार हो सकें। यह सुनिश्चित करते हुए कि छात्र इस तेजी से उन्नत हो रहे डिजिटल युग में भविष्य के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज की दुनिया तेजी से तकनीकी प्रगति द्वारा संचालित हो रही है, और छात्रों को इस तकनीकी वातावरण में मार्गदर्शन करने और सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना स्कूल की जिम्मेदारी है।

## छत से गिरकर व्यक्ति की मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना के कुरुमढोलशेरा ग्राम निवासी 39 वर्षीय माहीनाथ सिंह अपने घर के छत पर सोया हुआ था और गहरे निंद में होने के कारण उक्त व्यक्ति छत से नीचे गीर गाय और घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत। जिसकी जानकारी देर रात्रि में पड़ोसियों द्वारा दी गई, आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिये पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां स्वास्थ्यकर्मियों ने उसे मृत घोषित कर दिया, बाद में उक्त घटना की सूचना पालकोट थाना पुलिस को दी गई, उक्त सूचना मिलते ही पालकोट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, एस. आई. रामचंद्र यादव अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर, गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी और उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

# विदेशी एजेंसियों और विरोधियों के दुष्प्रचार से भ्रमित हुए मतदाताः रविंद्र राय

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**-खूंटी संसदीय सीट पर हुई हार पर भाजपा नेताओं ने किया मंथन**

संसदीय चुनाव के दौरान खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी रहे पूर्व सांसद रविंद्र राय ने कहा कि विदेशी एजेंसियां भारत में हो रहे सांस्कृतिक परिवर्तन से चिंतित हैं। यही कारण है कि भाजपा उम्मीदवार को परास्त करने के लिए उन्होंने संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने जैसा दुष्प्रचार किया और इस क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीण उनके भ्रमजाल में आ गये। विरोधी खासकर कांग्रेस और झामुमो दुष्प्रचार करने में सफल रहे। यही कारण है कि झारखंड की सुरक्षित सभी पांच सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों को पराजय का सामना करना पड़ा।

रविंद्र राय शनिवार को तोरपा के विधायक कोचे मुंडा के ममरला स्थित आवासीय परिसर में आयोजित खूंटी लोकसभा स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विदेशी एजेंसियों द्वारा महीनों से आादिवासियों के बीच पर्चा बांटा गया, जिसमें कहा कि



मोदी सरकार ने धारा 370 को जिस प्रकार खत्म कर दिया, उसी प्रकार झारखंड की अनुसूची पांच और छह में मिले आदिवासियों के अधिकार को भाजपा सरकार समाप्त कर देगी और संविधान को भी खत्म कर देगी।

राय ने कहा कि विदेशी एजेंसियां महीनों से इस दुष्प्रचार में लगी थी। उन्होंने कहा कि गांव के भोले-भाले लोगों को बरगलाया गया। विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर कांग्रेस और झामुमो ने दुष्प्रचार किया। ऐसी शक्तियों द्वारा समाज को भ्रमित करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह परिपाटी रही है कि हार हो जीत, चुनाव परिणाम की समीक्षा की जाती है और वरिष्ठ कार्यकताओं की राय ली जाती है। साथ ही कहा कि बैठक के दौरान हार की समीक्षा की जा रही है और उसमें सुधार किया जायेगा।

राय ने कहा कि अभी हमें बहुत जल्द विधानसभा चुनाव में जाना है। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। चुनाव के दौरान संगठन की निष्क्रियता से इनकार करते हुए रविंद्र राय ने कहा कि जो भी वोट मिले हैं, वे समर्पित कार्यकताओं की बदौलत ही मिले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के कार्य में लगी है और हम निरंतर प्रस्तुति और परिस्थति की समीक्षा करते हैं।

इस मौके पर भाजपा के संगठन महामंत्री कमवीर सिंह, राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक कोचे मुंडा, पूर्व मंत्री बिमला प्रधान, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, अरुण चंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता, भगीरथ राय, शशांक शेखर राय, विनोद भगत, रामानंद साहू, लक्ष्मण बड़ाईक, पुरेन्द्र मांझी, रामध्यान सिंह, श्रद्धानंद बेसरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### रांची उपायुक्त ने सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का सख्ती से निरीक्षण करने का दिया निर्देश

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक की। उपायुक्त ने वैसे क्लीनिक जो अनिबंधित हैं और कोई अप्रशिक्षित व्यक्ति अल्ट्रासाउंड का कार्य कर रहा है, उस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी अल्ट्रासाउंड संस्थान का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों दिया ।उन्होंने कहा कि लिंग निर्धारण करने वाले क्लीनिक पर पीसी एंड पीएनडीटी प्रावधान के तहत कार्रवाई करें, जिसमें पांच वर्ष जेल एवं 50 हजार रुपये दंड का भी प्रावधान है।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर

**रांची ।**मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने 15.06.24 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर कोकर स्थित फ्रेंड्स मोटर्स (यामाहा शोरूम) मे आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर मे 15 लोगो ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना सहयोग दिया ।कार्यक्रम के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, यश गुप्ता एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### हॉस्पिटल में चोरी करते पकडाया दो चोर

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया रिंग रोड स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल में शुक्रवार की रात बोर्ड की चोरी करते दो चोरों को रंगे हांथ पकड़ लिया गया. जानकारी अनुसार दोनों चोर हॉस्पिटल में लगे पिछले गेट से अंदर प्रवेश कर गए एवं अंदर रखे बोर्ड को चोरी कर ले जा रहे थे. ठीक उसी समय गस्ति कर रही पीसीआर की टीम ने दोनों को पकड़ लिया और पुछ-ताछ की तो दोनों ने बताया की हॉस्पिटल से चोरी कर भाग रहे हैं. मामले को लेकर ट्यूलिप हॉस्पिटल प्रबंधन ने रातू थाना में लिखित शिकायत की है.

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता बागीचा के पास अवैध रूप से बिक्री के लिए खड़ी दो ट्रैक्टर बालू को मुख्यालय (टू) डीएसपी अरविंद कुमार ने शनिवार की सुबह जप्त कर लिया.

जानकारी अनुसार डीएसपी क्षेत्र में घूम रहे थे, इसी क्रम में उन्हें दो ट्रैक्टर बालू दिखाई दिया. जब दोनों ट्रैक्टर के चालक को बुलाकर उन्होंने बालू से संबंधित कागजाद और चालान की मांग की तो वो कोई कागजाद नहीं दिखा पाए. डीएसपी ने दोनों ट्रैक्टर के चालक समेत बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर लिया. पुलिस हिरासत में लिए गए चालक दिवाकर मुंडा एवं संतोष कुमार महतो ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के सोबा गांव के रहने वाले हैं. समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी.

# महाधिवक्ता राजीव रंजन बने खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**खूंटी में क्रिकेट के विकास के लिए होगा कामः राजीव रंजन**

झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के नये अध्यक्ष बनाये गये हैं। खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन की शनिवार को विशेष आमसभा बसंत कॉम्प्लेक्स में हुई, जिसमें एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में राजीव रंजन के नाम पर मुहर लगायी।

उल्लेखनीय है कि निवर्तमान अध्यक्ष एसबी सिंह ने व्यस्तता के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

इस अवसर पर राजीव रंजन ने कहा कि खूंटी जिले में क्रिकेट का विकास तेजी हो तथा यहां के खिलाड़ी हर फॉर्मेट राज्य एवं देश का प्रतिनिधित्व करें। इसके लिए समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है, उसे पहचान कर तरासने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खूंटी में जेएससीए की एकेडमी स्थापित करने के लिए क्रिकेट मैदान बनाया जायेगा। मैदान के लिए जमीन का चयन किया जा रहा है ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष का एसोसिएशन के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक के बाद अध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारी डीसी लोकेश मिश्र से मिले। अध्यक्ष ने डीसी से स्टेडियम के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। डीसी ने जल्द जमीन उपलबध कराने का आश्वासन दियाइस मौके पर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एसबी सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन कुमार, सचिव अवधेश कश्यप, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, अजित जायसवाल, प्रवीण कुमार श्यामसुंदर कच्छप, देवा हस्सा, सुनील मिश्रा, मनोज जैन, विकास मिश्रा, अरुण मिश्रा, सोनू महतो, रोबर्ट, सुधांशु आदि उपस्थित थे।

# रांची में छिनैती गिरोह के दो शातिर अपराधियों सहित एक दुकानदार गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना की पुलिस ने छिनैती गिरोह के दो शातिर अपराधियों सहित एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में चोरी के जेवर खरीदने वाले दुकानदार अश्वनी प्रकाश गुप्ता, मोहम्मद उमर और मोहम्मद प्रिंस शामिल हैं। इनके पास से गलाया हुआ सोना 16.40 ग्राम, सोना चेक करने वाला पत्थर, 11 हजार नकदी, कपड़ा और बाइक बरामद किया गया है।एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत पांच जून को रातू रोड निवासी मनोज कुमार सिंह की पत्नी



गीता सिंह सेंटेविटा अस्पताल के पीछे से जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने इनके गले से सोने का चेन छीन कर भाग गए। अनुसंधान के कम में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की गई।अनुसंधान के दौरान यह बात प्रकाश में आई कि अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के लिए जिस बाइक का उपयोग किया है वह बाइक को पथलकूदवा से चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। दोनों से पूछताछ के आधार सोने की चेन खरीदने वाले अश्वनि प्रकाश गुप्ता के फिरायालाल चौक स्थित दुकान से गलाया हुआ सोना बरामद किया गया। दुकानदार ने भी स्वीकारोक्ति में चेन खरीदने की बात को स्वीकार की।

# सीआईडी ने साइबर ठगी के आरोपित को असम से किया गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने साइबर ठगी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित फरहादुर रहमान की गिरफ्तारी असम के धुबरी जिले स्थित फकीरगंज थाना क्षेत्र से हुई है। इसके पास से मोबाइल और दो सिम बरामद हुए हैं।

डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। महिला से कहा गया कि आपको इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर



स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया गया है। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला।

इसके बाद साइबर अपराधी ने महिला को टेलीग्राम आईडी @Alyssa के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया गया। इस टेलीग्राम प्रोफाईल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। इसके बाद उनसे एक वेबसाइट अकाउंट बनाने बोला गया, जहां महिला के द्वारा किये गये इन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट दिखाई देता था लेकिन महिला को प्रॉफिट नहीं मिला। इस प्रकार से महिला से कुल 29 लाख 94 हजार 50 रुपये की ठगी कर ली गई।

डीएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में मामले में प्रयुक्त फर्जी इन्वेस्टमेंट वेबसाइट का आईपी ऐड्रेस सिंगापुर, चीन, टोक्यो और जापान का पाया गया। साथ ही फाइनेंशियल ट्रेल एनालिसिस में फेक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड रैंक अकाउंट दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश के बैंक खाता पाया गया।

इसमें करोडो रुपये के ट्रांजेक्शन किये गये थे। जांच में इन बैंक खाताओं से हुए ट्रांजेक्शन के आईपी ऐड्रेस का मूल स्थान हांगकांग एवं चीन में पाया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड में सभी बैंक खाताओं में कुल नौ लाख 36 हजार को फ्रीज करवा दिया गया।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में इसी मामले में रवि शंकर और वीरेंद्र की गिरफ्तारी सीआईडी की टीम ने

## कुवैत अग्निकांड में मृत अली हुसैन का शव लाया गया रांची

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**उपायुक्त ने परिजनों को सौंपा पांच लाख का चेक**

कुवैत अग्निकांड में मृत मोहम्मद अली हुसैन का शव शनिवार को रांची एयरपोर्ट पर लाया गया। शोक संतप्त परिजनों के साथ उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे।

उन्होंने मोहम्मद अली हुसैन के परिजनों से बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा प्रशासन आप सभी के साथ है।

# ईडी के समन की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोर्ट में नहीं हुए पेश

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची, ।** ईडी के समन की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए। इस मामले में हेमंत सोरेन की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ईडी ने कोर्ट में एक आवेदन दिया है। ईडी के इस आवेदन पर अदालत 28 जून को सुनवाई करेगा।

आवेदन में ईडी ने अनुरोध किया है कि आरोपित हेमंत सोरेन अभी जेल में हैं। उनकी इस मामले में उपस्थिति दर्ज कराई जाए। इस आवेदन के आलोक में बिरसा मुंडा जेल अधीक्षक के पास पत्र लिखा गया है। इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने



यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।

पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति चौथी बार सीजेएम कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है।

**क्या है मामला**

ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में ईडी ने 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था।

सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया गया था। आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। ईडी का कहना है कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है।

## रांची में सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची, ।** सदर थाना पुलिस ने सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ के एक गिरोह का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में छत्तीसगढ़ के अरमान नामदेव, करण नामदेव, ललित सोनी और प्रत्यूष श्रीवास्तव शामिल हैं। इनके पास से 25 एटीएम, एक लैपटॉप, सात चेक बुक, 24 पासबुक, दो आई फोन सहित 22 मोबाइल, सिम कार्ड, चार्जर सहित अन्य सामान बरामद किए गए है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि साइबर अपराधियों को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन में और सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सदर थाना क्षेत्र के लीची बगान स्थित ईशा अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 101 में छापेमारी की ।छापेमारी के दौरान संदिग्ध अवस्था में चार व्यक्ति को लैपटॉप, एटीएम कार्ड, मोबाईल एवं सीम कार्ड का उपयोग कर एनीडेस्क और अन्य एप्प के माध्यम से ऑनलाईन सट्टेबाजी कर ठगी करते पाया गया।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के बड़ा तालाब की सफाई के लिए मशीन खरीदने के दिए निर्देश

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने शनिवार को बड़ा तालाब का निरीक्षण किया। तालाब का पानी दूषित होने पर उन्होंने रांची के उपायुक्त को मौके पर बुलाया और इसे अविलंब ठीक करने को कहा। इस तालाब की गंदगी को साफ करने के लिए जो मशीन की आवश्यकता है वह रांची नगर निगम के पास उपलब्ध नहीं होने की बात कही गयी।

रक्षा राज्य मंत्री ने मौके पर सीसीएल के सीएमडी से बात कर सीएसआर फंड से सफाई करने वाली नई मशीन उपलब्ध कराने को कहा। इसकी कीमत छह से सात करोड़ रुपये है। इसे सीएमडी ने तुरंत स्वीकार कर अविलंब देने की बात कही। मंत्री ने रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को कहा कि जल्द कागजी प्रक्रिया पूरा कर सीसीएल के सीएमडी को दें ताकि यह मशीन खरीदी जा सके। इस दौरान मंत्री रांची झील समिति बचाओ अभियान समिति के लोगों से भी मिले एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए।

इस मौके पर पूर्व सांसद अजय मारू, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, चुन्नू मिश्रा, मुकेश ,नंदू अरोड़ा, अमन जयसवाल सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि बड़ा तालाब के बदबू से लोग परेशान हैं। इसे लेकर लगातार लोग प्रदर्शन कर रहे हैं।

**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
**JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com**

**e-Procurement Notice - 2nd Call**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Strengthening of 35 Newly upgraded +2 High Schools located in 05 different District of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 11.07.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

Ref. No.: JEPC/CIV/03/803/2023/2043 Ranchi, Date : 13 .06.2024

PR 326471 Jharkhand Education Project Council(24-25)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0– 03/2024–25

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना वर्ष 2024–25 अंतर्गत निर्गत विभागीय राज्यादेश सं0 – 04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के द्वारा राँची जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को मत्स्य बीज की निकासी एवं बिक्री हेतु फिश फ्राई कैचिंग जाल वितरण किया जाना है। उक्त की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम :–जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।
2. अग्रधन राशि :– 25,000/– (पच्चीस हजार) रू0 का जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के नाम से राँची में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरण्डा ,राँची।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.06.2024 को 02:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खुलने का स्थानः– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 24.06.2024 को 04:00 बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
राँची।

PR 326630 Fish(24-25)D

समाहरणालय, सिमडेगा
(जिला समाज कल्याण शाखा)
**Email ID – awc5.monitoring@gmail.com**

–: आम सूचना :–

सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या – 2033 दिनांक 05.09.2022, संशोधित संकल्प ज्ञापांक 344 दिनांक 18.02.2023 एवं संशोधित संकल्प ज्ञापांक 3217 दिनांक 20.12.2023 में निहित शर्तों एवं मार्ग निर्देश के आलोक में राज्य योजना अन्तर्गत संचालित सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत् कक्षा 8 से 12वीं एवं 18–19 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का प्रावधान है। जिसके तहत कक्षा 8वीं से 9वीं में 2500, कक्षा 10वीं, 11वीं तथा 12वीं में 5000 एवं 18–19 वर्ष के आयु की किशोरी बालिकाओं को एकमुश्त 20000 रूपये का भुगतान किया जाता है।

विभाग द्वारा संबंधित योजना से शत् प्रतिशत योग्य लाभार्थियों (बालिकाओं) को आच्छादित करने तथा योजना में पारदर्शिता एवं सुगमता के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अहर्ताधारी बालिकाओं के अभिभावकों एवं आमजन हेतु एक ऑन लाईन पोर्टल https://savitribaipksy.jharkhand.gov.in की शुरूआत राज्य सरकार द्वारा की गई है, जिसका उपयोग कोई भी योग्य लाभार्थी सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभ लेने हेतु आसानी से आवेदन कर सकते है।

संबंधित पोर्टल पर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए आवेदन भरने से लेकर स्वीकृति एवं भुगतान की स्थिति का अनुश्रवण करने में अभिभावकों को आसानी होगी, तथा योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता रहेगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 326649 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)D

कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अल्पकालिन आमंत्रण सूचना
अति अल्पकालिन सूचना संख्या –**NIT/RGH/NP/06/2024-25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा निकालने वाले पदाधिकारी | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़। |
| 2. | निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांकः 15.6.2024 |
| 3. | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि | :– | दिनांकः 24.06.2024 अपराहन 04:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट | :– | केवलई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान | :– | दिनांकः 25.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| | मद का नाम | :– | 15वे वित्त आयोग (urban health & wellness center) |
| 6 | हेल्पलाईन नं0 | :– | 9962405690 8130016531 |

नियम एवं शर्तें :–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. निविदा में भाग लेने हेतु आपूर्तिकर्त्ता का Medicine Supply हेतु आवश्यक लाईसेंस होना अनिवार्य है।
3. निविदा में भाग लेने वाले आपूर्तिकर्त्ता का GST Registration अनिवार्य है।
4. आपूर्तिकर्त्ता को सूची के अनुसार ही दवा की दर MRP के साथ–साथ Quatation दर अंकित करना होगा।
5. आपूर्तिकर्त्ता को काली सूची में नहीं होने का स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा। निविदा को बन्द लिफाफे में दिनांक–21.06.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय में समर्पित करना होगा।
6. दवाओं की आपूर्ति के समय से कम से कम दो वर्ष का Expiry Date होना आवश्यक है।
7. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।
8. निविदा को बिना कारण बताए रद्द करने अथवा संशोधन करने का अधिकार इस कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तों को कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 326662 District(24-25).D

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बिजली कटौती, लॉ वोल्टेज और अन्य समस्याओं को लेकर सांसद ने अधिकारियों संग की बैठक

## जल्द सुधार करने का दिया दिशा निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में प्रचण्ड गर्मी के बावजूद व्याप्त बिजली की आंख- मिचौली और अव्यवस्था को लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित में पहल करते हुए शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की और क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या और बिजली से संबंधित अव्यवस्था के त्वरित समाधान का दिशा- निर्देश दिया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री जायसवाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, शहरी क्षेत्र में लॉ- वोल्टेज, विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु अतिरिक्त ग्रीड निर्माण की दिशा में पहल करने, विभिन्न क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदले जाने, नए बस्तियों में तत्काल विद्युतीकरण कराने, आवश्यकता अथवा उपभोक्ता की की व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने जैसी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे गंभीरता से लेकर पहल करने का दिशा- निर्देश दिया। मनीष जायसवाल ने बताया की बिजली कटौती और लॉ वोल्टेज के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है

जिसे लेकर रामगढ़ और हजारीबाग जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर जनहित में कई सुझाव दिए गए हैं अगर जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाकर कार्य करेंगे। मौके पर विशेष रूप से बिजली विभाग के जीएम दिनेश कुमार सिंह, इएसई हजारीबाग अशोक कुमार उपाध्याय, इएसई रामगढ़ संतोष कुमार सिन्हा, ईई हजारीबाग अंगेश कुमार, ईई रामगढ़ देश राज, ईई कुजू नवलेश कुमार, एसडीओ हजारीबाग सौरभ लिंडा, एसडीओ रूरल अरविंद कुमार, एसडीओ महेश प्रजापति सहित अधिकारी शामिल हुए।



### आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की आयोजित बैठक रांची में आज



हजारीबाग। आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशनुसार रविवार 16 जून 2024 को 11:00 बजे से आजसू पार्टी की केन्द्रीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक राँची में आयोजित की गई है। केन्द्रीय समिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में आजसू पार्टी के गिरिडीह लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, सभी विधायक, सभी केन्द्रीय नेतागण मुख्य रूप से शामिल होंगे ! इस बैठक में आजसू पार्टी की भविष्य के कार्यक्रम का निर्धारण होगा और आगे की रणनीति पर निर्णय लिया जाएगा।आजसू पार्टी की केन्द्रीय समिति की इस बैठक में आजसू पार्टी के सभी केन्द्रीय पदाधिकारी एवं केन्द्रीय सदस्य, सभी जिला अध्यक्ष / जिला प्रधान महासचिव को और सभी अनुसंगी इकाइयों को भी आमंत्रित किया गया है। सभी पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि केन्द्रीय समिति की बैठक में समय पर शामिल होने की कृपा करें।

### प्रदेश महामंत्री का सांसद मनीष ने हजारीबाग में किया स्वागत

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात भाजपा द्वारा आयोजित लोकसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक के निमित हजारीबाग पंहुचे झारखंड प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियरी विधायक अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने पैराडाइस रिसॉर्ट सभागार में मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में उनका स्वागत किया। झारखंड प्रदेश के भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने मनीष जायसवाल के प्रचंड जीत पर उन्हें बधाई दिया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के समस्त एनडीए कार्यकताओं और मतदाताओं के प्रति आभार जताया।



### बराकर पुल के समीप बनेगा श्मशान शेड, बच्छई व सिंघरावां के भाजपा नेताओं को सांसद ने दिया भरोसा

**चौपारण।** बच्छई व सिंघरावां के दर्जनों भाजपा नेताओं ने सांसद मनीष जायसवाल से किया शिष्टाचार मुलाकात। सांसद को जीत की बधाई देते हुए सिंघरावां, बच्छई पंचायत के दर्जनों गाँव के प्रमुख जनसमस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने जल्द ही सभी जनहित समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने बताया कि सांसद महोदय ने बराकर पुल के समीप श्मशान शेड व एक बोरिंग की मांग जल्द पूरा करने का वादा किया है। श्री रजक ने बताया कि दर्जनों गांव का शव बराकर में जलाया जाता है। यहां आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनहित में श्मशान शेड बहुत जरूरी है। मौके पर भाजपा नेता राजेन्द्र चनद्रवंशी, देवल यादव, सहदेव प्रसाद यादव, जन्मजेय सिंह, राजेश रवानी, बिरेन्द्र चनद्रवंशी, दिनेश यादव उर्फ गांधी जी, कपिल ठाकुर, राजेश यादव, बासुदेव यादव, बैजनाथ यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबर

### मुखिया ने अपने निजी खर्च से बनाया चापाकल, ग्रामीणों में खुशी



**बड़कागांव।** बड़कागांव मध्य पंचायत के भुइयां टोली में दशरथ राम के घर के पास मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह खान अपने निजी खर्च से चापाकल बनाकर लोगों को पानी आपूर्ति की। यहां पर चापाकल खराब हो जाने से लगभग डेढ़ सौ घर के लोगों को पानी पीने के लिए दिक्कत हो रही थी। जब इसकी सूचना मुखिया के पास पहुँची तो उन्होंने अपने निजी खर्चे से बनवाया। मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह ने कहा कि झारखंड सरकार खराब चापानल के लिए मुखिया के फंड में पैसे नहीं भेजती है। ऐसी हालत मे झारखंड के मुखिया अपने क्षेत्र के चपकलों की मरमती कैसे करें। ग्रामीणों को मालूम नहीं रहता है कि मुखिया के फंड में चापाकल स्थापित करने एवं निर्माण करने के लिए कोई फंड नहीं रहता हैं। मौके पर बसंत राम, राजूराम, डेगन राम, मैनेजर भुइयां, वीरेंद्र राम, आशीष राम, संजीत सावन आदि उपस्थित थे।

### सेविका की लापरवाही से घंटो आंगनबाड़ी केंद्र में बंद रहा बच्चा

**चरही।** हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड क्षेत्र के चरही स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका तीन साल के मासूम बच्चा को कमरे में बंदकर घर चली गईं। आंगनबाड़ी की सेविका और सहायिका ने सुबह आंगनबाड़ी को खोला। 11 जून को करीब 10.30 बजे ताला बंदर घर चले गए। इधर जब बच्चा घंटो घर नहीं पहुंचा तब परिजन उसकी खोजबीन करते हुए आंगनबाड़ी पहुंचे। परिजन द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी बच्चा नही मिला तो बच्चा अमर कुमार माहतो के मा ने सेविका पूनम कुमारी को फोन किया गया। फोन करने के बाद भी सेविका द्वारा बच्चा के मा सोनी देवी को काफी सुना दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के पास खिड़कियों से सुनने पर आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर से बच्चा की रोने की आवाज आ रही थी। तीन घंटे तक अंदर बच्चा रोता रहा लेकिन कोई सुध तक नही लिया। बसी सेविका को दुबारा फोन कर सूचना देकर केंद्र खोलकर बच्चा को निकाला गया। गनीमत यह हुआ की बच्चा के माता-पिता उसे ढूंढते हुए आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे और लगभग तीन घंटे बाद बच्चा को बंद कमरे से बदहवास हालत में बाहर निकाला गया। मानवता को शर्मसार कर देने वाली यह घटना चरही स्थित लालबंगला आंगनबाड़ी केंद्र का है। कक्ष के अंदर बच्चा बदहवास अवस्था मिला। बच्चा का रो-रोकर बुरा हाल हो चुका था। बच्चा को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सास ली। परिजनों द्वारा इसकी शिकायत सीडीपीओ व बीडीओ करने की बात कही गयी है।

### बरही थाना में शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# अफवाह न फैलाए, सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर:चन्द्रशेखर कुमार

उज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बकरीद त्योहार शांतिपूर्वक मनाने को लेकर बरही थाना में शनिवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ रामनारायण खलखो एवं संचालन थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने किया। बैठक में कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से हर साल की तरह इस साल भी शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने की लोगों से अपील की गयी। बैठक में मौजूद विभिन्न हिंदू संगठन और मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। सीओ रामनारायण खलखो ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारा का पर्व है। बकरीद त्योहार में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना फैले जिससे की शांति और सौहार्द बिगड़े ऐसा सभी लोग ध्यान दें। आगे उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी ना करें अन्यथा जानकारी होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि बकरीद को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सभी लोग आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनायें। कहा कि किसी भी सूरत में अफवाह फैलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट करता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष मो इकबाल रजा, जिप सदस्य प्रीति कुमारी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कैयूम, डोमन पांडे, तौकीर रजा, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, विधायक उम्मीदवार केदार यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, पुरन राम, यमुना यादव, तौकीर रजा, सामाजिक कार्यकर्ता मो तस्लीम, पप्पू खान, शशि गुप्ता, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, टेकलाल यादव, रिजवान अली, तोखन रविदास, डीलो पासवान, बंधन यादव आदि उपस्थित रहे।



### आपसी भाईचारे का त्योहार, प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर प्रतिबंध : रामनारायण खलखो

### सेवा सहयोग समिति का हर्ष अजमेरा ने किया उद्घाटन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**दारू ।** प्रखंड क्षेत्र में अपने सहयोग और समर्पण के लिए जाना पहचाना नाम है सेवा सहयोग समिति । हर्ष अजमेरा द्वारा चलाया गया यह संस्था चाहे शिक्षा हो या पेय जल की समस्या। यह संस्था सटीक एक्शन लेती है। बसरते एक दरखास्त लिख कर सेवा सहयोग समिति के कार्यालय में जमा करना है । इस काम के लिए लोगो को हजारीबाग कार्यालय जाना होता था । प्रखंड क्षेत्र के लोग इस कार्यालय का मांग काफी समय से कर रहे थे प्रखंड वासियों के मांग पर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन रंजीत सिन्हा के घर के बगल में अरविंद कुमार सहाय और पुष्पा सिन्हा के द्वारा फीता काट कर किया गया । मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा , प्रमोद कुमार , ओमप्रकाश कुमार , बालेश्वर प्रसाद ,भैया अजीत कुमार और प्रखंड क्षेत्र के लोग उपस्थित थे ।

### शिक्षा के क्षेत्र में मैट्रिक प्रखंड टॉप छात्रा का पढ़ाई के खर्च उठाया हर्ष अजमेरा

### हॉस्पिटल चौक में सड़क किनारे अतिक्रमण से लगातार आम जन हो रहे परेशान

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़-गोमीया मुख्य मार्ग पर स्थित हॉस्पिटल चौक में सड़क के किनारे अतिक्रमण से जहाँ अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है और गाहे-बगाहे जाम भी लग जाता है। जिस वजह से मुसाफिरों को परेशानी झेलनी पड़ती है।विष्णुगढ़ सीएचसी एवं प्रखंड कार्यालय के कारण दूर-दराज के गांवों से लोगो का आना जाना होता है।जिससे इसके आसपास काफी भीड़ जमा रहती है। सड़क के किनारों पर दुकानदारों द्वारा काली सड़क के नजदीक सटा कर दुकान लगाने की वजह से जाम लगना आम हो गया है। हद तो तब हो गई जब विष्णुगढ़ सीएचसी की एम्बुलेंस मरीज को बेहतर उपचार हेतु हजारीबाग ले जा रही थी,तब वह जाम में फंस गई। सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाना स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है,परन्तु अभी तक मूकदर्शक बनी हुई है। देखना है कि प्रशासन इस जटिल समस्या से जनता को कब तक मुक्ति दिला पाती है।

### झुंड से बिछड़ा हाथी ने स्कूल की बाउंड्री वाल को तोड़ कर फसलों को रौंदा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव शुक्रवार की रात्रि को अचानक हाथियों के झुंड से बिछड़ा इकलौते हाथी ने फिर से बडकागांव में दस्तक दे दिया है। शुक्रवार की रात्रि इकलौते हाथी ने सांढ पंचायत के साड़कडीह गांव में संचालित साड़कडीह प्राथमिक सरकारी विद्यालय के दीवार को बुरी तरह तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया और भूखलेश महतो के कटहल को खा गया। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो हाथी तकरीबन 10:30 बजे रामेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो की फसल को रौंदतें हुए दुंदन्दुवा गड़ा होते हाथी महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव जंगल चला गया। हालांकि इस दौरान घर के बाहर बंधे मवेशियों को हाथी ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। वन विभाग के कर्मियों से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हाथी शाम तक महुदी पहाड़ जंगल में ही विचरण कर रहा था। इसे क्षेत्र से बाहर खदेड़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

# वन विभाग ने टोचन करते हुए दो ट्रैक्टर व 18 साइकिल अवैध कोयला लदा पकड़ा

उज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव वन विभाग के द्वारा शुक्रवार रात्रि को बड़कागांव रेंज आफिस के पास अवैध कोयला लदा 18 साइकिल को टोचन करते हुए दो पॉवरट्रैक ट्रेक्टर पकड़कर बड़कागांव वन कार्यालय ले जाया गया। यह कार्रवाई हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल डीएफओ सब्बा आलम के निदेर्शानुसार तथा हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार व बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह के नेतृत्व में किया गया। वहीं हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार ने कहा की अवैध कोयला धुलाई साइकिल, मोटरसाइकिल तथा ट्रैक्टर के द्वारा किया जाता है तो उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा अवैध कोयला कारोबार करने वाले लोगों को चिन्हित करके कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में मुख्य रूप से बड़कागांव वनरक्षी व अन्य वनकर्मी शामिल थें।



# अविनाश आर्या चन्द्रवंशी ने गरीब बहनों के विवाह की ली जिम्मेवारी, जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन की अपील

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश आर्या चन्द्रवंशी ने गरीब बहनों के सामूहिक विवाह का जो बीड़ा उठाया है। इस कार्य की जमकर तारीफ हो रही हैं। आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा बहनों के रजिस्ट्रेशन को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में टोटो में चोंगा, बैनर, पोस्टर एवं अन्य माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। संस्था के संस्थापक अविनाश आर्या चन्द्रवंशी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई बरही और चौपारण क्षेत्र के अत्यंत गरीब है, पैसे की तंगी के कारण अपनी बेटी या बहन की शादी नही करवा पा रहे है। अपने आस पास किसी ऐसे भाई या पिता को जानते है जो परेशान है और पैसे के कारण उनकी बेटी या बहन की डोली नही उठ रही है तो महालक्खी चेरिटेबल ट्रस्ट आपका साथ देगी। महालक्खी ट्रस्ट के फाउंडर अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने इसका बीड़ा उठाया है। 51 गरीब जोड़े के सामूहिक विवाह करवाने का जो 17 जुलाई 2024 को किया जाना है जो भी इच्छुक व्यक्ति है वो 10 जुलाई तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें। वही 10 अगस्त को मुस्लिम बहनों के लिए समय रखा गया है। बताया कि नव विवाहित जोड़े को शादी का जोड़ा, पलंग सेट, अलमीरा, बर्तन सेट साथ ही कुछ नगद राशि भेंट के रूप में दिया जाएगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर प्रचार प्रसार रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है। अगर आपके क्षेत्र में कोई ऐसे है जो आर्थिक तंगी से जूझ रहे तो कृपया उनका सूची बनाकर ट्रस्ट में दें और मोबाइल नंबर 7004141342 पर संपर्क करें।




### टोटो एवं अन्य माध्यमों से किया जा रहा है प्रचार प्रसार, 10 जुलाई तक होगा रजिस्ट्रेशन

# 19 से 20 जून तक बरही प्रखंड मैदान में 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** राज्य परियोजना निदेशक राँची झारखण्ड के निदेशानुसार 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 में भाग लेने के लिए प्रखण्ड बरही अन्तर्गत 19 जून से 20 जून तक प्रखण्ड स्तरीय खेल का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रखण्ड स्तरीय खेलकुद (सुब्रतो मुखर्जी) 19 जून से प्रातः 05 बजे से दोनो दिन प्रखण्ड मैदान बरही में खेला जाएगा। प्रखंड संसाधन केंद्र बरही द्वारा निर्गत पत्र के अनुसार सभी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को अपने विद्यालय के चयनित खिलाड़ियों का विहित प्रपत्र में सूचना बीआरसी बरही में दिनांक 18 जून को 12 बजे अपराह्न तक हर हाल में जमा करेंगे तथा प्रत्येक फॉर्म में प्रधानाध्यापक का हस्ताक्षर एवं मुहर होना अनिवार्य है। सभी प्रधानाध्यापक अपने खिलाडियों के साथ विद्यालय के शिक्षक की सुरक्षा में भेजेंगे। खिलाडी सभी जर्सी एंव बुट में आएंगे साथ ही अभ्यास के लिए अपने विद्यालय का फुटबॉल भीसील लेकर आएंगे। इस प्रतियोगिता के तैयारी के लिए जिम्मेवारियां भी सौंप दी गई है। बताया कि उद्घाटन के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप-प्रमुख, बीस सुत्री अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि इत्यादि को आमंत्रित किया जा रहा है।



## संक्षिप्त खबरें

### अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब की दुकान में लिया जा रहा है एमआरपी से अधिक पैसा




**विष्णुगढ़।** एमआरपी यानी अधिकतम खुदरा मूल्य यानी एक कीमत जो किसी भी सामान के लिए तय की जाती है और ग्राहक उस कीमत को अदा कर सामान खरीदता है। किसी भी सामान पर छपी एमआरपी से अधिक पैसे लेना अवैध माना जाता है। लेकिन विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक के समीप स्थित झारखंड सरकार से अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब दुकान (अनुज्ञप्ति संख्या 045उडटल्ेइ24-25) के द्वारा शराब के मूल्य संबंधित अपना अलग ही कानून चलाया जा रहा है। एक लंबे अंतराल से यानी की फिलहाल जो अनुज्ञप्ति प्राप्त है उसकी शुरूआत से ही इस दुकान के द्वारा एमआरपी से अधिक लगभग हर सामान पर 10 रुपए अधिक जबरन वसूले जा रहे हैं। बात केवल यहीं तक सीमित नहीं है, यदि कोई ग्राहक इस पर सवाल करता है तो अंदर बैठे दुकानदार बत्तमीजी पर उतर आते हैं। इसके बाद भी ग्राहक एमआरपी दर अदा करने पर अड़ा रहे तो कभी कभी ये दुकानदार झगड़ा करने पर भी उतारू हो जाते हैं। इस मामले को लेकर ग्राहक और दुकानदार के बीच कई बार तू तू मैं मैं हो चुकी है, कई बार ग्राहकों ने इन्हे समझाने की भी कोशिश की है लेकिन इनके द्वारा टेढ़े सुर में एक ही जवाब दिया जाता है की लेना है तो लो वरना सामान उपलब्ध नहीं है। शिकायत की बात कहे जाने पर यहां तक कह दिया जाता है की जो चाहे कर लो। सवाल यह है की एमआरपी से अधिक वसूले जा रहे पैसे आखिर जा कहां रहे हैं अधिक पैसे वसूली पर इन दुकानदारों को किनका संरक्षण प्राप्त है आबकारी विभाग इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती इस तरह से वसूले जा रहे रुपए सम्पूर्ण तौर पर अवैध हैं, यह सघन जांच का मामला है।

### खेतो के ऊपर से जर्जर तार को हटाने को लेकर ग्रामीणों ने सहायक विद्युत अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव कोलंगा में खेतो के ऊपर से जर्जर तार को हटाने को लेकर ग्रामीणों ने सहायक विद्युत अभियंता बरही को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पंचमाधव (कोलंगा) एचपी पेट्रोल पंप के समीप खेतों के ऊपर से 11 हजार का विद्युत तार जर्जर अवस्था में झुला हुआ है। वह तार कभी भी खेती करने वालें किसानों पर गिर सकती है। जिससें जान और माल की हानी होने की संभवना बनी है। बताया कि कुछ दिनों के बाद खेती का कार्य भी शुरू होने वाला है जिससे खतरा की संभावना बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने जर्जर तार को बदलावाकर किसानों कि जान और माल कि रक्षा करने का आग्रह किया। आवेदन में हस्ताक्षर करने वालो में कैलाश प्रजापति, दिनेश पंडित, विनोद कुमार, महावीर पंडित, ब्रह्मदेव पंडित, सुजीत कुमार, गुंजन पंडित, सिकेंद्र पंडित, विनोद राणा, पुराण राम, सिकंदर कुमार, पंकज कुमार शामिल हैं।

# आपका सांसद नहीं सेवक हूं: कालीचरण

## शहर में सांसद को किया गया अभिनंदन, भारी संख्या में पहुंचे लोग





उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा सांसद काली चरण सिंह को शहर के गंदौरी मंदिर समीप सामुदायिक जिम परिसर चतरा में जिला ताइक्वांडो संघ , क्रीड़ा भारती चतरा इकाई एव पतंजलि योग समिति सहित अन्य खेल संघ के द्वारा किया गया। अभिनंदन समारोह में जिला के कई गण्यमान्य लोग के साथ जिला के सभी खेल प्रेमी एवम खेल संगठन के पदाधिकारी द्वारा अहम भूमिका निभाये। अभिनंदन समारोह का संचालन चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव विकास केशरी ने करते हुए बोला कि हमारे लोकप्रिय सांसद काली चरण सिंह से चतरा के लोगो को काफी उम्मीद है। हर पल हर समय खरा उतरने का चतरा लोक सभा के लोगों की अपेक्षा है। कहा कि लोकसभा के कलंक को धोने वाले माननीय सांसद काली चरण सिंह चतरा के लिए एक नया इतिहास लिखना प्रारंभ कर दिए हैं। जिला के लोगो को कई अनूठे विकास देखने को मिलेगा।

## टंडवा में बिजली नहीं सुधरी तो होगी आर्थिक नाकेबंदी

### आंदोलन में सांसद विधायक भी होंगे शामिल





**चतरा।** टंडवा के लोगों को आजकल न तो दिन में चैन मिल रहा है और ना ही रात में सुकून। इनके साथ विडंबना यह है कि दिन में हाइवा से निकलने वाला धुआं का कहर से और रात में एन टी पी सी से निकल रहे आग के गोले की तपिश झेलना मजबूरी हो गई है। संपूर्ण टण्डवा प्रखण्ड लंबे समय से बिजली संकट से जुझ रहा है। टण्डवा में एनटीपीसी की परियोजना स्थापित है। एनटीपीसी की परियोजना स्थापित होने से ग्रामीणों को आशा थी कि बिजली की समस्या से निजात मिलेगी परन्तु आजतक ऐसा नहीं हुआ है। भीषण गर्मी में भी बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। टण्डवा में बिजली की आपूर्ति बुकरू सब स्टेशन से किया जाता है। एनटीपीसी परियोजना में पिपरवार ग्रिड लाईन से बिजली टण्डवा आपूर्ति की जा रही है। अगर टण्डवा के सब स्टेशन को एनटीपीसी से बिजली आपूर्ति की जाती तो टण्डवा को निर्वाध बिजली मिल सकती है। ग्रामीण बिजली आपूर्ति नहीं होने से काफी आक्रोशित है, जिसका खामियाजा जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड रहा है। टण्डवा के लोग निर्बाध गति से बिजली की आपूर्ति नहीं मिलने से आंदोलन के लिए विवश हो रहे है। अगर एक सप्ताह के अंदर टण्डवा में विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं किया जाएगा तो वृहद आंदोलन किया जायेगा जिसके तहत संपूर्ण कोयला ट्रांसपोर्टिंग को बंद किया जायेगा। आंदोलन में सांसद एवं विधायक शामिल रहेंगे। गौरतलब हो कि टण्डवा प्रखण्ड में ही एशिया का सबसे बडा कोल माइन्स जैसे मगध, आम्रपाली, पिपरवार एवं अशोका कोल परियोजना संचालित है। जिससे प्रति माह करोडों की राशि रॉयल्टी के तौर पर राज्य एवं केन्द्र सरकार को जाती है। इसके बावजूद टण्डवा प्रखण्ड के लोग बिजली के लिए तरस रहे हैं। लोगों का कहना है कि 23 जून तक निर्बाध बिजली आपूर्ति की समस्या का समाधान नहीं किया जायेगा तो संपूर्ण टण्डवा प्रखण्ड में आर्थिक नाकेबंदी की जायेगी। इसकी सारी जिम्मेवारी राज्य सरकार एवं एनटीपीसी प्रबंधन की होगी।

# हजारीबाग लोकसभा के समीक्षात्मक बैठक में शामिल हुए प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** जिला मुख्यालय स्थित पैराडाइस रिसॉर्ट में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की एवं संचालन जिला महामंत्री सुनील साहू ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के महामंत्री मनोज कुमार सिंह ,हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल तथा योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, विधानसभा के संयोजक सहसंयोजक, लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा संयोजक उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मंडल अध्यक्ष ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य ,विधानसभा संयोजक एवं प्रभारी ,लोकसभा प्रभारी एवं संयोजक से एक-एक कर दोनो नेता अमर बाउरी एवं मनोज कुमार सिंह द्वारा 31 बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं आगामी विधानसभा में हजारीबाग लोकसभा में पडने वाले सभी पांचो विधानसभा में लोकसभा की तरह विधानसभा में भी भारी मतों से जीत हासिल करने के लिए सुझाव मांगा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, लोकसभा सहसंयोजक कुंटू बाबू ,पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ,मांडू विधानसभा संयोजक रणजीत सिंहा, रामगढ़ विधानसभा संयोजक चंद्रशेखर सिंह, हजारीबाग विधानसभा संयोजक शिव शंकर गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, बटेश्वर मेहता ,सुदेश चंद्रवंशी ,हरीश श्रीवास्तव ,हजारीबाग विधानसभा प्रभारी प्रोफेसर संजय सिंह ,रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल टाइगर ,हजारीबाग विधानसभा सह संयोजक आनंद देव, जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, जिला मंत्री जिला मंत्री अरविंद सिकरवार ,मूलचंद साहू ,पूर्व जिला अध्यक्ष अरमेंद्र गुप्ता, सांवरमल अग्रवाल ,हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला के मोर्चा अध्यक्ष, रेणुका साहू, अजीत चंद्रवंशी ,महेंद्र बिहारी ,तनवीर आलम, कोमेल उरांव, लक्ष्मी देवी, सनी कुशवाहा, नमेंद्र चंचल, विनोद कुमार, सैयद किरमानी, हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला के मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव ,आदित्य साहू सोनी, खेमलाल महतो ,वकील महतो ,मुरारी सिंह, कविंद्र यादव ,रीत लाल यादव, विवेक बैरियर ,बबन गुप्ता, रामचंद्र कुशवाहा, रणधीर पांडे ,वसंत नारायण, कैलाशपति सिंह ,किशोर मंडल ,नारायण महतो, बाबूलाल मेहता, वंदन यादव, अमित गुप्ता, मुकेश सिंहा ,सुरेश राव, अशोक कुमार, गणेश प्रसाद स्वर्णकार ,नरेश कुमार, श्रीवत्सन ,मनोज गिरी ,संजय शाह ,तोकेश सिंह, गिरधारी महतो, राजेश प्रसाद ,राजा राम प्रजापति, सतीश मोहन मिश्रा ,सागर डांगी यदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## भाकपा माले के दिवंगत नेता नागेश्वर मंडल का मनाया गया 13वां स्मृति दिवस



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बरांय पंचायत के अम्बेडकर नगर (हरिजन टोला) स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को भाकपा माले के दिवंगत नेता नागेश्वर मंडल का 13वां स्मृति दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कामरेड नागेश्वर मंडल की याद में दो मिनट का मौन रखा गया एवम उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया गया। तत्पश्चात उनके तैलय चित्र पर बारी-बारी से माल्यार्पण किया गया। मौके पर उपस्थित भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखण्ड सचिव जानकी शर्मा ने कहा कि नागेश्वर मंडल हमेशा सामाजिक-राजनीतिक कार्यों में आगे रहते थे ।बराय-नौवाडीह समेत आस-पास के इलाकों में एक दौर में ग्रामीण गरीबों, कमजोरों और वंचितों को गोलबंद व संगठित करने में उनकी अग्रणी भूमिका रही है। उनके हक-अधिकार की लड़ाई में वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। उनके रास्ते को और भी मजबूत करने का संकल्प ही नागेश्वर मंडल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर श्री शर्मा ने बीते लोकसभा चुनाव में बराय-नौवाडीह इलाके से भाकपा माले को मिले समर्थन के प्रति आभार व धन्यवाद भी व्यक्त किया। मौके पर माले राज्य कमिटी सदस्य पवन महतो, पूर्व जिप सदस्य पूनम महतो, नोज प्रसाद मंडल, मुखिया राजेन्द्र मंडल, उप मुखिया मो० शाहिद अंसारी, घनश्याम पाठक, भोला सिंह, विवेक मंडल, ललिता कुमारी, संजय बंगाली, रोहित मंडल, माणिक चंद मंडल, रामेश्वर रविदास, विनय मंडल, दिलीप मंडल, अजित कुमार, संजय रविदास, जयचंद रविदास, प्रीतम महतो, नितेश कुमार (गोपू), हीरालाल रविदास, योगेंद्र रविदास समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित सांसद मनीष जयसवाल को स्वर्ण व्यवसाय संघ ने बुके देकर स्वागत किया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### हमारी दुआ है कि आप देश के सर्वोच्च स्थान पर विराजमान हों, स्वर्ण व्यवसाय संघ



**हजारीबाग।** स्वर्ण व्यवसाय संघ के द्वारा हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का उनके कार्यालय में बुके दे कर स्वागत किया व उन्हें जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर स्वर्ण व्यवसाय संघ के अध्यक्ष विक्रम सोनी ने कहा कि आपके सांसद बनने के उपरांत हम व्यवसाईयों की बहुत सी आकांक्षाएं हैं जिसे आप अवश्य पूरा करेंगे क्योंकि आप भी व्यवसायिक वर्ग से आते हैं इस मौके पर सचिव विमल सोनी, भास्कर वर्मा, विक्की सोनी, विजय सोनी, विनोद सोनी, राकेश वर्मा, शशि सोनी के साथ स्वर्ण व्यवसाय संघ के कई सदस्य मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न

# अधिक से अधिक ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित करने का लिया गया निर्णय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पदमा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पदमा एवं एलडीएम हजारीबाग ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में केसीसी, पीएमईजीपी, किसान और ग्रामीणों के लिए रोजगार का सृजन एवं आय वृद्धि में बैंक से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा कर, अधिक से अधिक ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक में डीडीएम नाबार्ड, प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक पदमा, प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया पदमा, रोमी शाखा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी से साथ अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में म्यूजिक व डांस की कक्षाएं 21 जून से शुरू

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




### निः शुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थी कक्षाओं में हो सकते हैं शामिल

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका लेकर आया है। दरअसल संध्याकालीन म्यूजिक एवं डांस की कक्षाएं शुरू की जा रही है, जिसकी शुरूआत आगामी 21 जून से होगी। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी और बताया कि सप्ताह में शनिवार और रविवार दो दिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक कक्षाएं संचालित होगी, जिसमें निः शुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थी कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा मौका होगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल क्लासिकल म्यूजिक, लाइट म्यूजिक, बॉलीवुड सॉन्ग, क्लासिकल डांस, सेमी क्लासिकल डांस व बॉलीवुड डांस का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका कुमारी सीमा के माध्यम से दिया जाएगा। वहीं प्राध्यापिका कुमारी सीमा ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्याथीयों को डांस और म्यूजिक की बारीकियों से अवगत तो कराया जाएगा ही, साथ ही उचित प्लेटफार्म प्रदान कर इनके प्रतिभा को निखारने की भी पूरी कोशिश होगी। इच्छुक विद्यार्थी 9122987759 पर संपर्क कर या मटवारी, गांधी मैदान स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सिटी कार्यालय में आकर इस बाबत विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा सम्मानित किये गए, हजारीबाग के निर्मल जैन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता






**हजारीबाग।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के 20 वे वर्ष अवसर पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा झारखंड में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं एवं रक्तदान शिविर आयोजित कर सर्वाधिक रक्त संग्रह करने वाली संस्थाओं को रांची स्थित नामकोम की आईपीएच सभागार में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में हजारीबाग के निर्मल जैन को 75 से ऊपर 92 बार रक्तदान करने पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया साथ ही वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन, हजारीबाग ,को पूरे झारखंड में रक्तदान शिविर आयोजित करके सर्वाधिक रक्त एकत्रित करने वाली संस्थानों में चौथे पायदान पर आने पर, उनके पदाधिकारी अध्यक्ष निर्मल जैन, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल ,संयुक्त मंत्री पुष्कर कुमार पुष्प ,कार्यकारिणी सदस्य रजत जैन, रौनक जैन को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।उम्र की कैटेगरी को देखते हुए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री पुष्कर कुमार पुष्प ,रजत जैन और रौनक जैन को भी सर्वाधिक रक्तदान करने हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने सभी रक्तदाताओं एवं रक्तदान शिविर लगाने वाली संस्थाओं का आभार प्रकट करते हुए, उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया साथ ही उपस्थित लोगों से निस्वार्थ भाव से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने हेतु संकल्प करवाया । रक्तदान शिविर लगाने में आने वाली कठिनाइयों का निवारण करने का भी आश्वासन दिया । कोई भी समस्या आने पर सबसे पहले ,आप सभी रक्तदाताओं का ध्यान रखेंगे ।वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने कहा कि यह सम्मान हमारा नहीं बल्कि संपूर्ण हजारीबाग, के रक्तदाताओं एवं रक्तदान रक्तदान शिविर लगाने वाली संस्थाओं का है। स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर पवन कुमार एवं अन्य पदाधिकारी गणों ने सभा को सम्बोधित किया । निर्मल जैन ने कहा की 18 जून को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा लगने वाले शिविर में93 वी बार रक्तदान करेगे अतः आप सभी से निवेदन की उक्त शिविर में आपएवं अपने साथियों को लाकर रक्तदान करा के मेरा मनोबल बनाएं

# रक्तदान, महादान इससे बचाया जा सकता है अमूल्य जीवन: अभिषेक आनंद



झुमरी तिलैया, उज्ज्वल दुनिया सं

**महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग में लगाया गया रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर,13 बालक व बालिकाओं ने पहली बार रक्त दे कर बने प्रेरणा का श्रोत, झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा के द्वारा उन्हें सर्टिफिकेट देकर किया गया सम्मानित**

विश्व रक्तदान दिवस को ले कर झुमरी तिलैया के महाराणा प्रताप चौक के समीप दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड सभागार में रक्तदान शिविर,स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा,लायंस क्लब, रेड क्रॉस सोसायटी, श्री हनुमान संकीर्तन मंडल एवं दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कौशल केंद्र के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। मौके पर अतिथि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद मौजूद थें।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे बचाया जा सकता है अमूल्य जीवन। रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा का श्रोत है। पुण्य के लिए दान तो बहुत करते हैं, लेकिन जो दूसरों की जिंदगी बचाए वो महादान है। रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बर्नवाल ने कहा की रक्तदान महादान है, रक्तदान के माध्यम से हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वास्थ्य व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। मारवाड़ी युवा मंच की मंडल 1 की सहायक मंत्री श्रेया केडिया ने कहा की रक्तदान शिविर का आयोजन का कार्य पुनीत कार्य है। सभी रक्तदाता बधाई के पात्र हैं। जो ऐसे शिविरों में आ कर रक्तदान कर पुण्य का हिस्सा बनते हैं। वहीं प्रेरणा शाखा की सचिव शीतल पोद्दार, लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ सागरमाणी सेठ, श्री हनुमान संकिर्तन मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संस्थापक पदाधिकारी डॉ राम सागर सिंह ने कहा की रक्तदान करने से प्राप्त होने वाले रक्त को जरूरतमंद व्यक्ति को प्रदान कर उनके जीवन को बचा कर नई जिंदगी रूपी तोहफा दिया जाता है।

कार्यक्रम का मंच संचालन नेहा कुमारी और लायंस क्लब के रीजनल चेयरपर्सन सुजीत अंबष्ठा ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के जिला कौशल समन्वयक पिंटू कुमार, अधिकारी अजीत कुमार, शाखा प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव, आलोक दुबे, उमाकांत पांडेय, अमितेश दुबे, राहुल कुमार, नवीन पाण्डे, मानी कुमारी, अनीता कुमारी, पूजा कुमारी, अनीशा कुमारी, नेहा यादव, पंचम राय, दामोदर प्रसाद, रंजीत कुमार, विपुल सिंह आदि मौजूद थें।

मौके पर रितेश माधव और विशाल सिंह ने कहा कि दो थैलेसीमिया मरीज बच्चों गायत्री कुमारी और श्रृष्टि कुमारी को दिखा कर यह अपील की, की हर माह इन्हें 1-1 यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में आप युवा शक्ति जो राष्ट्रीय शक्ति के रूप में जाने जाते हैं ऐसे में यह शपथ लें।

### 7 महिला सहित 41 ने किया रक्तदान, बने महादानी

रक्तदान के मौके पर 7 छात्र और महिला समेत 41 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों में रेखा कुमारी, दीपा गुप्ता, नेहा कुमारी, सुवंती कुमारी, अर्चना कुमारी, नीतू कुमारी, बिंदु कुमारी, सन्नी सलूजा, विवेक कुमार, सचिन कुमार, दीपक कुमार, सोनू कुमार, श्रवण कुमार, रंजन कुमार, अमितेश दुबे, मो. अमानतुल्ला, अरविंद चौधरी, राजू कुमार, सुनील कुमार, रंजीत कुमार, सुभाष पासवान सहीत अन्य 20 लोगों के नाम शामिल हैं।

### लायंस क्लब ने बाटा सेनिट्री पैड, दिया परामर्श

लायंस क्लब झुमरी तिलैया ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया इस मौके पर 120 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया एवं छात्राओं को हाइजीनिक पर डॉ. रचना गुप्ता ने परामर्श दिया एवं छात्राओं के सवालों के जवाब भी दिए। 520 पीस सेनिटरी पैड का वितरण किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष डॉ. सागरमणि सेठ उपाध्यक्ष डॉ. सुजीत राज, सचिव निशांत कुमार, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन गजेंद्र राम, रीजनल चेयरपर्सन सुजीत अंबष्ठा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. हरिदर्शन सिंह मौजूद थें। वहीं। नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के द्वारा छात्र छात्राओं के बीच पेन का वितरण किया गया। मौके पर मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा, सचिव विक्की केशरी, पूर्व सचिव अरविंद चौधरी, नितिन मिश्रा, विकास साव, गौतम पाण्डेय, राकेश राजपूत आदि मौजूद थें। वहीं दूसरी ओर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने बताया कि रक्त दे कर हम दूसरे की जिंदगी बचाते हैं। कोडरमा के कई रक्तवीर आज दर्जनों से अधिक रक्तदान कर मानवता के लिए मिसाल बन चुके हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों के लिए आभार प्रकट किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नवलशाही में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**मरकच्चो :** नवलशाही थाना परिसर में शनिवार को ईद उल अजहा (बकरीद) त्यौहार मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी नितेश कुमार की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में दोनों समाज के ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में मौजूद लोगों ने आपसी एकता और भाईचारे के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद का पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपसी एकता और भाईचारे के साथ मनाएं साथ ही इंटरनेट मिडिया पर किसी भी तरह का अफवाह पर ध्यान नहीं देने को कहा गया। मौके पर एसआई महेश प्रसाद करमा, आशीष कुमार पासवान, दशमल किस्कू, भाजपा नेता किशोर यादव, राजद नेता इकबाल अंसारी, झामुमो नेता अशरफ अंसारी, अफजल खान, जाबिर खान, दुली साव, कलीम उद्दीन,महाबीर राणा, हबीब मियां,अशोक साव, जवान सुनिल शर्मा, राजेश महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो :** थाना क्षेत्र के बिभिन्न छेत्रों से मरकच्चो पुलिस ने शनिवार को बालु से लदा चार ट्रैक्टर जब्त किया है।ट्रैक्टर को सुरक्षित मरकच्चो थाना में रखा गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह मरकच्चो थाना के एस आई विशाल कुमार, ए एस आई अभिमन्यु कुमार अपने दल बल के साथ गस्ती में जा रहे थे। इसी क्रम में चार ट्रैक्टर बालु लादकर चला आ रहा था। ट्रैक्टर को रुकवा कर चलन व कागजात की मांग की गई।चलान व कागजात नहीं दिखाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर मरकच्चो थाना ले आया गया है।अग्रेतर कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा को सूचित कर दिया गया है।

## भीषण गर्मी से जन-जीवन प्रभावित, शालिनी गुप्ता का धरना-प्रदर्शन 20 जून को



फुलवरिया, डुमरियाटॉड़ और अन्य ग्रामों में बिजली नहीं पहुंचने पर शालिनी गुप्ता की नाराजगी, उपायुक्त से वार्ता के बाद जल्द समाधान का आश्वासन

**कोडरमा में बिजली और पानी संकट: शालिनी गुप्ता का उग्र आंदोलन**

**कोडरमा में भीषण गर्मी से जन-जीवन प्रभावित:** कोडरमा जिले में भीषण गर्मी और बिजली-पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को लेकर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने 20 जून को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की घोषणा की है।

बिजली कटौती से शिक्षा, व्यवसाय और उद्योग प्रभावित

गुप्ता ने बताया कि लगातार बिजली कटौती से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई, व्यवसायिक प्रतिष्ठान और तिलैया शहर के होटल व्यवसाय पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।

**विद्युत विभाग की उदासीनता पर शालिनी गुप्ता की नाराजगी**

गुप्ता ने कहा, ₹बिजली कार्यालय की उदासीनता और अमानवीय कार्यशैली के चलते हमें यह कदम उठाना पड़ रहा है।

**अत्यधिक शुल्क और तकनीकी दिक्कतों से परेशान नागरिक**

कोडरमा विद्युत कार्यालय द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है और मीटर रीडिंग में तकनीकी दिक्कतें भी हैं।

**पेयजल संकट से त्रस्त जनता**

गुप्ता ने बताया, लोगों को प्यास बुझाने के लिए तपती धूप में पेयजल हेतु लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है।₹ उन्होंने इस संकट को त्रासदीपूर्ण और झकझोर देने वाला बताया।

प्रशासन से मानवीय और संवेदनशील समाधान की अपील

शालिनी गुप्ता ने प्रशासन से मानवीय और संवेदनशील होकर इन समस्याओं के निराकरण की अपील की है।

उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर समाधान नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन किया जाएगा। फुलवरिया, डुमरियाटॉड़ और अन्य ग्रामों में बिजली नहीं पहुंचने से नाराजगी गुप्ता ने कोडरमा नगर पंचायत के फुलवरिया, डुमरियाटॉड़ और अन्य ग्रामों में बिजली नहीं पहुंचने को क्षेत्र के लिए अभिशाप बताया ।

## लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान समारोह आयोजित

कोडरमा :

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा पदाधिकारियों व कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया**

**सभी का सहयोग से शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव कार्य संपन्न हुआ: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज**



लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के दौरान पदाधिकारियों व कर्मियों के द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन अभियंत्रण महाविद्यालय बागीटांड कोडरमा के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला में सभी कोषांगों में बेहतर कार्य करनेवाले पदाधिकारी व कर्मी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, बीएलओ व अन्य पदाधिकारी व कर्मियों समेत 167 पदाधिकारियों/कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव देश के सबसे कठिन चुनावों में से एक है जिसमें कई स्तर पर तैयारियां करनी पड़ती हैं। जिला में सुरक्षा से लेकर मतदान केंद्रों में व्यवस्था, मतदान दिवस की तैयारी समेत कई महत्वपूर्ण गतिविधियां शामिल थीं। इस चुनाव में सभी ने संपूर्ण समर्पण के साथ कार्य किया जिसका प्रतिफल रहा कि कोडरमा जिला में चुनाव बेदाग और सफल तरीके से संपन्न हुआ।

जो भी समस्या आयी उसे मिल-बैठकर और विचार-विमर्श कर ठीक किया गया। सभी कोषांग के पदाधिकारियों व कर्मियों ने बेहतर कार्य किया। जो भी योजना बनायी गयी उसे बेहतर तरीके लागू किया गया। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अचल अधिकारियों का बेहतर कार्य रहा।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में माइका माइंस क्षेत्र की अंडर-14 आयु वर्ग की बालिकाओं ने जीता खिताब

**स्थानीय स्तर पर डीजे के साथ मनाया जश्न**

**झुमरी तिलैया :** टीडीएच फाउंडेशन के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के माइका माइंस क्षेत्र की अंडर-14 आयु वर्ग की बालिकाओं ने खिताब जीता वहीं अंडर-18 आयु वर्ग के किशोरिया उप विजेता रही। खिलाडियों के लौटने पर ग्रामीणों एवं पंचायत जन प्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। जीत की खुशी में बंगाखलार के ग्रामीणों ने जुलुस निकाला एवं डीजे पर लोगों ने खूब जश्न मनाया।

ग्रामीण इलाकों से पहली बार राज्य स्तरीय कबड्डी खेलने आये किशोरियों के प्रयासों को झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी एवं टीडीएच के प्रमुख आनिन्दित रॉय चौधरी ने खूब सराहा एवं उन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम को मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया।

स्थानीय मुखिया शिवशंकर राय ने कहा कि समर्पण संस्था के प्रयास से आज हमारे गांव की बच्चियां राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा और पहचान बिखेर रही है। वे जागरूक हो रही हैं एवं अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रही है। उन्होंने समर्पण के प्रयासों की सराहना की है। वहीं पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनोज दास ने कहा कि कबड्डी टीम की कोच सोनाली कुमारी पर हमें गर्व है। उन्ही के अथक प्रयास से कोडरमा जिला की बालिका कबड्डी टीम को जीत प्राप्त हुई है।समर्पण संस्था के सचिव इन्द्रमणि साहू ने कहा कि संस्था का यह प्रयास जारी रहेगा।

## बच्चों में कुपोषण की रोकथाम हेतु बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं का हुआ उन्मुखीकरण



**कोडरमा :** महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखंड के निर्देश पर जिला समाज कल्याण विभाग, कोडरमा एवं एकजुटह्व संस्था के संयुक्त तत्त्वधान में बच्चों में कुपोषण की रोकथाम हेतु जिले की बालविकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ होटल सेलेब्रेशन, कोडरमा में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा एवं एकजुट के राज्य प्रतिनिधि श्री तरुण झा, संजय कुमार और पोषण अभियान के श्री सुशील कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसमें उढअट परियोजना के तहत 3 वर्ष से छोटे बच्चों के कुपोषण को दूर करने हेतु समुदाय आधारित ढछअ बैठक, गृह भ्रमण तथा मिलने वाली सेवाओं एवं कुपोषण के विभिन्न आयामों एवं प्रभाव तथा स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। ज़िला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा सभी पर्यवेक्षिकाओ को निदेशित किया गया कि वजन सप्ताह के अंतर्गत सभी बच्चों का वजन, लंबाई/ ऊँचाई लेकर उसको रजिस्टर में अद्यतन कराना है एवं इस कार्य हेतु मरकच्चो एवं डोमचाँच में एकजुट से सहयोग की अपेक्षा है।

## एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स आफ इंडिया, कोडरमा सिटी चैप्टर के तत्वाधान में ब्लड डोनेशन प्रोग्राम का किया गया आयोजन



**कोडरमा :** एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स आफ इंडिया, कोडरमा सिटी चैप्टर के तत्वाधान में ब्लड डोनेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।ये सदर अस्पताल, कोडरमा में ब्लड बैंक में आयोजित हुआ। आज का ब्लड डोनेशन प्रोग्राम सर्जन एसोसिएशन के तहत पूरे देश में आयोजित हुआ,जो रक्त दाता के जागरूकता और रक्त संग्रह के लिए किया गया। कोडरमा में करीब 20 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ।इस प्रोग्राम में डॉ सुजीत राज , डॉ आर के दीपक, डॉ रंजीत, डॉ मनोज, डॉ अरुण, डॉ अरुण अबोध, डॉ आशिष, डॉ दिवाकर, डॉ प्रमोद, डॉ सुनील, डॉ रविकांत ने प्रमुखता से भाग लिया और रक्त दाताओं का मनोबल बढ़ाया। ब्लड बैंक के जफर, प्रियरंजन, अमित, उमेश और गुलाब ने भी अपने आपको प्रोग्राम में साझेदारी निभाई।

## अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, चार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कोडरमा:** पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा थाना काण्ड संख्या-122/2024, दिनांक-11.06.2024 धारा-379 भा०द०वि० के सभी अभियुक्तों वर्तमान में बिहार राज्य के वैशाली जिला में गाड़ी लेकर गए है। जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा उक्त दल को छापामारी हेतु वैशाली जिला बिहार के लिए रवाना किया गया।

जहां छापामारी दल द्वारा छापामारी के क्रम में वैशाली जिला के महूआ थानान्तर्गत इस काण्ड के सभी अभियुक्तों को इस काण्ड में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनके निशानदेही के आधार पर बिहार राज्य के मुजफ?फरपुर जिला के मिठनपुरा थाना अन्तर्गत एक गैरेज से काण्ड में चोरी किये गये स्कोर्पियों का कुछ पार्टस पूर्जा बरामद किया गया। इस प्रकार कोडरमा पुलिस द्वारा एक पेशेवर अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का पदार्फाश किया गया।

इस संबंध में विधि-सम्मत आवश्यक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त में 1. रमेश कुमार, उम्र-करीब 32 वर्ष, पिता स्व० पल्लू राय, वार्ड नम्बर- 07, महुआ, थाना-महुआ, जिला-वैशाली (बिहार), 2. ओम प्रकाश पासवान को गिरफ्तार किया गया।

## जिला परिषद का कार्यकाल के 2 वर्ष पुर्ण होने पर प्रेसवार्ता कर गिनाए उपलब्धि




**कोडरमा :** वर्तमान जिला परिषद के कार्यकाल का 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर अध्यक्ष जिला परिषद रामधन यादव द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेन्स आहुत किया गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा 15वें वित मद अंतर्गत आबद्ध और अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इनके अलावा अन्य योजनाएं परिसंपत्ति निर्माण/मरम्मती करण के अंतर्गत हाट बाजार, सचिवालय की मरम्मती के साथ चारदीवारी का निर्माण, 15वें के अंतर्गत स्वास्थ्य मद में चलायी जा रही योजनाएं, स्व आय के लिए किये जा रहे कार्यो, पंचायत ज्ञान केंद्र मद के तहत चलाये जा रहे योजनाएं की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही आने वाली अन्य कुछ नई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत नये पंचायत भवन का निर्माण, नये स्वास्थ्य उप केंद्र का निर्माण, सिंचाई के लिए रोबोटिक सोलर संचालित पंप योजना, प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट अधिष्ठान योजना, जिला परिषद् के पुराने डाक बंगला के भुमि पर तिलैया मार्केट कांप्लेक्स निर्माण, जिला परिषद् के नये भवन का निर्माण, चंदवारा एवं मरकच्चो प्रखंड में समारोह भवन का निर्माण, जयनगर प्रखंड में विद्युत भाव-दाह गृह का निर्माण, नवलशाली एवं बगडो में मार्केट कांप्लेक्स का निर्माण और बिल्डिंग प्लान अप्रूवल के तहत जिला परिषद के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 5 हजार वर्ग फीट एवं अधिक के आरसीसी छत वाले पक्के मकानों के नक्शे की स्वीकृति जिला परिषद् के द्वारा दी गई। मौके पर सभी जिला परिषद् सदस्य व विभिन्न मीडिया संस्थानों से पत्रकारगण मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**कोडरमा :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त ने बताया कि जागरूकता रथ के माध्यम से विभिन्न प्रखंडों के गांवों में जाकर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के बारे में जागरूक किया जायेगा और योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जायेगा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी , जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद व अन्य मौजूद रहे।

## होली फैमिली सभागार में न्यूट्रिशान फीड ट्रैनिंग एंड वर्कशाप ऑन हेल्थ रिलेटेड गवर्मेंट स्कीम कार्यक्रम का आयोजन




कोडरमा फ्रांसिस्कन क्लैरिस्ट सिस्ट 'सोसाइटी जन विकास समिति वाराणसी संयुक्त से आई.डी.सी.वाई.डी.प्रोजेक्ट के तहत होली फैमिली हॉस्पिटल के सभागार में न्यूट्रिशान फीड ट्रैनिंग एंड वर्कशाप ऑन हेल्थ रिलेटेड गवर्मेंट स्कीम कार्यक्रम का आयोजन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जहां मेंटल हेल्थ केयर का प्रशिक्षणकर्ता संस्था होली फैमिली हॉस्पिटल के सिस्टर रानिटा के द्वारा पौष्टिक आहार के साथ संतुलित आहार के बारे में इस कार्यक्रम में भाग लिए दिव्यांगजन, अभिभावक एवं डीपीओ सदस्यों को यह समझने का प्रयास किया कि शरीर स्वस्थ रखने के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ रखना अति आवश्यक है जिसके लिए प्रोटीन युक्त कैल्शियम आयरन वास से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन अपने प्रतिदिन के भोजन में संतुलित मात्रा में लेने की आवश्यकता है एवं खास करके दिव्यांग बच्चों को संपूर्ण विकास के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है तभी वह हर एक क्षेत्र में कामयाबी पा सकते हैं । इस कार्यक्रम उपस्थित दिव्यांगजनों को यह बताने का प्रयास किया कि प्रतिदिन समय सारणी के अनुसार संतुलित पौष्टिक आहार एवं साथ भरपूर नींद लेने की आवश्यकता होती है। जिससे मानसिक तनाव कम किया जा सकता है इस कार्यशाला में 109 दिव्यांगजन एवं अभिभावकों ने भाग लिय। जिसके बीच हॉर्लिक्स , मूसली, सोयाबीन बरी, चना ,चना दाल का वितरण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जीएसटी और बिजली अधिकारी के घर में चोरी

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मेदिनीनगर बैरिया चैक स्थित चंद्रा रेसिडेंसी के पीछे गणपतिनगर में अहले सुबह चार अज्ञात चोरों ने राज्य-कर पदाधिकारी (जीएसटी) कृतिवर्द्धन के घर पर उनकी मौजूदगी में चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया। यह घटना सुबह 3.15 बजे है, जबकि राज्य-कर पदाधिकारी कृतिबर्द्धन अपने कमरे में सोए हुए थे। इसी बीच हथियार से लैस चार अज्ञात चोरों ने पहले उनके घर के दरवाजा की बाहरी कुंडी को लगा दिया और उसके बाद आराम से दूसरे कमरे में सोने और चांदी के कुछ जेवरात, चार घड़ियां और नगद 20 हजार रुपए लेकर चलते बने। इससे पहले इन्हीं चोरों ने उसी परिसर के उपरे तल्ले पर बिजली विभाग के एसडीओ के घर पर भी चोरी की घटना को अंजाम दिया। यहां से चोरी करने के बाद चोरों ने राज्य-कर पदाधिकारी के घर चोरी की। बाद में जैसे ही राज्य-कर पदाधिकारी को सुबह में चोरी की आहट मिली तो फिर वह अपने शुभचिंतकों को बुलाकर चोरों द्वारा बाहर के दरवाजा में लगाई गई कुंडी को खुलवाया तब वे बाहर आकर सारा माजरा खुद से देखा और इसकी सूचना शहर थाना को दी। इस आशय की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अनुसंधान में जुट चुकी है। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है।

### वार्ड पार्षद के पिता का निधन

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** सदर अस्पताल में शुक्रवार को वार्ड पार्षद चंचला देवी के पिता सेवानिवृत्त अमीन महावीर राम का इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुशार महावीर राम कई दिनों से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव बिश्रामपुर के उसुर्ला के खूंटीसोत घाट पर किया गया। श्री राम अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वहीं, मौके पर पार्षद चंचला देवी ने कहा, मेरे लक्ष्य में आगे बढ़ाने के लिए हर समय हमारे पिताजी हौसला देने का काम करते थे। उनके अंतिम संस्कार में उपस्थित समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, पुत्र अभय कुमार ,डॉ. आदित्य अग्रवाल, अविनाश कुमार राजा, शिक्षक संजय कुमार, ग्रामसेवक सूर्यदेव राम, जगजीवन राम, मुन्ना राम, शिवनारायण राम, शंभू राम, इंद्रजीत कुमार, उपेंद्र राम, जोगिंदर कुमार, अर्जुन कुमार, अरविंद कुमार, सचिन कुमार, अजय कुमार, चंदन कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा (उज्ज्वल दुनिया)।** गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी बैजनाथ राम के 30 वर्षीय पुत्र बबलू राम ने मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खाकर बीती रात आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर स्थिति में परिजन उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले गये। चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी बबलू कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# दीवर तोड़कर घर में घुसी बेलोरो एक की मौत, चार घायल

**लातेहार (उज्ज्वल दुनिया)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के कोने गांव में शनिवार को एक अनियंत्रित बोलेरो ग्रामीण के घर में घुस गई। वाहन की चपेट में आने से राजदेव लोहरा की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने लातेहार नवरंग चैक के पास सड़क जाम कर दिया.। समाचार के अनुसार शनिवार की अहले सुबह बीड़ी पत्ता व्यवसाय से जुड़ी एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सदर थाना क्षेत्र के कोने गांव निवासी राजदेव लोहार के मिट्टी के घर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि मिट्टी के घर की दीवार ढह गई। हादसे में घर में सो रहे राजदेव लोहरा की मौत हो गई, जबकि आरती कुमारी, शकुंती देवी समेत 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया जुलेश्वर लोहरा तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। सूचना मिलने के बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर



पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन का नंबर छत्तीसगढ़ राज्य का है. दुर्घटना के बाद वाहन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने लातेहार नवरंग चैक के पास सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे लोगों का कहना है कि मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजे के तौर पर 10 लाख रुपए दिए जाएं। साथ ही सभी घायलों के इलाज का पूरा खर्च वाहन मालिक को उठाना होगा। साथ ही वे घायलों को भी मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। मुखिया जुलेश्वर लोहरा ने कहा कि घर में सो रहे परिवार को अनियंत्रित वाहन ने कुचल दिया। मृतक के परिजनों और घटना में घायलों को तत्काल मुआवजा मिलना चाहिए। इधर, ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किए जाने के कारण लातेहार सरयू-गारू-महुआडांड़ मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।. जाम की सूचना मिलने के बाद लातेहार पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस टीम जाम स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## हाइवा से टकराया स्कॉर्पियो, एक की मौत, एक गंभीर

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ (एनएच-139) पर हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ममरखा गांव के लक्की ढाबा के समीप सड़क किनारे खड़े हाइवा में स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। जिससे स्कॉर्पियो मालिक मोहम्मद फकरे आलम (55 वर्ष) की मौत हो गयी, जबकि चालक दिनेश कुमार (29 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्कार्पियो में पीछे बैठा परवेज अंसारी बाल-बाल बच गया। चालक को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे गढ़वा से हरिहरगंज की ओर जा रहे थे। चालक को झपकी आने के कारण स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा गया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल चालक व वाहन मालिक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां वाहन मालिक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वाहन मालिक अलीनगर (हवेली), थाना अलीनगर, जिला दरभंगा (बिहार) का रहने वाला था। जबकि चालक मुरी सेमर गांव, थाना अनपाड़ा, जिला सोनभद्र (यूपी) व परवेज अंसारी बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के पैतरापुर का रहने वाला है। हरिहरगंज के प्रभारी थाना प्रभारी सतीश गुप्ता ने शव का अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में परवेज अंसारी ने हरिहरगंज थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उसने कहा है कि चालक दिनेश को नींद आ रही थी और वह बार-बार रुक कर सोने की बात कह रहा था। बावजूद वाहन मालिक गाड़ी चलाने का दबाव बना रहे थे। चालक को झपकी आने के कारण हादसा हुआ।

श्रमिक नेता राकेश ने की केंद्रीय मंत्री आठवाले से मुलाकात

## पलामू के दलितों-पिछड़ों के विकास की मांग की

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह ने केंद्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास आठवले से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने तीसरी बार मोदी सरकार के कैबिनेट में शामिल किए जाने एवं मंत्रालय का कार्य भार सौंपे जाने पर श्री आठवले को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। मौके पर राकेश सिंह ने मंत्री से कहां कि पलामू जिला अंतर्गत दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग का विकास थम गया है। आज सभी जनप्रतिनिधि दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा के नाम पर केवल अपनी राजनीति चमकाने में लगे हुए हैं। परंतु किसी में इस समुदाय के विकास हेतु कार्य करने की इच्छा शक्ति नहीं है। श्रमिक नेता ने मंत्री से कहा कि पलामू के कठौतिया कोल माइंस प्रभावित क्षेत्र बाटसारा गांव के दलित, हरिजन, पिछड़े की भूदान की जमीन को भी उक्त परियोजना में औने-पौने दामं पर अधिग्रहण कर लिया गया है। परंतु यहां के नौजवानों को रोजगार से विमुख कर दिया गया है, जो पलायन को मजबूर है। पलामू जिले में सामाजिक न्याय के मामले पर ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसे गांव को भारत सरकार द्वारा गोद लेकर विकास करने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि बहुत ही जल्द इन सभी मामलों पर विचार-विमर्श करते हुए हमारा मंत्रालय झारखंड एवं पलामू के दलित, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा गांवों का डीपीआर तैयार कर ऐसे तमाम गांव को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कल्याणकारी योजनाएं लागू कर धरातल पर विकास कार्यों को उतारने का काम किया जायेगा। ऐसे वर्गों के गरीब मजदूर, किसान, नौजवानों को रोजगार आदि से भी जोड़ने का काम किया जायेगा। बेहतर जीवन यापन के लिए लाभकारी योजनाओं से भी उन्हें लाभान्वित किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में राजू सिंह, बबलू कुमार सहित कई अन्य शामिल थे।

## हस्तशिल्प एवं डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मेदिनीनगर के कोयल नदी के तट पर स्थित झूला मैदान में हस्तशिल्प एवं डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन पूर्व नगर निगम अध्यक्ष अरुणा शंकर एवं सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। हस्तशिल्प मेला सह डिज्नीलैंड मेला में हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट, कश्मीरी टॉप, बाटी चूरमा, बनारसी सिल्क साड़ी, पिलखुवा हैंडलूम बेडशीट, राजस्थानी अचार, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, झूला सहित मनोरंजन के कई स्टाल लगाए गए हैं। मेला में काफी लोगों, विशेष कर महिलाओं, को खरीददारी करते हुए देखा गया। मेला में बच्चे भी झूला व मोटर बोट का आंनद उठा रहे हैं।

## ओरिएंट स्कूल में इन हाउस ट्रेनिंग आयोजित



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** ओरिएंट पब्लिक स्कूल, पांकी रोड पोखराहा खुर्द, मेदिनीनगर में सीबीएसई स्कूल के पाठ्यक्रम के तहत 5 घंटे का इन हाउस ट्रेनिंग शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के डायरेक्टर सुधीर कुमार मेहता और प्राचार्य धीरज कुमार मेहता के द्वारा किया गया। ट्रेनिंग के रिसोर्स पर्सन शिव कुमार दुबे और गीता मेहता के द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट टॉपिक पर चर्चा की गई। तनाव क्या होता है? और इसे दूर करने के बहुमूल्य उपाय के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया की तनाव प्रबंधन में जीवन के तनावों के प्रति आपकी प्रतिक्रिया को बेहतर बनाने के लिए तकनीकों का उपयोग करना शामिल है। ये तकनीकें तनाव-प्रेरित लक्षणों को रोक सकती हैं या कम कर सकती हैं। तनाव एक अल्पकालिक समस्या या दीर्घकालिक समस्या हो सकती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके जीवन में क्या बदलाव आ रहे हैं। नियमित रूप से तनाव प्रबंधन तकनीकों का उपयोग करने से आपको तनाव के अधिकांश शारीरिक, भावनात्मक और व्यवहारिक लक्षणों से बचने में मदद मिल सकती है।

# पलामू में चार दर्जन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

**पलामू(उज्ज्वल दुनिया)।** एसपी रिस्मा रमेशन ने लोकसभा चुनाव के बाद एकाएक कल देर रात संटिग पोस्ट झेल रहे चार दर्जन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला विभिन्न थानो में करके पुलिस महकमें समेत सभी लोगों को चैका दिया है। एसपी रमेशन ने तबादला सूची पर अपने हस्ताक्षर की मुहर लगा दी। चैनपुर और छतरपुर के थानेदार बदल दिए गए है। श्रीराम शर्मा को चैनपुर थाने की कमान सौंपी गई है। जबकि प्रशांत प्रसाद को छतरपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। नीलेश कुमार को रामगढ़ थाना से बदलकर किशुनपुर पीकेट का प्रभारी बनाया गया है, जबकि कपिलेश्वर प्रसाद को भी शहर थाना भेजा गया है। हुसैनाबाद के पुलिस इंस्पैक्टर अनील कुमार सिंह को पाटन अंचल का इंस्पैक्टर बनया गया है। जबकि पाटन थाना के इंस्पैक्टर रमाशंकर पटेल को हुसैनाबाद का थाना प्रभारी बनाकर भेजा गया है। सूची के अनुसार




तकरीबन छह महीने से लाइन हाजिर की मार झेल रहे पुलिस केन्द्र में पदस्थापित अभिमन्यु कुमार को एक बार फिर शहर थाना क्षेत्र का पहरेदार बनाया गया है। एसपी द्वारा जारी जिलादेश के मुताबिक पुलिस केन्द्र में पदस्थापित 31 सहायक अवर निरीक्षको को नए सिरे से विभिन्न थानों में पदस्थापित कर इंस्पेक्टर रैंक के थाना प्रभारियों के अन्तर्गत काम करने की जिम्मेवारी सौपी गई है। अभिमन्यु के अलावे पुलिस केन्द्र में पदस्थापित अन्य सहायक अवर निरीक्षकों में पराय हेस्सा को पाटन थाना, रविकांत उरांव को हुंटार पिकेट, सरयु रजक को पाँकी थाना, हरेराम सिंह को मोहम्मदगंज थाना, सोनू कुमार चैधरी को शहर थाना, सुरेन्द्र कुमार सिंह-03 को पीपरा थाना, राजेश कुमार यादव को हुसैनाबाद महिला थाना, बसन्त महतो- सतबरवा थाना, सुनील कुमार-चैनपुर थाना, सुबोध कुमार-03-पाँडू थाना, अनन्त कुमार सिंह को शहर थाना, कुन्दन चैरसिया-चैनपुर थाना, अनिल कुमार को पुलिस केन्द्र स्थित सेवा पुस्तिका शाखा क्षेत्र का पहरेदार बनाया गया है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**हेरहंज (उज्ज्वल दुनिया)।** हेरहंज थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने किया। बैठक में थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से पंचायतवार चर्चा की। और कहा कि बकरीद पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। आपस में दोनों समुदाय एक दुसरे के पर्व में सहयोग करें। अगर किसी व्यक्ति द्वारा किसी तरह का त्योहार में आपसी मतभेद करना चाहता है तो उसे गुप्त तरीके से सूचना करें कारवाई होगी। किसी भी दूसरे धर्म को ठेस न पहुंचाने वाला कार्य या अनावश्यक पोस्ट ना करें। विजय उरांव उप-प्रमुख ने कहा कि किसी का त्योहार हो आपसी अंतर विरोध करने का प्रयास न करें। उसको आपसी भाईचारे तरीके से मनाएं। प्रीति कुजूर मुखिया हेरहंज ने कहा कि कोई भी त्योहार हो चाहें मुस्लिम का हो या फिर हिन्दू का हो आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। यही मैं कामना करती हूं। और बकरीद पर्व की अग्रिम बधाई दी। वहीं चिरु पंचायत से शिव सिंह ने कहा हमलोग दोनों समुदाय आपसी भाईचारे तरीके से पर्व मनाते आये हैं और उम्मीद भी करता हूं कि इसी भाईचारे तरीके से पर्व मने यही मैं कामना करता हूं। मौके पर राजस्व कर्मचारी बीरबल उरांव, एएसआई सुबोध कुमार सिंह, फूलदेव सिंह, अनिल उरांव, मो0 जनाब अंसारी, तौहीद अंसारी, शिवलाल यादव, दीपक सिंह, रवि सिंह, सलमान अंसारी, एनुल अन्सारी, सुरेश राम, शिवनाथ रजक समेत दोनों समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पचौर पंचायत में संवेदक लगवा रहें निजी बोर में जलमीनार, ग्रामीणों ने जताया विरोध

**डंडई (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रखंड स्थित पचौर पंचायत के सूअरजंघा गांव में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा लगाए जा रहे जल मीनार को संवेदक के द्वारा मनमाने तरीके से लगाया जा रहा है। जिसको लेकर टोले के ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। ग्रामीण रीता देवी निर्मला देवी मनरेशी देवी प्रेमनी देवी फूलवंती देवी शारदा देवी मनोज भूईयाँ विनोद भूईयाँ नीरज निरज भूईयाँ सहित अन्य लोगों ने बताया कि संवेदक जल मीनार लगाने के नाम पर 15 से 20 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। जो व्यक्ति पैसा देने के लिए राजी हो रहा है उसके घर के पास जल मीनार लगाया जा रहा है तथा उसके घर के अंदर निजी बोर में समरसेबल सेट कर जलमीनार का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक को चौक चौराहा और ग्रामीणों के द्वारा बताए गए स्थल से कोई माने मतलब नहीं है। वह सरकारी चापानल के बोर में सेट कर जल मीनार लगाने के बजाय किसी व्यक्ति के निजी घर का बोर में जल मीनार का निर्माण कराया जा रहा है। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सुअरजंघा का गांव में अवधेश प्रजापति के घर के पास पीसीसी सड़क के फ्लैंक का अतिक्रमण कर संकीर्ण जगह में जलमीनार लग रहा है। हम लोग इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक के साइड इंचार्ज शुभम जायसवाल के द्वारा गांव और टोला में घूम-घूम कर जलमीनार लगाने के नाम पर 15 से 20 हजार की मांग की जाती है जो व्यक्ति रकम थमाथा है उसके ही दरवाजा पर संवेदक के द्वारा जल मीनार लगाया जाता है।

**एसडीओ : संवेदक पर होगी एफआईआर दर्ज ..**



**मामले में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसडीओ शहनवाज आलम ने बताया कि निजी बोर में जलमीनार कदापि नहीं लगाना है यदि ऐसा हुआ है तो संवेदक पर एफआईआर दर्ज होगी। साथ ही उसको तोड़वाया जाएगा और सरकारी बोर में जल मीनार लगाया जाएगा।**

## प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रावास में गेट तोड़क चोरो ने किया चोरी



**धुरकी (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रखंड सह अंचल मुख्यालय के बगल मे अवस्थित पल्स टू उच्च विद्यालय के छात्रावास मे चोरों ने गेट तोड़कर चोरी की बहुत बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना का पता तब चला जब शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य छात्र-छात्राओ के नामांकन एडमिशन के लिए स्कुल पहुंचे थे। इस संबंध मे विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया की गत 21 मई को विद्यालय मे गर्मी छुट्टी होने से पहले उन्होने स्वयं विद्यालय के रखरखाव और ताला गेट इत्यादि के सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षित बंद किया था। वहीं गत 21 मई गर्मी की छुट्टी समाप्त होने के बाद जब शनिवार को विद्यालय मे आए तब एडमिशन कराने आए छात्र-छात्राओ ने उन्हें बताया की छात्रावास मे पशु गाय बैल अंदर घुसे हैं। इसके बाद प्रधानाचार्य छात्रावास के गेट पर पहुंच तो उन्होने देखा की ग्रील मे बाहर से ताला जड़ा हुआ है, तब वह पिछे की गेट की तरफ पहुंचे तह वहां का मंजर देखकर प्रधानाचार्य के होश उड़ गए।

## हमारा शहर नदियों से घिरा है और हम पानी को तरस रहे हैं: आशीष भारद्वाज



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** चारो तरफ से नदियों से घिरा है हमारा शहर मेदिनीनगर। हमारी नदियों का पानी बहकर सोन और सोन से गंगा होते हुए समुद्र में चला जाता है और हम बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। शहर के पेय जल संकट का स्थाई इलाज है कोयल पर बांध-बराज बनाकर केचकी संगम से सिंगरा संगम तक तटबंधी करते हुए बियर बनाकर शहर को सेकंड फेज कनेक्टिविटी से जोड़कर पानी दिया जाय। उक्त बातें आशीष भारद्वाज ने ह्यपानी यात्रा के चैथे दिन कही। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में व्याप्त पेयजल संकट के निराकरण हेतु चलाऐ जा रहे जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान में श्री भारद्वाज ने कहा कि टैंकर से पानी देना स्थाई इलाज नहीं है। पानी यात्रा के दौरान हम देख रहे हैं कि टैंकर से सप्लाई अव्यवस्थित है। जो भी सरकारी मुलाजिम टैंकर से पानी सप्लाई में गड़बड़ी कर रहे है वे अपनी कार्यप्रणाली बदल लें।

# बीस सूत्री की बैठक में छाया रहा विकास में भ्रष्टाचार का मामला

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड 20 सूत्री समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह एवं संचालन सचिव सह बीडीओ आशीष कुमार साव ने की। बैठक में बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि नागरिक हित से संबंधित किसी तरह की योजना में भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाशत नहीं किया जाएगा। कहा कि पदाधिकारी नहीं सुधरे तो सरकार को लिखा जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश



सिन्हा ने सेविका सहायिका के चयन में सीडीपीओ की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि चयन में मनमाने तरीके से सरकारी नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। किसी कै ंडिडेट को जीत का सर्टिफिकेट देकर बाद में वहां के चयन प्रक्रिया को रद्द करना किसी भी हालत में उचित नहीं है। मनरेगा के पूर्व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चंद्रशेखर दुबे के कार्यकाल के दौरान मनरेगा के तहत कूपों एवं डोभा में भारी अनियमित की शिकायत मिली थी। इस मामले में संबंधित जांच प्रतिवेदन की मांग की गई थी जो आज तक उपलब्ध नहीं कराया गया। श्री सिन्हा ने कहा कि पुल पुलिया का निर्माण बालू के बजाय क्रेशर के डस्ट से किया जा रहा है जो बेहद चिंताजनक है। बैठक में विशेष रूप से नगर पंचायत छतरपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितता तथा कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यकलापों पर गहमागहमी रही। सर्वजन पेंशन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों को 15 दिनों के अंदर निष्पादन का आदेश दिया गया। बैठक में अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, बीस सूत्री सदस्य मुस्ताक आलम, फिरदौस आलम, विश्वनाथ चैधरी, रिंकी कुमारी, दुलारी देवी, अनिल सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार गुप्ता एवं प्रधान लिपिक नवाब के साथ सभी विभागों के कर्मी मौजूद थे।

संपादकीय

## भारतीय समाज में पिता की अवधारणा

### (अंतर्राष्ट्रीय फादर डे)

भारतीय संस्कृति में पिता परिवार की धुरी होता है। उसका स्थान सर्वोपरि है। पांडव वनवास के समय जंगल में घूम रहे थे। वे प्यास से व्याकुल होने के कारण जलाशय, ढूँढ रहे थे। उन्हें एक स्थान पर जलाशय मिला। सर्वप्रथम सहदेव जलाशय पर पहुँचा। उसने हाथ में जल लेकर पीने का प्रयत्न किया। सहसा एक अदृश्य आवाज ने सहदेव से कहा कि मेरे प्रश्नों के उत्तर देकर ही जल ग्रहण करो। परन्तु सहदेव ने जल पी लिया और वह अचेत हो गया। उसके बाद नकुल, अर्जुन तथा भीम की भी वही स्थिति हुई। अंत में धर्मराज युधिष्ठिर आये। अपने चारों भाईयों की मृतप्राय अवस्था देखकर उन्हें शंका हुई। वे भी जलाशय के पास पहुँचे। अदृश्य आवाज से उन्होंने परिचय पूछा। वह एक यक्ष की आवाज थी। उसने युधिष्ठिर से अठारह प्रश्न पूछे। सही उत्तर प्राप्त होने पर चारों भाई जीवित हो गये। उन प्रश्नों में एक प्रश्न था कि आकाश से ऊँचा कौन है? युधिष्ठिर ने तपाक से उत्तर दिया, पिता। वास्तव में सर्वोच्च स्थान पिता को ही प्राप्त है।

पिता बालक को उसकी जीवन यात्रा में सही दिशा प्रदान करते हैं। उसे स्वअनुशासित जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करते हैं। वह चाहते हैं कि उनका पुत्र उद्दंड न बने। सही रास्ता अपनाकर जीवन में उत्तरोत्तर ऊँचाइयों को प्राप्त कर पिता का नाम रोशन करे। पिता की अभिलाषा रहती है कि उनकी सन्तान बलिष्ठ बनें, किसी के सामने झुके नहीं और प्रत्येक समस्या का निदान निडर होकर करे। पिता सर्वदा हर क्षण कदम - कदम पर आने वाली समस्याओं के प्रति सचेत करते रहते हैं। एक सफल पिता की यह हार्दिक अभिलाषा रहती है कि जो कष्ट उन्होंने स्वयं उठाए हैं वह उनकी संतान को न उठाने पड़े। पिता चाहते हैं कि उनकी सन्तान जीवन में किसी से धोखा न खाये और समस्याओं का निदान निपुणता से बिना झुंझलाहट के कर लेह्य। संस्कृत साहित्य के किसी विद्वान-कवि ने कहा हैः -

जननी जन्मभूमिश्च जाह्नवी च जनार्दनः।
जनकः पंचमश्चैव जकाराः पंच दुर्लभाः।।

अर्थात ये पाँच ज कार इस संसार में दुर्लभ है। जननी (माता), जन्मभूमि (स्वदेश) जाह्नवी (गंगा नदी), जनार्दन (भगवान श्रीकृष्ण) तथा जनकः (पिता) इन पाचों का सुख संसार में भाग्यशाली व्यक्ति को ही प्राप्त होता है।

भगवान विष्णु के साक्षात अवतार श्रीराम को माता कैकेयी के हठ के कारण पिता दशरथ जी वन को भेजते हैं तो भगवान श्रीराम धीर - गंभीर होकर सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। जननी कौसल्या से वन गमन की आज्ञा माँगने जाते हैं। माता कौसल्या के हृदय की विशालता देखिये -

सरल सुभाउ राम महतारी। बोली वचन धीर धरि भारी।।
तात जाउँ बलि कीन्हेउ नीका। पितु आयसु सव धरमक टीका।।
श्रीरामचरितमानस, अयो. दो. 54 चै. 4

अर्थात सरल स्वभाव वाली श्रीरामचन्द्रजी की माता बड़ा धीरज धरकर वचन बोलीं - हे तात! मैं बलिहारी जाती हूँ, तुमने अच्छा किया। पिता की आज्ञा का पालन करना ही सब धर्मों का शिरोमणि धर्म है।

पिता का स्नेह केवल पुत्र पर ही नहीं पुत्री पर भी उतना ही रहता है। मनोवैज्ञानिकों के मतानुसार पिता अपनी पुत्री पर अधिक स्नेह करते हैं। माँ यदि अपनी बेटी को यदा - कदा डाँटती है, दुनिया की ऊँच - नीच के बारे में उसे कुछ समझाती है तो पिता माँ को एक झिड़की देकर टोक देता है और कहते हैं कि समय आने पर, जिम्मेदारी सिर पर पड़ने पर मेरी लाड़ली सब कुछ कर लेगी। वह तुमसे भी अच्छी बनेगी। बचपन में मैंने किसी पत्रिका में एक कहानी पढ़ी थी। सुज्ञ पाठकगण। उसका रसास्वादन करें। माता - पिता अपनी लाड़ली के लिए वर तलाश रहे थे। प्रत्येक लड़के में कुछ न कुछ मीन - मेख निकाली जा रही थी। पिता का कथन था कि मैं अपनी बेटी के लिए ऐसा राजकुमार सा वर ढूँढना चाहता हूँ जो मेरी लाड़ली को राजरानी बनाकर रखे और उसे किसी भी प्रकार की कमी न होने दे। मेरी बेटी उसके साथ हमेशा हँसती खिलखिलाती रहे आदि - आदि। बेटी ने पिता के कन्धे पर हाथ रख कर पूछा - पिता जी मेरे नाना जी ने भी आप में ऐसा ही राजकुमार ढूँढा होगा, फिर आप माँ को क्यों हमेशा उलहना देकर रूलाते रहते हो ऐसी होती है एक पिता की पुत्री के प्रति स्नेहासक्ति। ससुराल में भी बेटी की बिदाई के समय आशीर्वाद स्वरूप पिता का सिर पर रखा हाथ सर्वदा स्मरण रहता है।

## अथश्री महाभारत कथा : अग्निपथ...कर्तव्य पथ...जनपथ

प्रदीप मिश्रा




शुक्र है कि मायके में ही रह गए। ससुराल जाते तो मालूम होता सास क्या होती है। हालांकी सास कभी भी बहू नहीं रही। अनगिनत लोगों ने ये बात कही। 100 दिन आस, विश्वास, प्रयास और सायास के हैं। सौ दिन सास के भी सुने थे लेकिन दमदार सिंह ने 2024 में ही 25 दिन और ले लिए। एजेंडा तैयार है। बन गई अपनी सरकार है। नौकरी की दरकार है। घर-घर में तकरार है। यही वजह तो नहीं, झंडे दिख रहे हैं, डंडे कमजोर हो गए हैं। इन्हें थामने वाले सामने भी देख रहे हैं। कुछ बिल्कुल चुप हैं, कुछ अंदर से कुछ न कुछ फेंक रहे हैं। खुशियां कम मनाई गईं। आशंकाएं ही गहराई रहीं। अब इन सबके अरमान मचलेंगे। जहां और जिधर ठीक लगेगा, सीना तान कर चलेंगे। मन का डर भी दर्द भी है। मिजाज थोड़ा गर्म और सर्द भी है। ऐसे में दमदार को भी डरना होगा। जन के मन के लिए बहुत कुछ करना होगा। नारे और इशारे फिलहाल नहीं चलेंगे। उनके विचार आगे बहुत खलेंगे। कहेंगे जोश में भी होश चाहिए। रोष-आक्रोश के जवाब में कुछ ठोस चाहिए। अच्छी बात है। आपके पास सारे चरित्र हैं। बहुत से अघोषित मित्र हैं। कुछ तो परम विचित्र हैं। इनके जरूरी-गैरजरूरी चित्र हैं। ज्यादा मुखड़ा दिखाएंगे। लोग दुखड़ा सुनाएंगे। मुखौटा बन जाएं तो उचित होगा। जाएगा नहीं कुछ, संचित होगा। जरूरत क्रांति की नहीं है। भ्रांति की नहीं है। खल भी नायक होते हैं। नालायक भी लायक होते हैं। वक्त-जरूरत पर सहायक होते हैं। पर अभी जल्दबाजी में आयात करने की कोशिश न करें। जो है सो ठीक, मानते हुए आत्मसात करने की कोशिश न करें। छल-बल से किसी का भी दिल बदल सकता है। तब ह्यनया नौ दिन पुराना सौ दिनह्न की कहावत पुख्ता हो जाएगी। आप तो सब कुछ झुठलाने के लिए ही अवतरित हुए हैं। 2047 तक इठलाने पर आपका हक है। सब कुछ टकाटक है। सावधानी बरतें। आप में व्यापक बदलाव की मजबूरी है। नहीं तो कोई भी कह देगा-आपका जाना जरूरी है। ड्यूरेबिलिटी (देर तक टिके) के लिए कैपेबिलिटी (बर्दाशत करने की क्षमता) की एबिलिटी (योग्यता) आवश्यक है। श्रीमद्भागवत की कथा के मौसम में आखिर क्यों महाभारत जैसा घमासान। कभी कठिन था, अब कैसे हो गया इतना गया आसान। ऊपर वाले सुन-सुन कर हो रहे परेशान। अचानक दैवीय गुणों वालों पर कैसे काबिज हो गए शैतान।

संतरों के शहर से संदेश दिया जा रहा है। मणिपुर का जहर अब तक क्यों पिया जा रहा है। हिंसा पर विचार करने की नसीहत दी है। आग पर पानी और अंधेरे में शांति के लिए कुछ करने की वसीयत दी है। जो एक साल से वहां नहीं गए, निर्देश मानें, संकेत समझें तो अब कभी भी जा सकते हैं। मामला उछल गया है, कुछ न भी हो, उलटे बयान आ सकते हैं। क्रमांक 240 से आगे नहीं बढ़ पाए। फिर भी कृपांक खुले हाथ से लुटाए। एक बयान आया। बेनकाब कर दिया। बाद में बयान को निजी बताया गया है। मतलब बड़े फैसले से पहले चेताया गया है। हारने वाले एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने लगे हैं। विरोधी हारने वालों के आरोपों से मुंह मोड़ने लगे हैं। आपने भी उधार के कैबिनेट मंत्रियों को दे दिया झुनझुना। विपरीत हालात में भी आपस में ही मलाई काट ली। जो अच्छा था, खुद रखा, बाकी दूसरों को बांटा। अपनों को बिल्कुल नहीं डाटा। समर्थन करने वाले माननीय काम को पूजा बता रहे हैं। नाराज हैं फिर भी नहीं जता रहे हैं। जगह-जगह विक्रम कई-कई बेताल से दवे जा रहे हैं। बेताल लटके हुए ही, सिर पर चढ़े जा रहे हैं। विपक्ष को बेवजह लग रही मिर्ची, वो फिर भी रहे हैं गुनगुना। दूसरों पर फेंकने के लिए है जाल बुना। दिव्यांग सरकार के साथी चिल्ला रहे हैं- वे हताश हैं निराश नहीं। वैसे, कहा भी जाता रहा है-जो हताश है, निराश है, उसे ही ज्यादा विश्वास है। उनके पास उम्मीदों का सहारा होता है। झूठ ही सही, भरोसे का किनारा होता है।

समय है, राग और द्वेष से मुक्त हो जाइए। पुराने दायरे और परिवेश में लौट आइए। कर्तव्य पथ पर संविधान के अनुसार चलें। जरूरत नहीं हो, ज्यादा नहीं हिलें-डुलें। सबसे घुलें-मिलें। सारे घर के बदलने की न सोचें, न बदलें। अच्छा किया, पहला फैसला किसानों की सम्मान निधि पर किया। देश जल्द पूछेगा, बेरोजगारी और मंहगाई पर लगाम के लिए विधि से क्या किया। उत्तर भी तलाशने की जरूरत है। प्रश्न करने का समाप्त हो गया, मुहूर्त है। पहले दिन के भाषण में संकेत दे दिया। पहले जो भी किया, अब नही जाएगा किया। मान जाएगा अपना जिया। पुरानों से मिलोगे, ज्ञान मिलता रहेगा। विघ्न-बाधाओं का सामना करने का हौसला मिलेगा। खुद भी खिलखिलाओगे, फूल भी खिला रहेगा। यह इसलिए भी, क्योंकि दूसरी ओर भी कृष्ण-अर्जुन हैं। कुछ अभी भी दुर्जन हैं। 30 लाख करोड़ का घोटाला हो गया। दो दिन में ये धन कहां खो गया। आओ मिलकर इसका पता लगाएं। बीच में थोड़े दिन कहीं विदेश घूम आएं। अरसा हो गया, दुनिया को ज्ञान नहीं दिया है। लगता है जीवन निरर्थक है, क्या जिया है। बस, थोड़ा-थोड़ा बाहर जाने से डरने लगा हूं। बाजीगर हूं, स्वदेश से ज्यादा प्यार करने लगा हूं।

च्छा किया कि सरकार बनते ही कह दिया परिवार हटाओ। कितने प्रेम से लिखवाया था, अब कह रहे हो, मिटाओ। सबको मालूम है। अभी नहीं सुनोगे। कुछ वक्त बाद सिर धुनोगे। चकल्लस में की गई चिंता कभी भी चिंतन और चिंतक के रूप में निखर जाती है। गंभीरता से उठाई गई बात प्रायः बिखर जाती है। हुड़ दबंग दबंग...से काम लगातार नहीं चलता है। टेढ़ी उंगली से हमेशा घी नहीं निकलता है। माना आप शत्रु हंता हैं। जगत नियंता हैं। राज जानने वाले नाथ हैं तो शिव के राज भी हैं। यादगार कल और आज भी है। आशा है, नीति पर चलेंगे, उसे ही ईष्ट मानेंगे। सुनना होगा। मानना होगा। सुख अनंत नहीं होता है। जय का भी अंत होता है। चौर्य को शौर्य न तो समझेंगे और न ही समझाएंगे। सितंबर तक के न्योते मिलने की बात पहले से ही पता है। जिन्हें नहीं जानकारी, उनकी खता है। जाइए तो सही, जल्दी आइए भी सही। क्योंकि ठाकुर भी... फौज बनाने की तैयारी कर रहा है। पहले की तरह अब न खुद से और न ही आप से डर रहा है। कहीं जनपथ से इशारा हो गया तो फिर से हो जाएगी शपथ...।

## ग्रुप ऑफ सेवन में भारत की उपस्थिति के मायने



नीरज कृष्ण

ग्रुप ऑफ सेवन ने पहली बार 2003 में भारत को अपनी बैठक में शामिल होने का न्योता भेजा था। इसके लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी फ्रांस गए थे। संगठन का सदस्य नहीं होने के बावजूद भारत इसकी बैठकों में शामिल होता रहा है

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं का अभिवादन नमस्ते कहकर किया। इटली के अपुलिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रुप ऑफ सेवनशिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली गये हैं।

ग्रुप ऑफ सेवन ने पहली बार 2003 में भारत को अपनी बैठक में शामिल होने का न्योता भेजा था। इसके लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी फ्रांस गए थे। संगठन का सदस्य नहीं होने के बावजूद भारत इसकी बैठकों में शामिल होता रहा है। इस बार ग्रुप ऑफ सेवनमें भारत की 11वीं भागदारी होगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार पांचवीं बार ग्रुप ऑफ सेवनशिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पद संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी. इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी को ग्रुप ऑफ सेवन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इनवाइट किया है। इस समिट में भारत को आउटरीच कंट्री के रूप में आमंत्रित किया गया है।

इटली पहुंचने पर उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और उज्जवल भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

विश्व की कुछ सबसे बृहत अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं का एक गठजोड़, समूह ऑफ सेवन (जी7) - जिसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं - वैश्विक आर्थिक प्रशासन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यद्यपि भारत इस संगठन का सदस्य नहीं है, किन्तु इस प्रभावशाली समूह के साथ भारत का जुड़ाव निरंतर विकसित हो रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की गतिशील प्रकृति और भारत के बढ़ते वैश्विक कद का परिचायक है।

ग्रुप ऑफ सेवनशिखर सम्मेलन की परंपरा के अनुरूप आउटरीच सेशन में इटली ने कई राज्यों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है. भारत के अलावा अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और भारत-प्रशांत क्षेत्र के 11 विकासशील देशों के नेताओं को न्योता भेजा गया है। इनमें इटली ने इंडिया के अलावा ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अल्जीरिया, अर्जेंटीना, मिस्त्र, केन्या, मॉरिटानिया, सऊदी अरब, ट्यूनीशिया और संयुक्त राष्ट्र का नाम शामिल है। हालांकि, यूरोपीय संघ ग्रुप ऑफ सेवनका सदस्य नहीं है, लेकिन यह वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेता है।

इटली में 13 से 15 जून तक होने वाले 50वें ग्रुप ऑफ सेवनशिखर सम्मेलन के दो आउटरीच सत्र होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जलवायु परिवर्तन और सप्लाई चेन जैसी कुछ नई महत्वपूर्ण चुनौतियों के अलावा यूक्रेन और मध्य पूर्व में युद्ध का मुद्दा छाए रहने की संभावना है। ग्रुप ऑफ सेवननेता अन्य विषयों के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक सत्र मे शिरकत करेंगे। इस सत्र में पोप फ्रांसिस भी हिस्सा ले रहे हैं।

ग्रुप ऑफ सेवन दुनिया के सात सबसे ताकतवर और औद्योगिक लिहाज से सबसे समृद्ध देशों का संगठन है। यह संगठन कई तरह से दुनिया को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। ग्रुप ऑफ सेवन नेटो, एव या संयुक्त राष्ट्र की तरह कोई आधिकारिक संगठन नहीं है लेकिन इसने कई वैश्विक समस्याओं को हल करने में बड़ी भूमिका निभाई है।

अर्थव्यवस्था की नजर से दुनिया के 9 सबसे बड़े देशों में से सात ग्रुप ऑफ सेवनमें हैं। ग्रुप ऑफ सेवन के सातों देशों की अर्थव्यवस्था 45 ट्रिलियन डॉलर है। दुनिया की जीडीपी में इन सात देशों की हिस्सेदारी 43 फीसदी है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में दुनिया के 15 टॉप के देशों में से सात ग्रुप ऑफ सेवन के सदस्य हैं। ग्रुप ऑफ सेवन देश दुनिया के 10 सबसे बड़े निर्यातकों में शामिल हैं। इसके अलावा, ग्रुप ऑफ सेवन के सदस्य देश यूनाइटेड नेशंस को डोनेशन देने वाले टॉप 10 देशों की लिस्ट में भी हैं।

1975 में जब ग्रुप ऑफ सेवन की शुरूआत हुई उस समय ये देश दुनिया की 60% जीडीपी को कंट्रोल करते थे। इनकी प्रति व्यक्ति आय भी ज्यादा थी। ये संगठन दुनिया में अमीर देशों के हितों को प्रमोट करता



है। वहीं दूसरी तरफ ग्लोबल साउथ के देश यानी गरीब और विकासशील देश ग्रुप ऑफ सेवन की पॉलिसी से कभी भी सहमत नहीं रहे हैं।

इतना सबकुछ होने के बाद भी इस संगठन के लिए भारत बेहद अहम देश है। इसके उलट भारत के लिए भी ग्रुप ऑफ सेवन संगठन खासा मायने रखता है। भारत इतना अहम क्यों है इसके पीछे कई वजहें हैं सबसे पहली बात यह है कि दुनिया में भारत की साख और ताकत लगातार बढ़ रही है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश भी भारत है। वैश्विक मामलों पर भारत ने अपना पक्ष हमेशा मजबूती के साथ रखा है। भारत में राजनीतिक स्थिरता की वजह से यह ग्रुप ऑफ सेवन सदस्य देशों के लिए खासी अहमियत रखता है।

ऐसा अनुमान है, कि अगले 3 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगी। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। जबकि, भारत की अर्थव्यवस्था का आकार इस वक्त करीब साढ़े 3 ट्रिलियन डॉलर के आसपास आ चुका है। लिहाजा, 5 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को और जल्द हासिल करने के लिए भारत भी जी7 ग्रुप में शामिल होना चाहता रहा है, ताकि भारतीय उद्योगों को यूरोपीय बाजार में रियायत के साथ ही आधुनिक टेक्नोलॉजी मिल सके। ऐसे में अगर भारत जी7 ग्रुप का हिस्सा बनता है, तो निश्चित तौर पर उसे वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान बनाने में कामयाबी हासिल होगी। ग्लोबल साउथ में चीन और जापान के बाद भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

भारत की विदेश नीति बिल्कुल स्पष्ट है। भारत की नीति हमेशा मल्टी एलाइनमेंट की रही है यानी भारत ने कभी भी किसी एक गुट का समर्थन नहीं किया है। पश्चिमी देशों के साथ भी भारत का सहयोग है। भारत के पश्चिमी देशों के साथ इकोनॉमिक संबंध अच्छे हैं। ये देश भी भारत की तरह लोकतांत्रिक हैं। वहीं, भारत के ज्यादातर स्किल्ड वर्कर काम और पढ़ाई के लिए अमेरिका जाते हैं। इसके बावजूद भारत अमेरिका के दबाव में नहीं आता है। इसके अलावा भारत सैंक्शन यानी दूसरे देशों पर पाबंदियां लगाने की अमेरिका और पश्चिमी देशों की पॉलिसी में भी शामिल नहीं होता है।

विशेष रूप से 21वीं सदी में भारत और ग्रुप ऑफ सेवन के बीच की बातचीत में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। परंपरागत रूप से, ग्रुप ऑफ सेवन अपने सदस्य देशों से जुड़े मुद्दों, जैसे कि आर्थिक नीति, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और भू-राजनीतिक स्थिरता पर केंद्रित था। यद्यपि, वैश्विक परिदृश्य में हुए बदलावों के कारण अब व्यापक संवादों की आवश्यकता है, जिनमें भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं को भी शामिल किया जाए।

हाल के वर्षों में ग्रुप ऑफ सेवन शिखर सम्मेलनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भागीदारी रणनीतिक संरेखन और पारस्परिक हितों की मान्यता का प्रतीक है। उदाहरण के लिए, बियारिट्ज, फ्रांस में 2019 शिखर सम्मेलन में मोदी की उपस्थिति ने जलवायु परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन और सतत विकास जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भारत की भूमिका को रेखांकित किया।

दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते, भारत ग्रुप ऑफ सेवन देशों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। भारत और ग्रुप ऑफ सेवन देशों के बीच व्यापार संबंध सुदृढ़ हैं, जिसमें व्यापक आयात और निर्यात आर्थिक परस्पर क्रिया को परिभाषित करते हैं। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में से एक है, और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में लगातार वृद्धि देखी गई है। इसी प्रकार, जर्मनी और जापान जैसे देशों के भारत के साथ गहरे आर्थिक संबंध हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार और निवेश दोनों से प्रेरित हैं।

भारत का अग्रणी होता प्रौद्योगिकी क्षेत्र, नवीन क्षमताएं और विशाल उपभोक्ता बाजार इसे ग्रुप ऑफ सेवन देशों के लिए एक आकर्षक सहयोगी बनाता है। सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोगी उद्यम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। यह सहयोग भारत के कुशल कार्यबल और तकनीकी प्रगति का लाभ उठाकर आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है।

जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर भारत का रुख ग्रुप ऑफ सेवनके एजेंडे के साथ जुड़ाव रखता है, जिससे सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति के लिए सहयोग को बल मिलता है। भारत के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में इसका नेतृत्व पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जो ग्रुप ऑफ सेवनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप है।

भारत और ग्रुप ऑफ सेवनके बीच गहरे सहयोग की संभावनाएं महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे वैश्विक चुनौतियां अधिक जटिल होती जा रही हैं, समावेशी और विविध अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों का महत्व अधिक हो गया है। भविष्य में ग्रुप ऑफ सेवनशिखर सम्मेलनों और कार्य समूहों में भारत की भागीदारी संभवतः डिजिटल नवाचार, जलवायु कार्रवाई और वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे पारस्परिक लाभ वाले क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगी। उभरती अर्थव्यवस्थाओं जैसे भारत को अपनी चर्चाओं में शामिल करने के लिए ग्रुप ऑफ सेवनकी पहल वैश्विक शासन के प्रति एक अधिक समावेशी दृष्टिकोण की आवश्यकता को स्वीकार करती है। एक साथ काम करके, भारत और ग्रुप ऑफ सेवनअधिक प्रभावी ढंग से दबाव वाली वैश्विक मुद्दों का समाधान कर सकते हैं, एक स्थिर, समृद्ध और सतत दुनिया को बढ़ावा दे सकते हैं।

भारत और ग्रुप ऑफ सेवनके बीच बदलते संबंध वैश्विक शक्ति की गतिशीलता और साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए सहयोगी दृष्टिकोण की आवश्यकता का प्रमाण हैं। निरंतर संवाद और सहयोग के साथ, यह साझेदारी वैश्विक आर्थिक स्थिरता, सुरक्षा और सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने का वादा करती है।

व्यापारिक असहमति, बौद्धिक संपदा अधिकारों (बौद्धिक संपदा अधिकार) के संबंध में भिन्न दृष्टिकोण और डिजिटल कराधान पर असमान रुख भारत-ग्रुप ऑफ सेवनसंबंधों के लिए प्रमुख चुनौतियां हैं। व्यापारिक असहमतियां, बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के संबंध में भिन्न दृष्टिकोण और डिजिटल कराधान पर अलग-अलग रुख विवाद के प्रमुख बिंदु रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और इसकी रणनीतिक स्वायत्तता कभी-कभी रूस और चीन जैसे देशों के साथ अपने संबंधों सहित भू-राजनीतिक मुद्दों पर अलग-अलग विचारों को जन्म देती है।

मानवाधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यः मानवाधिकार और लोकतांत्रिक मूल्य अन्य क्षेत्र हैं जहां कभी-कभी मतभेद सामने आते हैं। यद्यपि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, प्रेस की स्वतंत्रता, अल्पसंख्यक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रताओं से संबंधित मुद्दे कुछ ग्रुप ऑफ सेवनदेशों की जांच के दायरे में आ गए हैं, जिससे कूटनीतिक वार्ता प्रभावित हुई है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था पर ग्रुप ऑफ सेवन का प्रभाव गहन और बहुआयामी है। आर्थिक समन्वय, संकट प्रबंधन, व्यापार सुगमता और वैश्विक चुनौतियों के समाधान के माध्यम से, ग्रुप ऑफ सेवन वैश्विक आर्थिक स्थायित्व और विकास को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यद्यपि समूह को सीमित प्रतिनिधित्व और पश्चिमी दृष्टिकोणों के प्रभुत्व के लिए आलोचना का सामना करना पड़ता है, फिर भी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक नीतियों को आकार देने और वैश्विक मुद्दों के समाधान में इसका योगदान उल्लेखनीय है। निरंतर विकसित होती हुई वैश्विक अर्थव्यवस्था में, भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए ग्रुप ऑफ सेवन का अनुकूलन और नेतृत्व क्षमता महत्वपूर्ण होगी।

## भारत की सास्कृतिक एकता की प्रतीक गंगा



प्रो. विवेकानंद तिवारी

भारत में किसी स्थान पर अपनी परंपरा से आस्था रखने वाला कोई भी व्यक्ति जब स्नान करने जाता है तो उसके मुख से अनायास ही फूट पड़ता है-

गंगे च यमुने चैव गोदावरी च सरस्वती,
नर्मदे, सिंधु, कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु।

हर एक व्यक्ति भारतीय नदियों एवं परिदृश्यों से रागात्मक लगाव रखता है। भारत को एक स्त्रोत में बांधने का श्रेय गंगा नदी को जाता है।

गंगा के तट पर भारतीय सभ्यता का जन्म हुआ, जिसके किनारे भारतीय परंपरा का विकास हुआ। गंगा भारत की सांस्कृतिक पहचान है, गंगा भारत की धार्मिक आत्मा है। सदियों से हिंदू धर्म का कोई धार्मिक संस्कार कबगैर गंगा जल के संपन्न नहीं होता है। गंगा की जलधारा भारतीय धर्म का दर्शन है।

भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में निरुपित किया गया है। बहुत से पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुये हैं

अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है।

इसके तटों पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है और अनेक प्रसिद्ध मंदिर गंगा के तट पर ही बने हुए हैं। महाभारत के अनुसार मात्र प्रयाग में माघ मास में गंगा-यमुना के संगम पर तीन करोड़ दस हजार तीर्थों का संगम होता है। ये तीर्थ स्थल सम्पूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं। गंगा को लक्ष्य करके अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं। जिनमें श्रीगंगासहस्त्रनामस्तोत्रम्ब लोकप्रिय हैं।

प्रसिद्ध नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। ऋग्वेद में गंगय शब्द आया है जिसका सम्भवतः अर्थ है गंगा पर वृद्धि करता हुआ। महाभारत एवं पुराणों गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। स्कन्द पुराणमें गंगा के एक सहस्त्र नामों का उल्लेख है।

पदम पुराण-महर्षि वेदव्यास कहते हैं कि जो व्यक्ति गंगा जी के जल में विधिपूर्वक पिंडदान करता है, उसे सौ यज्ञों का फल प्राप्त होता है तथा अक्षय स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

गंगा का महात्मय वर्णनातित है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है-

स्त्रोतसास्मि जाह्नवी अर्थात नदियों में मैं जाह्नवी (गंगा) हूँ।

महाभारत में गंगा के बारे में कहा गया है-

पुनाति कीर्तिता पापं द्रष्टा भद्र प्रयच्छति।
अवगाढ़ा च पीता च पुनत्या सप्तम कुलम।।

अर्थात गंगा अपना नाम उच्चारण करने वाले के पाप का नाश करती है। दर्शन करने वाले का कल्याण होता है तथा स्नान-पान करने वाले की सात पुण्यतिथि तक को पवित्र किया जाता है।

वेदों एवं पुराणों में गंगा को बारंबार तीर्थमयी कहा गया है।

सर्वतीर्थमयी गंगा सर्वदेवमया हरिः। (नृसिंह पुराण)

स्कंद पुराण-गंगा जी मुक्ति प्रदान करने वाली हैं। गंगाजी पतितों को भी सद्गति प्रदान करती हैं।

ब्रह्मवैवर्त पुराण-मनुष्यों के मोटे-मोटे पाप तो गंगा की स्पर्शवायु से ही भाग जाते हैं।

विष्णु पुराण–गंगा जी में स्नान करने से शीघ्र पाप नाश हो जाता है और अपूर्व पुण्य लाभ मिलता है।

नारद पुराण–धरती पर सभी तीर्थों में गंगा जी श्रेष्ठ हैं तथा इसके समान पापों का नाश करने वाला अन्य तीर्थ इस भूमंडल में नहीं है।

स्मृतार्तिनाशिनी गंगानदीनं प्रवरामुने।
सर्वप्रापक्षयकरी सर्वोपदवनाशिनी।

गंगाजल के बारे में प्रचलित मान्यताएँ व तथ्य तो यहाँ तक कहते हैं कि यदि मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल दिया जाए तो वह भी बंधनों से मुक्त हो जाता है।

गंगा जी के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था अकारण नहीं है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है। अनेक देशी और विदेशी शोधकताओं ने परिक्षण से सिद्ध किया है कि गंगाजल में ऐसे बहुत से औषधीय गुण हैं, जो विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, इसके पान, स्नान, स्पर्शन और नव प्राणशक्ति का संचार होता है। पुरानी मान्यता है कि वृद्धावस्था में जब शरीर जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाए तो केवल गंगाजल ही इसका उपचार है।

शरीर जर्जरीभूते व्याधिग्रस्त कलेवर
औषधि जाह्नवी तायं वैद्यो नारायणोहरि।

वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। अपने अनुसंधान को और आगे बढ़ाने के लिए डॉक्टर नौटियाल ने गंगा के पानी को बहुत महीन झिल्ली से पास किया। इतनी महीन झिल्ली से गुजारने से वायरस भी अलग हो जाते हैं। लेकिन उसके बाद भी गंगा के पानी में बैक्टीरिया को मारने की क्षमता थी।

प्राचीन काल से ही नदियाँ माँ की तरह हमारा भरण-पोषण करती आ रही हैं। नदियों की वजह से सभ्यताएँ पनपती हैं, बस्तियाँ बसती हैं हमारे ऋषि-मुनि नदियों के किनारे एकांत में बैठकर सालों तक तपस्या करते थे। आज भी हम कई उत्सव और त्योहार नदियों के साथ मनाते हैं। हिन्दू धर्म में तो मनुष्य के जीवन की अंतिम यात्रा भी इनकी गोद में खत्म होती है। तभी तो कुंभ और पूर्णिमा जैसे अवसरों पर गंगा में डुबकी लगाने के लिये लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

यह नदी उन खेतों के लिए पोषक तत्त्व भी प्रदान करती है जिनसे यह गुजरती है। गंगा की सहायक नदियाँ 300 मिलियन से अधिक लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं। हिंदू धर्म में गंगा स्नान का विशेष महत्त्व है। जिस प्रकार संस्कृत भाषा को देववाणी कहा जाता है, उसी प्रकार गंगाजी को देव नदी कहा जाता है। गंगा भारत की ही नहीं बल्कि विश्व की परम पवित्र नदी है। इस तथ्य को भारतीय तो मानते ही है, विदेशी विद्वान भी इसे स्वीकार करते हैं।

गंगाजल को हर भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करता है।

अपने पूर्ण जीवन काल के अंतिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूँद मात्र के लिए तरसते हैं। यहीं विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यहीं विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी के बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

गंगे, गंगेति यो ब्रुयान योजनान्म शनैरपि।
सर्वपाप विनिमुर्क्तो विष्णुलोकम स गच्छति॥

अर्थात जो कोई मनुष्य गंगा से हजारों मील की दूरी से भी गंगा, गंगा कहता है, उसके सब पाप नष्ट हो जाते हैं और वह विष्णुलोक को प्राप्त होता है।

गंगा तट पर स्थित हरिद्वार तथा इलाहाबाद में 12 वर्षों के अंतराल पर कुंभ मेला लगता है।

दक्षिण भारत के लोग जब स्नानोपरांत एक दूसरे से मिलते हैं तो एक दूसरे से लिखते हैं कि क्या आपका गंगा स्नान हो गया? दक्षिण भारत में रहनेवाले प्रत्येक व्यक्ति प्रयाग, काशी, हरिद्वार, बद्रीनाथ आदि तीर्थ स्थानों में जाकर स्नान करने के लिए तड़पता है हर व्यक्ति गंगा दर्शन और गंगा स्नान को अपने जीवन का लक्ष्य मानता है। इतना ही नहीं वे अपने पूजा घर में गंगा जलाते हैं।

उस गंगा जल की विधिवत पूजा भी होती है। मरणासन्न व्यक्ति को गंगा जल पिलाते हैं। इस धार्मिक आस्था के पीछे हम भारतीय एकता को ही देखते हैं।

दक्षिण के सुप्रसिद्ध संत कवि माणिक्कवाचक की अद्भुत रचनाएँ हैं तिरुवाचकम। वे कहते हैं -

गंगा प्रवाह को आश्रय देने में समर्थ विशाल जटाधारी, वृषभारूढ़ ईश।

## जान मारने की नियत से अपहरण ,भाई के ससुराल वाले पर केस दर्ज


चंदनकियारी (बोकारो) : जिले के अमलाबाद ओपी के अमलाबाद कोलियरी निवासी सुशील सिंह को शुक्रवार को रात आठ बजे उनके ही दुकान से कार पर सवार दो खाकी वर्दी के जवान व एक सिविल ड्रेस पर आए लोगों ने जबरन उठाकर ले गया। विरोध करने पर लोगों ने गाली गलौज की और चास थाना ले जाने की बात कही। जब थाना ले जाने का कारण पूछा तो बताया कि ले तो थाने जाने पर ही पता चलेगा। रास्ते पर उनके साथ मारपीट करते हुए जबरन शराब पिलाने की कोशिश किया। सुशिल ने ओपी को दिए आवेदन में बताया कि वे लोग उन्हें धनबाद जिले के कतरास के लेढ़ी डूमर गांव ले गए। लेढ़ी डूमर में सुशिल के भाई का ससुराल है जहां भाई के ससुराल वाले ने भी मारपीट किया। उसके बाद उनलोगों ने उन्हें चास थाना को ये आरोप लगाते हुए सौंपा कि उनलोगों के साथ मारपीट किया। जब अमलाबाद पुलिस को घटना की जानकारी मिली तभी उसे चास थाना से अमलाबाद ओपी लाया गया जहां सुशिल का बयान लिया जिसमें उसने भाई के ससुराल वाले पर जान मारने की नियत से अपहरण करने का केस दर्ज किया है। आवेदन में पारिवारिक विवाद का भी जिक्र किया गया है.

## बरमसिया में सड़क दुर्घटना में पुरुलिया के युवक की हुई मौत



चंदनकियारी : प्रखंड के दुबेकाटा मामरकुदर मुख्यपथ के बोदुआ मोड़ के समीप शनिवार शाम को एक स्कार्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के पुरुलिया टाउन निवसी दुलाल मुखर्जी के 46 वर्षीय पुत्र सोनाराम मुखर्जी अपने पल्सर बाइक(डब्लूबी 56 टी 2995) से बोकारो से अपने घर पुरुलिया की तरफ जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक स्कार्पियो(जेएच 01ए यू 5760) अपने चपेट में ले लिया। धक्का इतना जोरदार की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। जहां स्थानीय लोगो ने बरमसिया पुलिस को सूचना दी। जहां मौके पर बरमसिया पुलिस घटनास्थल सदलबल पंहुचे। आनन फानन में स्थानीय लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनकियारी लाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर कुमार गौतम ने बताया कि अस्पताल पंहुचने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी हैं। इधर बाइक के नंबर के आधार पर पुलिस ने मृतक के परिजनो को सूचना दी। साथ ही शव को कब्जे में ले लिया हैं। समाचार लिखे जाने तक परिजन चंदनकियारी नहीं पंहुचे थे।

## रेलवेकर्मी के घर से चोरों ने 15 लाख की संपति पर फेरी हाथ



बोकारो : बलीडीह थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी के आवास संख्या डीएस वन 5 सी से बीती रात चोरों ने 15 लाख रुपए की गहने चुरा ली। गृहस्वामी राजकिशोर झा ने बताया कि वे रेलवे ऑपरेटर है। जो नाइट शिफ्ट में ड्यूटी चले गए थे। जब सुबह लौटे तो उनके आवास का मुख्य गेट के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा घर के अंदर समान बिखरा पड़ा था। वहीं गोदरेज में रखे गए गहने गायब थे। उन्होंने इस घटना की सूचना बालीडीह पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल पाई है आपको बताते चले की बोकारो रेलवे आवासीय कॉलोनी में आए दिन चोरी की घटना हो रही है। रेलवे प्रशासन और बालीडीह पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रहीं है.

## कतरास मोड़ में स्व. सूर्यदेव सिंह की 33 वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जन सैलाब

- विधायक जी के जमाने में जितना प्रेम और स्नेह आम जनता ने दिया है, जीते जी ऐसे लोगों के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे: रागिनी सिंह



झरियाः झरिया का कतरास मोड़ शनिवार को वीर सूर्यदेव सिंह अमर रहे के नारे से गूंज रहा था। जगह-जगह से जन सैलाब उमड़ पड़ा था। ढोल नगाड़े के थाप पर नाचते- गाते लोग पहुंचे थे। उमस भरी गर्मी में लोग अपने आप को इस कार्यक्रम में आने से रोक नहीं पाये। सुबह से लेकर शाम तक लोगों का आना- जाना लगा रहा। दूर दराज से लोग अपने लोकप्रिय विधायक स्व. सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।कोलियरी क्षेत्रों से पैदल एवं मोटरसाइकिल जुलूस के साथ बारी- बारी से लोगों का पहुंचना अपने आप में एक अलग ही नजारा दिख रहा था। कतरास मोड़ स्थित स्व. सूर्यदेव सिंह चौक से लेकर जमसं कार्यालय और आसपास के क्षेत्र समर्थकों से खचाखच भरा हुआ था। स्व. विधायक की पत्नी कुंती सिंह बहू भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और सिद्धार्थ गौतम श्रद्धांजलि सभा में लोगं की मेजबानी में स्वयं खड़े थे। सबसे पहले सूर्यदेव सिंह की पत्नी व पूर्व विधायक कुंती सिंह ने श्रद्धांजलि दी। उनके साथ विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, पुत्री राज नंदनी, पुत्र सूर्यांश, किरण देवी ने भी श्रद्धांजलि दी। इनके साथ धनबाद के पूर्व सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिन्हा पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह निर्वतमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय भाजपा नेता नंदू अग्रवाल एलबी सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कतरास मोड़ कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों ने रक्तदान किया। वहीं परिवार के सदस्यों ने पौधारोपण किया। लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। रागिनी सिंगने कहा कि 33 साल के बाद भी विधायक जी को चाहने वालों में कोई कमी नहीं आई है। भीषण गर्मी में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे है। विधायक जी के जमाने में जितना प्रेम और स्नेह आम जनता ने दिया, आज भी वही समय मिल रही है। उनके चाहने वालों को हम पूरे परिवार छाया की तरह उनके साथ है। जीते जी ऐसे लोगों के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे। युवाओं को खास कर के रागिनी सिंह की ओर झुकाव देखा गया। युवा सेल्फी लेते रहे। रागिनी सिंह ने सभी का स्वागत किया। जमसं के संयुक्त महामंत्री व विधायक संजीव सिंह के छोटे भाई सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह ने कहा कि उनका एवं उनका परिवार का हमेशा पिता की तरह जनता की सेवा में तत्पर है। कोयलांचल में जब भी कुछ होता है सूर्यदेव सिंह की चर्चा करने से लोग पीछे नहीं हटते। झरिया की जनता की हर सुखदुख में हमेशा साथ रहूंगा।

## बिजली के खंभे लाइट के साथ खड़े हैं फिर भी आठ लेन सड़क पर अंधेरा:हरे राम पंडित

झारखंड का एकलौता आठ लेन सड़क जहां एक तरफ धनबाद व झारखंड की शान है, वहीं सड़क पर रात में घनघोर अंधेरा होने के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। बीस किलोमीटर लंबे इस सड़क पर कोई ऐसा चौराहा नहीं है जो एक्सिडेंट संभावित न हो।मेमको मोड़, बिरसा मुंडा चौक, विनोद बिहारी चौक, झारखंड मोड़, शक्ति नाथ चौक,या सड़क के किसी भी भाग में भयंकर दुर्घटनाएं होती है, लोगों की जाने जाती है। वैसे दुर्घटनाओं के कई कारण हैं, जैसे मुख्य सड़क के दोनों ओर स्टील वैरियर का सभी जगह नहीं होना, दो जगहों पर बने क्रास ओवर ब्रिज का एप्रोच रोड का नहीं होना, अन्डर पास का एप्रोच रोड नहीं होना,बिनोद बिहारी चौक पर बिनोद बाबू की मुर्ती एक किनारे होना, पशुओं का सड़क पर बैठना या फिर झुंड में चलना यातायात में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं लेकिन मुख्य कारण है रात के समय सड़क पर घनघोर अंधेरा।मजे की बात है कि मुख्य सड़क के दोनों किनारों पर बिजली की पोल लाइट यूनिट्स के साथ खड़े हैं, सिर्फ बिजली कनेक्शन देना है। नगर निगम बिजली कनेक्शन क्यों नहीं करवा रहा है? ये तो नगर निगम जाने, परन्तु सड़क पर रौशनी उपलब्ध कराने में देरी रोज दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहा है, ऐसा मानना है वरिष्ठ नागरिक हरे राम पंडित का।

### बीएसएल ने स्टील उत्पादन में किया नये विकल्प की तलाश

# अब बीएसएल में स्टील उत्पादन प्रक्रिया में स्क्रैप के विकल्प के रूप में इस्तेमाल होगा स्लज ब्रिक्स

उज्जवल दुनिया

बोकारो : सेल-बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने सेल के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील (आरडीसीआईएस) के सहयोग से सस्टेनेबल स्टील उत्पादन की दिशा में एक बड़ी पहल करने में सफलता हासिल की है। बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद तथा अधिशासी निदेशक (आ-रडीसीआईएस), रांची संदीप कर के नेतृत्व में आरडीसीआईएस और बीएसएल की संयुक्त टीम ने इस्पात उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाले मिल स्केल और स्लज जैसे उच्च लौह युक्त अपशिष्टों को रिसाइकिल कर स्लज ब्रिक्स सफलतापूर्वक विकसित और निर्मित किया है। सेल में पहली बार और संभवतः इस्पात उद्योग में पहली बार 15 जून 2024 को स्लज ब्रिक्स को बीएसएल के स्टील मेल्टिंग शॉप (एसएमएस)- क्क के कन्वर्टर्स में चार्ज किया गया। मिल स्केल और



स्लज का पुनर्चक्रण सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन के लिए काफी अहम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस्पात उत्पादन प्रक्रिया में स्क्रैप का इस्तेमाल आमतौर पर कूलेंट के रूप में किया जाता है। अधिकांश एकीकृत इस्पात संयंत्रों में नई तकनीकों को अपनाने और प्रक्रियाओं के अनुकूलन से इन-हाउस स्क्रैप की उपलब्धता में कमी आई है। एक तरफ आंतरिक स्क्रैप की कमी और दूसरी ओर बाहरी स्रोत से उपलब्ध स्क्रैप की उच्च लागत एक बड़ी चुनौती थी। इस पृष्ठभूमि में स्लज ब्रिक्स के निर्माण और एसएमएस-क्क में स्क्रैप के बदले इसके इस्तेमाल की पहल की गई। इन ह्लग्रीन ब्रिक्स ह्ल ने परीक्षणों में बहुत उत्साहजनक परिणाम दिए हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि स्लज ब्रिक्स जल्द ही बीएसएल में इस्पात उत्पादन प्रक्रिया का एक नियमित हिस्सा बन सकता है।

इस अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने कहा कि यह सफलता न केवल इस्पात उत्पादन की लागत को कम करने में मदद करेगी, बल्कि बीएसएल और अन्य सेल संयंत्रों के डी-कार्बोनाइजेशन और सर्कुलर इकोनॉमी के उद्देश्यों में भी मदद करेगी। अरविंद कुमार सीजीएम (एसएमएस क्क), पीके बैसाखिया सीजीएम (मेंटेनेंस) मनोहर लाल, सीजीएम (गुणवत्ता), ए के मिस्त्री, सीजीएम (आरडीसीआईएस बोकारो केंद्र), दीप कुमार सक्सेना, जीएम (बीएसएल), पी मरांडी, जीएम (बीएसएल), पीएस मीना जीएम (बीएसएल), एनपी श्रीवास्तव जीएम (ईसीएस), संतोष कुमार, डीजीएम आरडीसीआईएस बोकारो, स्मिता टोप्पो, प्रबंधक (आ-रडीसीआईएस बोकारो), अभिजीत दास, प्रबंधक, (आरडीसीआईएस बोकारो), चंदन कुमार, प्रबंधक (आ-रडीसीआईएस बोकारो) तथा आर-डीसीआईएस और बीएसएल के अन्य टीम के सदस्य इस सफल परीक्षण में सक्रिय रूप से शामिल थे.

## मायुमो ने मनाई कॉमरेड ए के राय की जयंती



- कॉमरेड ए के राय सच्चे कम्युनिस्ट एंव क्रांतिकारी थे : पवन महतो

उज्जवल दुनिया

धनबाद, 15 जून मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार एंव सेंट्रल हॉस्पिटल मोड़ नूतन डीह, सरायढेला, धनबाद में पूर्व सांसद कॉमरेड ए के राय की 89 वां जयंती मनाई ' इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा की कॉमरेड ए के राय एक सच्चे कम्युनिस्ट एवं क्रांतिकारी थे ' उन्होंने तमाम शोषण से मुक्ति का रास्ता मार्क्सवाद का भारतीय करण बताया ' कॉमरेड ए के राय ने कोयलांचल ही नहीं पू-रे झारखंड में संघर्षो का एक मिसाल कायम किया ' झारखंड आंदोलन हो या माफिया संस्कृति, रंगदारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ यहां के मेहनतकश जनता को गोलबंद कर व्यापक संघर्ष किया ' कॉमरेड ए के राय यहां के मेहनतकश, दलित,उत्पीड़ित एवं वंचित लोगों का आवाज थे ' झारखंड आंदोलन को समाजवादी दिशा देने का प्रयास किया ' जिसका मिसाल लाल हरा मैत्री रहा ' तीन बार विधायक एंव तीन बार सांसद रहे कॉमरेड ए के राय के पास अपनी संपत्ति नाम की कोई चीज नहीं था ' वह हमेशा लोगों की सुख-दुख को अपनाया ' मजदूर - किसानों की हक की लड़ाई में इतने रम गए थे कि खुद शादी नहीं की ' एक जोड़ी कपड़े, टायर का चप्पल पहन कर पूरा जीवन सादगी से व्यतीत किया ' झारखंड सरकार से मांग है कि बच्चों की पाठय - पुस्तक में कॉमरेड ए के राय की जीवनी वर्णित की जाए ' माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष सिंह,मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, विश्वजित राय,सत्यनरायण सिंह, आर. पी. महतो,भक्तू महतो,समीर गोस्वामी, अशोक पासवान,विमल महतो, बबलू रजक, राजन महतो, संजय महतो, मंटू महतो, शंकर दास, रोहित ठाकुर, धीरन दास आदि शामिल थे '

## निरसा थाना,चिरकुंडा थाना,गलफरबाड़ी ओपी परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई



- नवाज अदा मस्जिद के समय हर चौक चौराहे पर प्रशासन मौजूद रहेगी और कोई भी ऐसी सूचना हो तो जल्द गलफरबाड़ी ओपी पुलिस को सूचित करें। सभी से अपील है शांतिपूर्ण बकरीद मनाएं:शिव बिहारी तेवारी

उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। गलफरबाड़ी ओपी परिसर में शनिवार की शाम बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।गलफरबाड़ी ओपी प्रभार के प्रभारी शिव बिहारी तेवारी के अध्यक्षता में बैठक हुई एवं संचालक नागेंद्र सिंह ने किया। प्रवक्ताओं ने बकरीद को लेकर शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने को लेकर विभिन्न बातो को रखा। वही गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी शिव बिहारी तिवारी ने कहा जब तक नवाज अदा होने मस्जिद के समय हर चौक चौराहे पर प्रशासन मौजूद रहेगी और कोई भी ऐसी सूचना हो तो जल्द गलफरबाड़ी ओपी पुलिस को सूचित करें। सभी से अपील है शांतिपूर्ण बकरीद मनाएं। वही शुक्रवार को चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुइ। एवं निरसा थाना प्रभारी मंजीत सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर नागेंद्र सिंह,डीएन पाठक,शोकत अली,अनवर हूसेन,काकुली मुखर्जी,मोनू अधिकारी, ठाकुर प्रसाद सिंह,उपप्रमुख विनोद दास,अरुण सिंह,लाल बाबू यादव,वार्ड सदस्य सुष्मिता हेंब्रम,पवन करण, अशोक गिरी,आदि अनेको शांति समिति की सदस्य मौजूद थे।

## टुंडी थाना परिसर में थाना प्रभारी की अध्यक्षता में बक-रीद को लेकर शान्ति समिति की बैठक हुआ सम्पन्न

उज्जवल दुनिया

टुंडी : टुंडी थाना परिसर में बकरीद हेतु शान्ति समिति की बैठक संध्या 5 बजे सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता टुंडी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी असीम कमल टोपनो एवं संचालन सअनि सीताराम प्रसाद ने किया। बैठक में प्रभारी श्री टोपनो ने शान्ति समिति के उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा की शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी एवं जवाबदेही हमसबों की हैं, विशेष कोई ऐसा हैं जो शान्ति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता हैं तों आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में समाधान करने की यथासंभव प्रयास करें, जहां सम्भव नहीं हो पा रहा हैं तो उसके लिए पुलिस और प्रशासन हैं। क्षेत्र में भाईचारे वाला संदेश देने का कार्य करें। शांति समिति के सभी सदस्यों से राय मशविरा किया गया एवं भाईचारे के साथ इस त्योहार को मनाने की अपील की गई।साथ ही थाना प्रभारी सह



इंस्पेक्टर ने गलत अफवाहों से बचने की बातें कही। इस बैठक में उपस्थित शांति समिति के समस्त सदस्यों ने टुंडी जैसे शांत इलाकों में बकरीद त्यौहार को बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने पर सबों ने सहमति जताई। मौके पर मुख्य रूप से क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक नील मोहन मिश्रा उर्फ लिली बाबा, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव कुमार मिश्रा, कमारडीह मुखिया जयनारायण मंडल, सांसद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व 20 सुत्री उपाध्यक्ष तिलक मंडल, समाजसेवी बाबा मनीर मस्तान, पूर्व कमारडीह के मुखिया अब्दुल रशीद, मदन दत्ता, दिलीप रजवार, अकरम हुसैन, पूर्व जिप सदस्य- 05 गुरूचरण बास्की, अनवर अंसारी, बरवाटांड मुखिया प्रतिनिधि श्यामेल किस्कू, पवन कुमार सिन्हा, नकुल सिंह, संतुलाल किस्कू, शंकर प्रजापति, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आनन्द कुमार मोदक, परवीन कुमार जायसवाल, नंदकिशोर रविदास, सुखदेव महतो,फूलचंद किस्कू, असद कलीम, मदन दत्ता, इम्तियाज हुसैन, समाजसेवी नवीन चन्द्र सिंह साथ ही टुंडी थाना के अवर निरीक्षक शौकत अली, एएसआई सीता राम सिंह, अखिलेश प्रसाद एवं सहादत अंसारी इत्यादि के अलावा लगभग तीन दर्जन शान्ति समिति के सदस्य उपस्थित रहें।

## रेल आंदोलन कारियों ने कतरासगढ़ स्टेशन पर 8 वां विरोध दिवस मनाया

- डीजीएमएस का डीसी लाईन को आग खतरा का बयान फर्जी है: विजय झा
- डीसी रेल लाईन बंदी सरकार का साजिश था

उज्जवल दुनिया

कतरासः रेल आंदोलनकारियों ने शनिवार को कतरासगढ़ स्टेशन पहुंचकर 8 वां विरोध दिवस मनाया. इस दौरान तिरंगा झंडा के साथ कतरासगढ़ पहुंचे रेल आंदोलनकारी पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि भारत सरकार ने डीसी रेल लाईन के नीचे आग होने का झूठा रिपोर्ट दिखाकर 15 जून 2017 को हमेशा-हमेशा के लिए बंद कर दिया था. लेकिन कतरास कोयलांचल की जनता ने करीब 20 महिना तक लंबा




अहिंसात्मक आंदोलन चलाया. मजबूर होकर सरकार को धनबाद- चंद्रपुरा रेल लाईन को पुनः चालू करना पड़ा. यह जनता की जीत थी. उस काले दिन को रेल आंदोलनकारी आज भी याद कर सरकार और सरकारी तंत्र की कुनीनियों का विरोध करते है. रेल आम जनता की सेवा है. गरीबों को लाभ से बंचित करने की साजिश है. श्री झा ने कहा कि डीजीएमएस के उचाधिकारी चुनाव से पहले चुप्पी साधे हुए थे और चुनाव संपन्न होते ही सरकार की तोता की तरह बोलने लगे हैं कि डीसी को आग से खतरा है. आग की बात पुरी तरह से फर्जी हैं. सरकार को खुश कर करने वाली बात है. अधिकारी सुरक्षा की बात करे. अगर आग है तो कैसे बचाव हो. इस पर बोले. अन्यथा कतरास की जनता डीजीएमएस कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगी. रेल आंदोलनकारी राजेंद्र प्रसाद राजा ने कहा कि रेल बंदी का साजिश जब तक चलेगा. तब तक यहां की जनता विरोध करती रहेगी. मौके पर बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा, परवेज इकबाल, गौतम मंडल, उमेश ऋषि, नरेश दास, विक्की मालाकार, नसीरुद्दीन खान, जटल दास, दिनेश जेठवा, विनोद शर्मा, कमलदेव सिंह, मिथुन कुम्हार आदि मौजूद थे.

## बीसीसीएल बरोरा प्रक्षेत्र: भीषण गर्मी में मजदूरों को प्रेरणा महिला समिति ने बांटे सतु और सूती गमछे

उज्जवल दुनिया

बीसीसीएल बरोरा प्रक्षेत्र की प्रेरणा महिला समिति द्वारा के के सी लिंक रेलवे साईडिंग में कार्यरत मजदूरों के बीच भीषण गर्मी को देखते हुए सतु और सूती गमछा प्रदान किया किया गया।

प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष चंचला किशोर ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए के के सी लिंक रेलवे साईडिंग में कार्यरत चालक, ऑपरेटर और हेल्फरो के बीच सतु और सूती गमछा प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि समिति जरूरत मद लोगों के बीच लोक कल्याणकारी कार्य करती हैं। साथ ही साथ गरीब ग्रमीण महिलाओ के बीच सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शि-विर, बीयूटीशियन प्रशिक्षण आदि कोर्स



कराकर सवालम्बी बनाने का कार्य कर रही हैं। समारोह में प्रेरणा महिला समिति के अध्यक्ष चंचला किशोर, मृगावती राजपूत, ममता सिन्हा, कुमारी रश्मि, अनिता भारती, ए जी एम जी के मेहता, सेल्स मैनेजर परमेन्द्र कुमार, कार्मिक प्रशासन एच के हेना, ए एम पी कोलियरी प्रबंधक यशवंत सिंह राजपूत, कृष्ण रंजन पीटीआर राज समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।


### उपायुक्त ने की बैठक

# सीएमईजीपी के तहत 15 जुलाई तक 3500 लाभुकों को करें आच्छादित : उपायुक्त

- एसेंबल हो रहें साइकिलों को क्रमवार शिविर लगाकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कराएं वितरण
- अबुआ वीर दिशोम अभियान में ज्यादा से ज्यादा आवेदनों को प्राप्त करते हुए आहतार्धारियों को वन अधिकार पट्टा देने की कार्रवाई करें

उज्जवल दुनिया

बोकारो : वीडियो संवाद के माध्यम से उपायुक्त विजया जाधव ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। वीसी के माध्यम से वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, सभी




प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीड-ीओ)/अंचलाधिकारी (सीओ), प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य शामिल हुए। उपायुक्त ने क्रमवार विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमईजीपी), साइकिल वितरण योजना एवं अबुआ वीर दिशोम अभियान के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमईजीपी) के तहत एक माह में आगामी 15 जुलाई 2024 तक 3500 लाभुकों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी बीड-ीओ/सीओ एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने विभाग द्वारा स्कूली छात्रों को दिए जाने वाले साइकिल योजना की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 18 हजार छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया जाना है। साइकिल का एसेंबल कार्य प्रगति पर है, लगभग छह हजार साइकिल वितरण को तैयार है। इस पर उपायुक्त ने तिथि निर्धारित करते हुए शिविर लगाकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों/ उनके प्रतिनिधियों/पंचायत प्रतिनिधियों आदि के माध्यम से शि-विर लगाकर साइकिल का वितरण शुरू करने का निर्देश दिया।

कहा कि जैसे ह्न जैसे साइकिल का एसेंबल कार्य पूरा होगा, वैसे ह्न वैसे साइकिल वितरण कार्य को भी पूरा करें।

इस कार्य को जल्द पूरा करना है। उपायुक्त ने 11 जून से शुरू हुए अबुआ वीर दिशोम अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा आहतार्धारियों से आवेदन प्राप्त कर योजना से लाभांवित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पूर्व में प्राप्त आवेदनों की भी पुनः जांच कर/त्रुटि सुधार कर योग्य लाभुकों को योजना के तहत वन अधिकार पट्टा देने की कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने सभी योजना की प्रगति की मानीटरिंग अपर समाहर्ता एवं जिला कल्याण पदाधिकारी नियमित करने और प्रगति का प्रतिवेदन प्रतिदिन उन्हें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

## फिर एक हाईवा गाड़ी ने लेली बंटी विश्वकर्मा की जान

उज्जवल दुनिया

ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के कारामारा स्थित एक बिना नम्बर प्लेट के हईवा ने बंटी विश्वकर्मा को टक्कर मार दी जिससे बंटी विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया कुछ लोगों ने उसे अशर्फी अस्पताल भेज दिया जहां उसकी स्थिति के गंभीरता को देखते हुए दुगार्पुर रेफर कर दिया गया।

दुगार्पुर पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया बंटी विश्वकर्मा एचडीबी बैंक कतरास ब्रांच में सेल्स मैनेजर के पद पर काम करता था बंटी जोड़ा फाटक सुरेंद्रनगर हल्दीपटी धनबाद का रहने वाला था बीती रात अपने बैंक का काम करके घर जाने के क्रम में यह घटना घटी बंटी विश्वकर्मा की शादी 2022 में हुई थी और दो माह पूर्व एक बच्ची का पिता बना था परिजनों का रो रो के बुरा हाल

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के लिए धनबाद ढटउऌ भेज दिया है

# राशन चोरी करने वाले डीलरों को बर्खास्त की जाए – राजेश

- लगातार राशन चोरी करने वाले डीलरों को बर्खास्तगी कार्डधारकों की सुविधानुसार राशन वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था की जाये

गिरिडीह । भाकपा माले नेता राजेश यादव ने राशन चोरी की शिकायतों से संबंधित ज्ञापन डीएसओ कार्यालय में देने के उपरांत कही। माले नेता श्री यादव के साथ मौजूद माले नेता राजेश सिन्हा ने भी राशन चोरी को गंभीर मसला बताते हुए इसपर रोक लगाने की मांग की। नेताद्वय ने कहा कि, गिरिडीह सदर प्रखंड के एक डीलर का चावल की जगह ईंट का उपयोग करते हुए फोटो वायरल हुआ है। इससे समझा जा सकता है कि, किस कदर गरीबों के राशन का गोलमाल किया जा रहा है। कहा कि, कार्रवाई नहीं होने पर उनका मनोबल और भी बढ़ जाता है।

# खुलेआम घुम रहे है दुष्कर्म के आरोपी, दहशत मे पीड़ित

बिरनी/गिरिडीह । दुष्कर्म व विडिओ बनाकर ब्लैकमेल करने व जान मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ बिरनी थाना व एडीपीओ एसपी दीपक शर्मा को लिखित आवेदन देकर न्याय कि गुहार लगाई थी जिसमे से एक व्यक्ति मनसुर अन्सारी की गिरफ्तारी हुई है। पिडीता ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा दो आरोपी वकील अंसारी इसराइल अंसारी अभी भी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और जान से मारने कि धमकी भी दे रहे हैं दोनो आरोपी बिरनी थाना क्षेत्र के कपिलो गांव का रहने वाला है बाता दे अगस्त 2022 कपिलो निवासी। मनसुर अन्सारी वकील अन्सारी इसराइल अन्सारी ने नशीले पदार्थ खिला कर दुष्कर्म किया था महिला को जब होश आया तो वह अर्धनग्न अवस्था पड़ी थी तब पता चला उक्त लोगों ने दुष्कर्म किया है आरोपियों ने उसका वीडियो भी बना लिया था उसके बाद आरोपियो वीडियो को वायरल कर देने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा दुष्कर्म के साथ-साथ दो तीन लाख के जेवरात व रूपए भी ले लिए पीड़िता ने आरोप लगाया है अगर इसी तरह आरोपी घूमता रहा तो हमारे परिवार को बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है

# वर्तमान सरकार हाथी की दांत की तरह साबित हो रहा है, खाने के दांत ओर दिखाने के ओर

डुमरीःभाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने शनिवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि वर्तमान सरकार हाथी की दांत की तरह साबित हो रहा है जिसके खाने के दांत और होते हैं तथा दिखाने के और होते है। कहा कि एक तरफ अबुआ आवास लाभुकों को जल्द से जल्द आवास की कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया जा रहा है और दूसरी तरफ बालू उठाव पर रोक लगा दी गयी है इतना ही नहीं लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र मांगी गई है,बिना जाति प्रमाण पत्र की दूसरी किस्त भेजने पर रोक लगा दी है भाजपा नेता श्री कुमार ने कहा राज्य सरकार चुनावी लाभ लेने के लिए आनन फानन में आधी अधूरी कागजात के साथ ही सरकार ने ग्राम सभा को दरकिनार कर पंचायत प्रतिनिधियों को अपमान करते हुए अबुआ आवास की स्वीकृति कर दी और अभी लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र मांगी जा रही है जो कि वर्तमान समय में जाति प्रमाण पत्र बनाना कठिन हो गई है कई लाभुक ऐसे हैं जो भूमिहीन हैं जिन्हें आवास बनाने के लिए जमीन आवंटन किया गया है उनकी जाति प्रमाण पत्र कैसे बनेगा वहीं जिनका जाति प्रमाण पत्र बन गया और दूसरा किस्त उनके यहां आ भी जायेगा तो बालू के आभाव में आवास का काम कैसे करेगा एक तरफ सरकार का फरमान है आवास जल्द से जल्द पूरा करो और दूसरी तरफ यह भी फरमान बालू उठाव पर रोक लगाया जाए सरकार की ये कैसी नीति इस तरह की सरकारी फरमान से गरीब जनता पीसी जा रही है इसका हिसाब आने वाला समय में झारखंड की जनता लेगी।

# बकरीद पर्व शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय, अफ-वाह फैलाने वालों पर सख्ती बरतेगा प्रशासन

- तिसरी थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न




तिसरी। तिसरी थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर बीडीओ मनीष कुमार की अध्यक्षता में शांति - समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से इंस्पैक्टर पास्कल टोप्पो , तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए।
बैठक के दौरान बीडीओ मनीष कुमार ने - जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से - बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। वही इंस्पैक्टर पास्कल टोप्पो ने सभी जन प्रतिनिधियों से एक - एक कर उनके विचारों कों सुना और कहा कि पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने और गलत अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कार्यवाई की बात कही। साथ ही बढ़ते गर्मी को देखते हुए प्रतेक व्यक्ति से प्रति वर्ष कम से कम दो पौधा लगाने की भी अपील की।वहीं थाना प्रभारी संजय नायक ने कहा कि क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की पैनी नजर रहेगी। पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी बढ़ा दी जाएगी, असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। कहा कि पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है शांतिपूर्ण बकरीद मनाएं।अपील करते हुए कहा कि कहीं भी कोई अफवाह फैले या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस - प्रशासन को दें। बैठक में एसआई रोशन कुमार,एसआई बुद्धदेव उरांव ,एएसआई संजय टुडू ,जिप सदस्य रामकुमार राउत, पंचायत समिति माला सिन्हा,तिसरी मुखिया किशोरी साव,भंडारी मुखिया पिंकेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधी राजकुमार दयाल, भाजपा चंदौरी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र पंडित, मुखिया प्रतिनिधि मो. मुस्तकिम, मो.कादिर ,समाजसेवी सुनील यादव, पूर्णचंद्र गुप्ता मो मोबिन समेत कई लोग मौजूद थे।

# 316 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब लदा वाहन तिसरी पुलिस ने किया जब्त

- एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मिली सफलता



तिसरी। : थाना इलाके में अवैध शराब लोड वाहन को पुलिस ने जब्त किया है. हालांकि कार्रवाई के दौरान धंधेबाज मौके से भाग खड़े हुए. शनिवार को तिसरी थाना में प्रेसवार्ता आयोजित कर एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि एसपी दीपक कुमार शर्मा के द्वारा रात के करीब 2 बजे सूचना मिली कि अवैध रूप से चार पहिया वाहन में अंग्रेजी शराब को लोड कर तिसरी होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक, एएसआई संजय टुडू, कुलेश्वर राम आदि दलबल के साथ खिजुरी नदी के पास पहुंचे तो देखा कि तेजी से वाहन आ रही है. इस दौरान वाहन को रोकने का प्रयास किया गया तो चालक वाहन का रफ़्तार तेज कर भाग निकला. इसके बाद रात्रि गश्ती दल को सूचना दी गयी. इस दौरान थम्बाचक चेकनाका के पास गश्ती दल के द्वारा जांच किया जा रहा था. मौके पर जांच को देख तस्कर वाहन को मौके पर छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग खड़े हुए. एसडीपीओ ने बताया कि जांच के क्रम में उक्त वाहन से 316 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है. बताया कि वाहन के नंबर से उसके मालिक और धंधेबाज का पता लगाया जा रहा है. जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# बाल श्रम उन्मूलन हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित




- उपायुक्त द्वारा बाल श्रम नहीं रखने संबंधित वचनबद्धता पर हस्ताक्षर किया गया
- जिला अंतर्गत सभी कार्यालय प्रधान, कर्मी तथा सभी मुखिया को भी वचनबद्धता पर हस्ताक्षर करने का निदेश दिया

उज्जवल दुनिया

गिरिडीह । उपायुक्त, गिरिडीह की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गिरिडीह जिला के सभी प्रखण्डो में 01 जून से 30 जून तक धावा दल के सदस्यों द्वारा बाल श्रम के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाने का निदेश दिया गया।
विमुक्त बाल श्रमिक एवं उनके अभिभावकों को पुनर्वास कर विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने, बाल श्रमिकों का आवासीय विद्यालय में नामांकन करने तथा दोषी नियोजकों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया।
उपायुक्त द्वारा बाल श्रम नहीं रखने संबंधित वचनबद्धता (अंडरटेकिंग) पर हस्ताक्षर किया गया तथा जिला अंतर्गत सभी कार्यालय प्रधान, उनके कर्मी तथा सभी मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि को भी वचनबद्धता पर हस्ताक्षर करने का निदेश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त, सहायक श्रमायुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का कार्यकत्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



- विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का झारखंड से विदाई तय : संजय सेठ

उज्जवल दुनिया

सरायकेला : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार शनिवार को रांची लोकसभा क्षेत्र के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र पहुँचने पर संजय सेठ का एनडीए गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओ ने रांगामाटी, टिकर, मिलन चौक, तिरुलडीह एवं कुकड़ू मे माला पहनाकर गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। अपने आभार कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद अजीत-धनंजय महतो और भाजपा नेता स्व. अनिल गोप के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। वहीं इस दौरान उन्होंने कई मंदिरो में माथा भी टेका। मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सबका आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह जीत भाजपा और एनडीए गठबंधन के कार्यकर्त्ताओ की जीत है। आगे कहा कि झारखंड को विकास के पथ पर ले जाने की मेरी अभिलाषा है। इसे पूर्ण करने में आप सभी का साथ चाहिए। साथ उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के भ्रष्टाचार के कारण झारखंड का विकास बाधित है। जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कार्यकताओं से मिले स्नेह और सम्मान से वह अभिभूत हैं। साथ ही उन्होंने कार्यकर्त्ताओ को आने पांच महिनों के अंदर होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर तैयार रहने को कहा। साथ ही कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार की विदाई तय है।

## रक्षा राज्य मंत्री को मुखिया ने सौपा ज्ञापन, किया नई ट्रेन चलाने की मांग

सरायकेला : शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ के तिरुलडीह पहुंचने पर तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा उर्फ रामबालक सिंह मुंडा ने माला पहनाकर स्वागत किया और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनाये जाने पर बधाई दिया। इस दौरान मुखिया ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को चांडिल- तिरुलडीह- मुरी रेलखंड के टाटानगर से बोकारो के बीच और रांची से चक्रधरपुर के बीच नई ईएमयु पैसेंजर ट्रेन का चालने की मांग किया। वहीं उन्होंने टाटा जम्मूतवी एक्सप्रेस अप डाऊन दोनों तरफ से तिरुलडीह, और झिमरी स्टेशन में दो मिनट का ठहराव, चांडिल-तिरुलडीह मुरी रेलखंड का दोहरीकरण करने, चांडिल-तिरुलडीह मुरी रेलखंड मे चार-पांच डब्बे वाली एक नई शटल ट्रेन दिनभर में तीन-चार फेरी करके चलाने की मांग किया।

# बकरीद को लेकर हुई तिरुलडीह थाना में शांति समिति की बैठक

- आपसी भाईचारे के साथ बकरीद का त्यौहार मनाये : बीडीओ

उज्जवल दुनिया



सरायकेला : शनिवार को तिरुलडीह थाना परिसर में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुकड़ू प्रखंड के प्रभारी बीडीओ कीकू महतो ने किया। इस बैठक में कुकड़ू के प्रभारी सीओ दीपक प्रसाद, तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चाँद महतो समेत शांति समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अंजुमन कमिटी से जुड़े लोग मौजूद रहे।
बैठक में बीडीओ कीकू महतो ने आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। और क्षेत्र वासियों को बकरीद पर्व की शुभकामनाएं दी। बैठक के दौरान तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चाँद महतो ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसीलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। उन्होंने आपसी भाईचारे के साथ बकरीद की त्यौहार मनाने की अपील की है।
मालूम हो की इस वर्ष बकरीद का त्यौहार 17 जून 2024 को मनाया जाएगा। बैठक मे झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा, लेटेमदा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह मुंडा, चौड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा, चौड़ा उपमुखिया लाल मोहम्मद अंसारी, अब्दुल रशीद अंसारी, समेद अली, सायेद अंसारी, अलिसार अंसारी, गौतम महतो, एसआई सोमा उरांव, एएसआई रंजीत प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी के बीच पानी की किलत, ग्रामीणों का टूटा सब्र का बांध, संवेदक को बनाया बंधक

- गिरिडीह में प्रचंड गर्मी का पारा 44 डिग्री पार, चूंजका में पानी की समस्या झेल रहे ग्रामीणों का सब्र का बांध आखिरकार टूट गया
- ग्रामीणों द्वारा संवेदक को बनाया बंधक बनाया

उज्जवल दुनिया





गिरिडीह । भीषण गर्मी को लेकर जिले के विभिन्न इलाकों में जलसंकट की घोर समस्या उत्पन्न हो गयी है. स्थिति यह कि आक्रोश में लोग अब सड़क पर उतर कर विरोध कर रहे हैं। एक तरफ गिरिडीह सदर प्रखंड के चुंज्का पंचायत में ग्रामीणों ने नल जल योजना से पानी सप्लाई नहीं होने के कारण संवेदक को बंधक बना लिया था। वहीं जिले के गांडेय प्रखंड के अंतर्गत हिरजन टोला की महिलाएं मोहदा मोड़ के पास सड़क पर उतर आई और गिरिडीह-जामताड़ा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। मौके पर काफी संख्या में महिला-पुरुष बच्चे सभी अपने अपने घरों से बाल्टी, डेकची आदि को लेकर सड़क पर उतर आए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया.

**पीएचडी के कार्यपालक अभियंता मौके पर पहुँच कर आक्रोशित ग्रामीणों को कराया शांत और बंधक बने संवेदक को कराया मुक्त**

भीषण गर्मी में पेयजल की संकट झेल रहे ग्रामीणों का पारा सातवें आसमान पर। चूजका के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन का कार्य कराने वाले संवेदक को रस्सी से बांध कर बंधक बना लिया। सदर प्रखंड के चुंजका में लगभग आधा दर्जन जल मीनार है मगर किसी से भी पानी ग्रामीणो को नही मिल रहा है।
इधर ग्रामीणो ने मांग किया कि विभाग के वरिय अधिकारी जब तक नही आते तब तक कोई वार्ता नही होगी सूचना पर पीएचडी दो के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार मंडल पहुच कर आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया और बंधक बने संवेदक को मुक्त कराया। ग्रामीणों को भरोशा दिलाया कि जल्द समाधान होगा।
सुरेंदर दास ने बताया कि चूंजका में पानी की घोर समस्या है। इस चिलचिलाती धूप और गर्मी में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि चार महीने से जल जीवन मिशन के तहत बोरिंग कर संवेदक द्वारा स्ट्रक्चर खड़ा कर टंकी बैठा दिया गया और पाइप भी बिछा दिया लेकिन आज तक उसमें एक बूंद पानी नहीं आया है। इसकी जानकारी कई बार संवेदक दिलीप दुबे को दी गई।
ग्रामीणों की बात को संवेदक द्वारा नहीं सुना गया जिससे ग्रामीण उग्र थे। संवेदक दिलीप दुबे को गांव बुलाकर ग्रामीणों ने पहले इस भीषण गर्मी में पानी सप्लाई शुरू कराने की बात कही सकारात्मक आश्वासन नहीं मिलने पर ग्रामीण उग्र हो गए और रस्सी से संवेदक का हाथ बांध दिया।

# सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अगामी 29 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का होगा आयोजन

- विशेष लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा उपायुक्त की संयुक्त अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन
- पक्षकारों से किया अपील, इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का निष्पादन करवायें: मनोज प्रसाद, पीडीजे

**अमित सहाय**



गिरिडीह । भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा अगामी 29 जुलाई से लेकर 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आपसी सहमति व समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाएगा।शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष श्री मनोज प्रसाद, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष श्री नमन प्रियेश लकड़ा एवं पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री दीपक कुमार शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से जन-जन तक इस महत्वपूर्ण दिवस के बारे में जानकारी प्रदान करने एवं अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए आम जनों को प्रेरित किये जाए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस विशेष लोक अदालत में संबंधित पक्षकार सशरीर अथवा वर्चुअल तरीके से इसमें शामिल हो सकते हैं। उन्होंने संबंधित पक्षकारों अपील करते हुए कहा कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का निष्पादन करवायें। निष्पादन के लिए इच्छुक पक्षकारगण जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह अथवा राज्य विधिक सेवा प्राधिकार अथवा अपने नजदीकी विधिक सहायता केंद्र में संपर्क स्थापित कर संबंधित मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। आगे कहा कि व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में भूमि एवं राजस्व संबंधी मामले, मुआवजा मामले, विस्थापन मामले एवं बैंक मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए एकदिवसीय विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में गिरिडीह जिले में भूमि एवं राजस्व संबंधी मामले, मुआवजा संबंधी मामले, विस्थापन मामले एवं बैंक से संबंधित मामलों के पक्षकार अपने-अपने मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निष्पादन करवा कर इस अवसर का लाभ उठाएं तथा समय व धन की बचत करें। माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं माननीय झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार 13 जुलाई 2024 को व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित है। इस दौरान सभी प्रकार के लंबित एवं प्री लीटिगेशन मामलों का त्वरित निष्पादन संबंधित पीठों के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए न्यायालय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही है। विभिन्न विभागों जैसे बिजली विभाग, वन विभाग, माप तौल विभाग, उत्पाद विभाग, ट्रैफिक विभाग एवं अन्य, विद्वान अधिवक्ताओं सहित सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इसे सफल बनाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि माननीय झालसा, रांची के निर्देश पर जुलाई माह में ही मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन भी गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों में जिला प्रशासन गिरिडीह के सहयोग से किया जाना निर्धारित है। इस मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर के माध्यम से आम लोगों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का ऑन द स्पॉट लाभ प्रदान किया जाएगा।

**लोक अदालत की महत्ता से आज सभी लोग वाकिफ हैं : डीसी**

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि लोक अदालत की महत्ता से आज सभी लोग वाकिफ हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय से लेकर जिला व तालुका न्यायालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहे हैं जो इनकी व्यापक सफलता को प्रदर्शित करता है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन निरंतर न्यायपालिका के दिशा निदेर्शों का अनुपालन कर इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**माननीय न्यायालय द्वारा पक्षकारों के लिए निर्गत नोटिस को स्पेशल सेल के माध्यम से पक्षकारों को नोटिस का तामिला करवाया जाएगा: एसपी**

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि गिरिडीह जिले का पुलिस प्रशासन माननीय न्यायपालिका द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के कार्यक्रमों में निरंतर ही अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रही है। पूर्व की भांति ही इस बार भी आयोजित किए जाने वाले इन विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए माननीय न्यायालय द्वारा पक्षकारों के लिए निर्गत नोटिस को जिला पुलिस के स्पेशल सेल के माध्यम से पक्षकारों को नोटिस का तामिला करवाया जाएगा, ताकि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक पक्षकारगण उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवा सकें। साथ ही साथ पुलिस प्रशासन इन आयोजनों के दौरान विधि व्यवस्था को बनाए रखने में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती न्यायालय में एवं मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में करना सुनिश्चित करेगी ताकि आमजनों एवं न्यायिक व प्रशासनिक पदाधिकारीयों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो।

# सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का आभार सह स्वागत का कार्यक्रम का आयोजन महीना में एक बार प्रखंड स्तर पर जनता दरबार लगाने का दिया सुझाव



उज्जवल दुनिया

डुमरीः गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से दुबारा जीत दर्ज करने वाले सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का आभार सह स्वागत का कार्यक्रम शनिवार को डुमरी में किया गया।
संचालन भाजपा डुमरी मंडल अध्यक्ष हराधन पंडित ने किया।उपस्थित एनडीए कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का फुल माला पहनाकर एवं बुके देकर किया।तत्पश्चात कार्यकताओं ने जीत के कम अंतर के कारणों पर अपने विचार दिया साथ ही हरेक महीना में एक बार प्रखंड स्तर पर जनता दरबार लगाने का सुझाव दिया ताकि जनता की समस्याओं का समाधान किया जा सके।
वहीं कार्यकताओं ने एक स्वर में सांसद को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह देने की मांग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की।सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि हमारा जो लक्ष्य था कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है उसमें हम सफल रहे हालांकि हमारी सीटें अपेक्षाकृत अवश्य कम आई जिसकी समीक्षा और मंथन किया जा रहा है। कहा कि पिछले चुनाव के अपेक्षा इस चुनाव में जीत का अंतर अवश्य कम रहा है जिसके कारणों की समीक्षा आप सभी को पंचायत स्तर पर करनी है।उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता सांसद मद एवं सांसद के अनुशंसित विकास योजनाओं का आंकड़ा आमजन तक पहुंचाने में विफल रहे जिसपर मंथन करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी भूल नहीं हो।इस दौरान भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल ने जीत का अंतर कम रहने के कारणों पर चिंतन करने एवं संगठन मजबूत करने का सुझाव दिया।
कार्यक्रम में भाजपा नेता कामाख्या गिरि, कृष्णकांत शर्मा आजसू विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी,छक्कन महतो जिप सदस्य प्रदीप मंडल व अनुप पांडेय भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार,निर्मल जायसवाल, मौजीलाल महतो,विवेक कुमार,बजल हेम्ब्रम,रामदेव पंडित,युगल यादव,संतोष सोमानी,मनोज पासवान, केदार महतो,राजेन्द्र सिंह,उपेन्द्र महतो,नवलकिशोर पांडेय,फुलचंद पंडित घटवार महासभा के महाबीर सिंह आजसू नेता दुलारचंद महतो,सतीश महतो भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव,दीपक ठाकुर,बीरबल पंडित,निर्मल पंडित,सुरेश साव आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बगोदर पुलिस ने ढाई सौ ग्राम गांजा के साथ एक गंजा कारोबारी को किया गिरफ्तार

गिरिडीह। बगोदर थाना पुलिस ने ढाई सौ ग्राम गांजा के साथ एक गंजा कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी का बस स्टैंड बगोदर के समीप गुमटी है। इस गुमटी से गंजा जब्त किया गया है।
पुलिस ने छापेमारी के दौरान गुमटी संचालक अमरजीत कुमार के गुमटी के ड्राँवर से 70 पुड़िया गांजा लगभग ढाई सौ ग्राम है जब्त किया है। इस मामले में बगोदर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया है।
एसडीपीओ बगोदर सरिया धनंजय राम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गिरिडीह दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर करवाई कि गई है।
एसपी को गुप्त सुचना मिल रही थी कि बगोदर बस पड़ाव के समीप एक गुमटी सें गांजे की अवैध तरीके से बिक्री की जा रही है।एस पी के निर्देश पर एसडीपीओ बगोदर सरिया के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी कि गई। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सुख सागर सिंह चौधरी सहित कई पुलिस जवान शामिल थे।

# उपायुक्त ने किया जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक



सरायकेला : शनिवार को उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष स्वास्थ्य विभाग, अधीक्षण अभियन्ता खरकई बांध अंचल इचा चालियामा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राजकीय पोलटेक्निक कॉलेज आदित्यपुर तथा समाहरणालय से संबंधित कुल पांच मामलों को रखा गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्तियों हेतु आवेदन के बारे में विचार विमर्श किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ अनुकंपा कर्मियों को नियुक्ति नियमावली, कागजात जांच के आधार पर चयनित किया गया। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति हेतु पूर्व से लंबित मामलों पर गहन जांच कर उन्हें निष्पादित किए जाए। बैठक में डीडसी प्रभात कुमार बर्दियार, प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत, एडीसी संजय कुमार दास, सरायकेला एसडीओ सुनील कुमार प्रजापति, चांडिल एसडीओ शुभ्रा रानी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# डीएमओ ने दूसरे दिन भी किया बालू स्टॉक यार्डो का निरीक्षण

सरायकेला : ईचागढ़ प्रखंड के ईचागढ़ एवं तिरुलडीह थाना क्षेत्र में लाइसेंसी बालू स्टॉक यार्डों का शनिवार को भी जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालू स्टॉक यार्डो में जमा बालू का मापी कराया। जेएसएमडीसी से लिया गया वैध चालान और अधिक जमा किया गया बालू का मिलान भी किया गया। वहीं सभी बालू यार्ड से बालू का सैंपल भी लिया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने मां तारा इंटरप्राइजेज जारगोडीह, मेसर्स शिलाजीत महतो तिरुलडीह, मां दुर्गा इंटरप्राइजेज बीरडीह, देवी कंस्ट्रक्शन तिरुलडीह स्टॉक यार्ड का निरीक्षण कर स्टॉक बालू का मापी भी करवाया।

## नाबालिग लड़की को शादी की नियत से मोबाइल फोन पर युवक कर रहा था तंग, गुस्से में खाई कीटनाशक दवा

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को शादी की नियत से उसी के गांव का रहने वाला एक युवक पिछले 20 दिनों से मोबाइल फोन पर कॉल करके तंग किया करता था जहां गुस्से में आकर नाबालिग लड़की ने मकई खेत में डालने वाला कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया जिससे वो मूर्छित हो गई। उधर परिजनों ने आनन फानन में उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा इलाज किया गया। इसको लेकर नाबालिग लड़की ने बताया कि उसे उसके ही गांव के एक युवक के द्वारा स्कूल से आते जाते समय उसके सहेलियों के सामने छेड़छाड़ किया करता है और उसके भाई के मोबाइल फोन पर कॉल करके भी लगातार तंग परेशान किया करता है जहां उसने गुस्से में आकर कीटनाशक दवाई खा ली और मूर्छित हो गई। उधर इसको लेकर परिजनों ने बताया कि इस मामले को लेकर युवक के परिजनों से उसकी शिकायत भी की गई है मगर युवक मानने को तैयार नहीं हैं। वही इस मामले को लेकर गांव के मुखिया को भी इसकी जानकारी दी गई है जहां उन्होंने युवक के परिजनों को बुलाकर समझाने की बात कही है फिलहाल नाबालिग लड़की का सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

## शौचालय में अनियमितता बरतने को लेकर हाईक-ोर्ट के निर्देश पर गांव में जांच करने पहुंची टीम

बरहेटः झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर फुलभंगा पंचायत में शनिवार को शौचालय की जांच की गई। वही याचिकाकर्ता सोनाली हेंब्रम ने वर्ष 2022 में कराए गए शौचालय निर्माण की अनियमितता को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में पीआईएल दर्ज की थी। वही हाईकोर्ट के निर्देश पर पंचायत के अंतर्गत भादोडीह, फुलभंगा, बास्क-ो संथाली, हाथमारी, लक्ष्मी बथान लोगाय, पकरीगोरा इन गांव में टीम पहुंचकर शौचालय की जांच की। उधर उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर ब्लॉक स्तरीय अलग अलग गांव में जांच टीम गठित की गई। जहां जांच टीम के अधिकारी गांव पहुंचकर लाभुकों से बातचीत कर शौचालय संबंधित जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2014 से स्वच्छ भारत मिशन विभाग द्वारा प्रत्येक घरों में शौचालय निर्माण कराया जाना है उसके लिए सरकार पंचायत में करोड़ों रुपए राशि दी है लेकिन गांव में शौचालय नहीं बनने पर स्थानीय समाजसेवी सोनाली हेंब्रम ने झा-रखंड हाईकोर्ट में स्वच्छ भारत मिशन के विरुद्ध पीआईएल दर्ज कराया। वही एक तरफ सरकार घर घर शौचालय दे रही है तो दूसरी ओर अधिकारी एवं बिचौलियों की मिलीभगत से राशि गबन करने का मामला आ रहा है। इसके पूर्व पंचकठिया बाजार, कुसमा संथाली, लबरी, खैरवा, पंचायत में 6 जनवरी 2024 को लाखों रुपया गबन करने का मामला प्रकाश में आया था। वही तत्कालीन डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। वहीं टीम जांच कर वरीय अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी गई लेकिन अभी तक लाभुकों का शौचालय निर्माण नहीं हुआ ना ही अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई ही की है।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

साहिबगंजः पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना मिली थी कि नगर थाना कांड संख्या 107/2023 के आर्म्स एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त अपने घर में छिपा बैठा है। जिसके बाद नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने आर्म्स एक्ट के आरोपी आदित्य यादव पिता दिलीप यादव को ग्राम तालबन्ना से गिरफ्तार कर लिया। उधर गिरफ्तार किए गए आरोपी का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के बाद शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## आईटीआई के समीप साईकिल सवार दो लोगों को ऑटो ड्राइवर ने पीछे से मारी ठोकर

साहिबगंजः थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई के पास साइकिल सवार दो लोगों को तेज रफ्तार से जा रही एक ऑटो ड्राइवर ने पीछे से जोरदार ठोकर मारकर मौके पर से फरार हो गया। जहां इस सड़क दुर्घटना में घायल दोनों लोगों को परिजनों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. फरोग हसन के द्वारा इलाज किया गया। मिली जानकारी अनुसार बिहार राज्य के कटिहार जिला अंतर्गत मनिहारी अनुमंडल क्षेत्र के अमदाबाद चामा निवासी मुकेश कुमार पिता लोगेन मंडल अपने मामा के घर जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा लोहंडा घूमने के लिए आया हुआ था। जहां वो अपने मामा के छोटे बेटे छोटू कुमार पिता किशन मंडल के साथ एक ही साईकिल पर सवार होकर घूमने के लिए आईटीआई के तरफ जा रहा है तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक ऑटो ड्राइवर ने ठोकर मारकर भाग गया। इस सड़क दुर्घटना में मुकेश कुमार के सीने में व छोटू कुमार के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है जहां चिकित्सक ने एक्सरे करवाने की सलाह दी है।

## बकरीद पर्व को लेकर कोटालपोखर थाना प्रांगण में हुई शांति समिति की बैठक आयोजित

कोटालपोखरः- कोटालपोखर थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों को सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने एवं शांति बनाये रखने की अपील कोटालपोखर पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया। वही एक तरफ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी शांति माहौल में त्योहार को मनाने की बात कही जिसमें एसआई संग्राम सोय एवं एसआई मंसूर अंसारी द्वारा लोगों को बताया की सुरक्षा में कोई कमी नहीं की जाएगी। वही कोटालपोखर चौधरी मस्जिद में सोमवार को सुबह सवा सात बजे ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी जाएगी जहां प्रशासन द्वारा पानी टेंकर की व्यवस्था की गई है। वहीं बड़ा सोनाकर में 7 बजे नमाज अदा की जाएगी। इस मौके पर कोटालपोखर मुखिया सेरोफिना हेम्ब्रम, वरिष्ठ पत्रकार मकसूद आलम, समीम मंसूरी, प्रणव कुमार साह, विनोद भगत, साजिद आलम आदि मौजूद थे।

## बकरीद पर्व को लेकर ईदगाह कमिटी की बैठक हुई आयोजित



उधवाः ईद उल अजहा ( बकरीद) पर्व को लेकर शनिवार को चांदशहर ईदगाह कमिटी की एक बैठक ईदगाह प्रांगण में हुई। जहां बैठक की अध्यक्षता इमामुल शेख ने किया। इस दौरान 17 जून दिन सोमवार को बकरीद पर्व मनाने को लेकर चर्चा की गई। उधर सर्वसम्मति से बकरीद पर्व की सामूहिक नमाज सुबह 7 बजे निर्धारित की गई। वही मौलाना अब्दुल हाकिम ने कहा कि बकरीद का पर्व मुस्लिम धर्म के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक माना जाता है। यह पर्व दुनिया भर के मुसलमानों द्वारा पैगम्बर इब्राहीम द्वारा अल्लाह में दृढ़ विश्वास के कारण दिए गए बलिदान की याद के रूप में मनाते हैं। इस मौके पर अब्दुल मतीन शेख, जैनुल आबेदीन शेख, बासेत शेख, केशरुल शेख, मिक्की शेख, मस्कुर शेख, खोजू शेख आदि थे।

## राजमहल उपकारा में हुई छापेमारी, नहीं मिला कोई भी आपत्तिजनक सामान




राजमहलः अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में शनिवार की संध्या को राजमहल उपकारा में छापेमारी की गई। जहां छापेमारी के दौरान जेल के अंदर महिला, पुरुष सहित विभिन्न वार्डों का तलाशी लिया गया। वही जेल उपाधीक्षक से बंदियों की क्षमता के बारे में भी जानकारी लिया गया। इस मौके पर एसडीओ कपिल कुमार ने बताया कि रूटीन वर्क के तहत छापेमारी की गई है जहां छापेमारी के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। वही जेल के अंदर की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था एवं सभी सेल की बारी बारी से जांच किया गया। वही जेल के रजिस्टर आदि का भी मिलान करते हुए प्रभारी उपकारा अधीक्षक को जेल मैनुअल का पालन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच किया गया जहां वर्तमान में सभी कैमरा चल रहे हैं। इस मौके पर बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, सीओ अशोक कुमार सिन्हा, जेल उपाधीक्षक दिलीप कुमार, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी, राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, नगर पंचायत प्रशासक स्मिता किरण सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद थे।

# नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने व रात्रि गश्ती बढ़ाने का एसपी ने बैठक में दिया निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः- पुलिस लाईन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में शनिवार को एसपी कुमार गौरव ने जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध नियंत्रण गोष्टी की समीक्षा बैठक की। इस दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारियों व पुलिस पदाधिकारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने व रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण के लिए जरूरी टिप्स भी दिए। जहां उन्होंने कहा कि पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। उधर कोई भी पुलिसकर्मी अपने कार्यों में कोताही नहीं बरतें अन्यथा विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उधर जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए बा-इक व घरों में चोरी पर रोक लगाने के लिए कारगर कदम उठाने का निर्देश दिया। वही कहा कि गश्ती के दौरान चौक चौराहों व सुनसान स्थानों पर रात में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें व हर गली मोहल्ले में पेट्रोलिंग करें। वही चोरी की घटनाओं में संलिप्त पुराने अपराधियों का ड-टा तैयार कर उन पर विशेष नजर रखें। इस दौरान उन्होंने सभी थानों में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनका निष्पादन जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लौटरी, जुआ अड्डों व गांजा की बिक्री रोकने, अवैध पत्थर खनन व बालू तस्करों पर नकेल कसने को कहा।

वही जेल से छूटे अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने की हिदायत दी। इस मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक में मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, बरहरवा एसडीपीओ, राजमहल एसडीपीओ, सदर इंस्पेक्टर राजीव रंजन, नगर थाना इंस्पेक्टर सह प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाडी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे, मुफ्फसिल थाना प्रभारी शशि सिंह, मिजाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार, रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा सहित अन्य थानों प्रभारी मौजूद थे।

## दस सूत्री माँगों को लेकर बीएसके कॉलेज कर्मचारियों ने कॉलेज परिसर में किया धरना प्रदर्शन




उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर विश्वविद्यालय के बीएसके महाविद्यालय में 10 स-ूत्री मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बिंदुधाम सिद्धो कान्हु महाविद्यालय कर्मचारी संघ के बैनर तले अपने 10 सूत्री मांगों के समर्थन में महाविद्यालय के काम को ठप कर धरना प्रदर्शन किया। इस संबंध में बीएसके कॉलेज बरहरवा शिक्षकेतर कर्मचारी इकाई संघ के सचिव मनोरंजन कुमार तिवारी ने बताया कि पंचम, छठा एवं सातवें वेतनमान में निर्धारण कर वेतन का भुगतान हो, महाविद्यालय से विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति कर्मियों को प्रतिनियुक्ति भत्ता का भुगतान किया जाए। वही योग्यताधारी चतुर्थ वर्ग कर्मचारी को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति का लाभ मिले। चतुर्थ वर्गीय कर्मी से तृतीय वर्ग का कार्य करने वाले को अतिरिक्त भत्ता का लाभ दिया जाए। उधर 35 वर्षों से कार्यरत शिक्षित कर्मियों को प्रमोशन का लाभ दिया जाए। वर्ष 2012 में नियुक्त कर्मियों को थर्ड एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मियों को अन्य कर्मचारी के भांति एसीपी एवं मैक का लाभ 2024 से प्रारंभ हो सहित अन्य मांगों को लेकर सभी कर्मी धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। अगर हमारी मांग विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार नहीं सुनती है तो हम चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इस मौके पर कृष्ण कुमार, राहुल कुमार, अंजू देवी, विनीता मुर्मू, सरला मरांडी, ममता कुमारी, अनिमा सरकार, संदीप भंडा-री, नीताय हरिजन, रिजवान बिनवसर सहित अन्य कर्मी धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

## जिले के सभी प्रखंडों में सुचारू रूप से बिजली बहाल करने व जर्जर तारों को बदलने को लेकर विधायक प्रतिनिधि ने की विद्युत अधीक्षण अभियंता से भेंट



उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः जिले के सभी प्रखंडों में सुचारू रूप से बिजली का संचालन तथा जर्जर बिजली पोल एवं तार बदलवाने को लेकर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने शनिवार को विद्युत अधीक्षण अभियन्ता नथन रजक से उनके कार्यालय में मुलाकात किए। इस दौरान बरहरवा प्रखंड अन्तर्गत विद्युत सब स्टेशन ग्रामशीर में पिछले कई दिनों से बिजली की आपूर्ति कम होने की शिकायत बरकत खान ने अधीक्षण अभियन्ता से किया। जहां अधीक्षण अभियंता नाथन ने विधायक प्रतिनिधि को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ग्रामशीर विद्युत सब स्टेशन से निर्बाध बिजली आपूर्ति किया जायेगा। उधर बरकत खान ने कालु पंचायत के कमालपुर व अन्य जगहों पर जले हुए बिजली ट्रांसफॉर्मर को यथाशीघ्र बदलकर विद्युत बहाल करने की बात कही। जहां अधीक्षण अभियंता ने जल्द ही जले हुए सभी बिजली ट्रांसफॉर्मर को बदलकर बिजली बहाल करवा देने का आश्वासन दिया।

साथ ही बरकत खान ने पथरिया विद्युत सब स्टेशन से सभी फीडर से मिल रहे निर्बाध बिजली के लिए अधीक्षण अभियन्ता सहित सभी पदाधिकारीयों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि के साथ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू उपस्थित थे।

## बड़तल्ला गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने हाई वोल्टेज तार को हटाने के लिए किया बिजली विभाग का घेराव

उज्जवल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः- मंडरो प्रखंड क्षेत्र के बड़तल्ला गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को ढोल नगाड़ों के साथ बिजली विभाग कार्यालय का घेराव करते हुए अपनी समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा। जहाँ सौपे गए ज्ञापन पत्र में सभी ग्रामीणों ने जिक्र किया कि बड़तल्ला गाँव के बीचोबीच से उच्च वोल्टेज के विधुत तार ले जाया गया है जिसके कारण लगभग 40 से 45 ग्रामीण परिवार के लोगों का घर इस हाई वोल्टेज तार के नीचे आ गया है जिससे सभी ग्रामीण प्रभावित है। वही ग्रामीणों ने ईओ से आग्रह किया कि इस हाई वोल्टेज तार को जल्द से जल्द गांव के बीचोबीच से हटाते हुए कही दूर से खाली स्थान होकर ले जाए ताकि आने वाले भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई बड़ी घटना दुर्घटना होने की संभावना नहीं र-हे। वही ग्रामीणों ने ईओ के समक्ष कहा कि इस हाई वोल्टेज तार के उनके घरों के ऊपर से गुजरने के कारण उनका जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। जहां इस मामले को लेकर बिजली विभाग के ईओ ने बड़तल्ला गांव से आए हुए सभी ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विभाग बहुत जल्द इसका सर्वे कराकर हाई वोल्टेज तार को हटा लेगा। इस मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बरहरवा आरपीएफ ने तीनपहाड़ स्टेशन से भटकते नाबालिग बच्चे को चाइल्डलाइन को किया सुपुर्द




उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः बरहरवा आरपीएफ एलबी मांझी, एनके यादव व एम कुमार द्वारा नियमित निरीक्षण के दौरान तीनपहाड़ स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर भटकते नाबालिग बच्चे को संदिग्ध हालत में घूमते देखा गया। जहां भटकते नाबालिग को पूछताछ के लिए बरहरवा आरपीएफ द्वारा अपने कस्टडी में लेकर रेलवे पोस्ट बरहरवा लाया गया।

उधर पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पिंटू कुमार यादव 12 वर्ष पिता निरंजन यादव, गांव गौरा चौक पोस्ट अमरपुर जिला भागलपुर बताया। उक्त मामले की सूचना उसके पिता के साथ साथ चाइल्ड हेल्पलाइन को दी गई फिलहाल भटकते नाबालिक को साहिबगंज चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया गया है।

### भागलपुर से फरक्का तक बनने वाले फोरलेन निर्माण कार्य में ग्रामीण सड़क पर पुल की निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश, किया प्रदर्शन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

उज्जवल दुनिया संवाददाता साहिबगंजः भागलपुर से फरक्का तक बन रही फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर फौजदारी के ग्रामीण द्वा-रा पुलिया निर्माण कराने को लेकर सड़क निर्माण का विरोध किया एवं परियोजना निर्देशक एनएचएआई से गुहार लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना था कि झारखंड बिहार सीमा पर स्थित पिलर संख्या 192/600 के पास एकमात्र आवागमन करने यानी खेत, बथान, शमशान घाट व मधुबन दियारा, ओझा टोली, हाजीपुर दियारा, सलेमपुर मरगंग पुलिया जाने का एकमात्र एकलौता रास्ता है जिससे दर्जनों दियारा गांव के लोगों का आने जाने का इस रास्ता से निरंतर होता रहता है। इस सड़क के बंद हो जाने से ग्रामीणों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

## राजमहल सिंधी ढलान घाट पर आज गंगा दशहरा के मौके पर होगा भव्य गंगा आरती व लेजर लाईट शो

उज्जवल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः विकास भवन स्थित सभागार में शनिवार को रांची से आई हुई परिवर्तन संस्था की महिला टीम की सचिव श्रेया तिवारी ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि रवि-वार को गंगा दशहरा पर्व के मौके पर राजमहल स्थित सिंधी ढलान गंगा घाट पर शाम के 6:30 बजे से 7:30 बजे तक भव्य गंगा आरती, इसके बाद लेजर लाईट का प्रोग्राम 7:30 बजे से 8:30 बजे तक व 8:30 से लेकर 9:30 बजे तक भोग वितरण का कार्यक्रम होना है। जहां इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि देश में आज जलवायु जो लगातार प्रदूषित हो रही है उस पर किस प्रकार से अंकुश लगाते हुए आने वाले हम सभी के वंशज को आगे दिक्कत का सामना नही करना पड़े इसके लिए सभी लोगों को जागरूक करना है। आज हमारे देश की जलवायु काफी खराब हो चुकी हैं इसका मुख्य कारण वृक्ष की अंधाधुंध कटाई हो रही हैं। जहां नए वृक्ष को लगाने की कोशिश नहीं कर रहे है जिस वजह से लगातार हमारे यहाँ की जलवायु गर्म होती जा रही हैं। हमारी परिवर्तन संस्था नए प्लांट को स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल जैसे जगह पर नए प्लांट को लगाने का काम कर रही हैं जिससे कि आने वाले हमारे वंशज को प्रकृति की शुद्ध हवा मिल सके। वही गंगा नदी को अविरल व निर्मल बनाने को लेकर कहा कि हम सभी को यह प्रण लेने की जरूरत है कि जल को किसी भी प्रकार से बर्बाद होने से बचाना होगा अन्यथा कुछ वर्षो के बाद जल की घोर समस्या हम लोगों के बीच उत्पन्न हो जाएगी। वही परिवर्तन संस्था की ओर से राजमहल गंगा घाट पर रविवार को होने वाले लेजर लाईट शो के माध्यम से पूरे पृथ्वी व जलवायु के बारे में दिखाया जाएगा।

# ईद उल अजहा त्योहार को लेकर अंचल अधिकारी की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरहरवाः आगामी 17 जून 24 को ईद उल अजहा (बकरीद) इस्लाम धर्म का सबसे बड़ा त्योहार है। इस दिन इस्लाम धर्म में बकरे की कुबार्नी देने की परंपरा होती है जिसको लेक-र अंचल अधिकारी संजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जहां बरह-रवा थाना परिसर में आयोजित बैठक में विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, एएसआई सुदामा सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता, एएसआई कविंद्र मिश्रा, एएसआई अमित कश्यप, कांग्रेस प्र-खंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, पुर्व वार्ड पार्षद ललिता देवी, शाहनवाज नासि-र, वरिष्ठ पत्रकार मनोहर लाल चौहान एवं विभिन्न शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। उधर बैठक में आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्यौहार मनाने की बात कही गई। उधर आयोजित बैठक में सबसे पहले शांति समिति के सदस्यों ने बारी बारी से बकरीद के दौरान बेहतर व्यवस्था को लेकर पूर्व के अनुभवों को साझा करते हुए अपनी अपनी बातें रखीं और सुझाव दिया गया। जहां साफ सफाई, सुरक्षा, अवशेषों का निपटारा, पानी बिजली की व्यवस्था और दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं का ख्याल करते हुए सभी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की बात कही। इस मौके पर अंकल अधिकारी संजय कुमार शुक्ला ने कहा कि सभी के सुझावों का बखूबी ध्यान रखा जायेगा। वही साफ सफाई, वेस्टेज डिस्पोजल की व्यवस्था बेहतर से बेहतर करने का प्रयास किया जायेगा। उधर बैठक में सीओ ने कहा कि बकरीद के साथ ही त्यौहारों का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा जहां आगे मुहर्रम, ईद मिलादुन्नबी, दुगार्पूजा, दीपावली, छठ आदि त्योहार हैं ऐसे में आनेवाले दिनों में माहौल अनुकूल बना रहे यह हम सबकी जिम्मेवारी है। वही इसमें शांति समिति के सदस्यों का सबसे बड़ा अहम रोल है। आगे उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान अति संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वही अंचल अधिकारी ने कहा कि पर्व त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों को किसी तरह का मौका न मिले यह सुनिश्चित करें। जहां उन्होंने सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की जिम्मेवारी स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिया। उधर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरी तैयारी की जा रही है। किसी भी परिस्थिति में विधि व्यवस्था बिगड़ने नहीं दिया जायेगा जहां माहौल बिगाड़ने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। उधर बैठक में बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने कहा कि अफवाहों से दूर रहें, सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करने से पहले सावधान रहें। एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखते हुए भ्रामक जानकारी को रोकने का काम करें और जो लोग अफवाहों को बढ़ा रहे हैं उनके बारे में पुलिस को जानकारी दें। आगे उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर द्वेषपूर्ण, भ्रामक जानकारी शेयर करनेवालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर शांति समिति के कई सदस्य मौजूद थे।

## सकरोगढ़ में बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट, 3 लोग हुए घायल



उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः नगर थाना क्षेत्र के सकरोगढ़ चैती दुर्गा निचला टोला में श-ुक्रवार की देर रात को छोटे छोटे बच्चों के विवाद में एक ही परिवार के लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जहां इस मारपीट की घटना में 2 महिला सहित 1 पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर सभी घायल अपना इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा इलाज किया गया। इस मारपीट की घटना को लेकर घायल महिला गूंजा कुमारी पति संजय रविदास ने बताया कि उसकी बेटी को उसकी ही गोतनी ने किसी बात को लेकर लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया था। वही जब उसकी गोतनी उसकी बेटी के साथ मारपीट कर रही थी तो उसके पति घर पर नहीं थे जहां देर रात को जब उसके पति मजदूरी करके अपने घर आए तो उन्होंने सारी बात अपने पति को बताई। उधर बेटी के साथ मारपीट करने की बात सुनकर उसकी गोतनी, देवर व भैसुर उसके साथ गाली गलौज करने लगे जहां उन लोगों को गाली गलौज करने से मना करने पर सभी लोग लाठी डंडे, लोहे के रड एवं तलवार से उसके एवं उसके पति के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए। जहां इस मारपीट मामले को होता देखकर उसके देवर की पत्नी जब उनलोगों को बचाने के लिए आई तो उसके साथ भी मारपीट किया गया। इधर मारपीट मामले को लेकर सभी घायल देर रात में ही नगर थाना पहुंचे और सारी घटना की जानकारी ओडी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को दी जिसके बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया। उधर मारपीट करने के मामले में उनका देवर कुंदन कुमार, चंदन कुमार, भैसुर दिलीप कुमार एवं उनकी पत्नी भी शामिल है। फिलहाल दोनों गंभीर रूप से घायल पति पत्नी का सदर अस्पताल में इलाज जारी है।


स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# उप्र सरकार अवध शिल्प ग्राम में यूनिटी मॉल की निर्माण प्रक्रिया को गति देगी

**लखनऊ, (एजेंसी)**। उत्तर प्रदेश में उत्तम नागरिक सुविधाएं व वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में भी विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत कार्य हो रहा है। इसी क्रम में प्रदेश में तीन यूनिटी मॉल के निर्माण का कार्य भी जारी है जिनमें लखनऊ, आगरा व वाराणसी मुख्य हैं। लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम के सेक्टर 9 में यूनिटी मॉल का निर्माण कार्य निरंतर जारी है। इस प्रक्रिया में और तेजी लाते हुए राज्य सरकार ने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सलटेंट (पीएमसी) एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को शुरू करते हुए निविदा जारी कर दी हैं, जिससे कायार्वंटन का मार्ग सुनिश्चित होगा।

योजना विभाग द्वारा अवध शिल्प ग्राम के सेक्टर 9 में यूनिटी मॉल की निर्माण प्रक्रियाओं की निगरानी के लिए जिस पीएमसी को नियुक्त किया जाएगा वह कई मायने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। पीएमसी द्वारा रेगुलर मॉनिटरिंग और समय-समय पर दी जाने वाली रिपोर्ट्स न केवल इस प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता निर्धारण में निर्णायक सिद्ध होगी बल्कि इसके जरिए सभी निर्माण कार्यों को ट्रैक करने व उसी आधार पर कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा।

रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से निविदा प्रक्रिया की शुरूआत हो चुकी है



और जुलाई के पहले हफ्ते में कायार्वंटन हो जाएगा। कायार्वंटन के बाद 75 दिनों में कन्सलटेंसी को आर्किटेक्चरल डिजाइन प्रस्तुत करना होगा जिस पर स्वीकृति के बाद 18 महीने में सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान 36 महीने का डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी) भी लागू रहेगा।

यूनिटी मॉल के निर्माण व विकास के लिए परियोजना के अंतर्गत कई संरचनात्मक कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अंतर्गत रचनात्मक इनडोर स्पेसेस के निर्माण, उचित स्थान नियोजन के साथ ही यहां की जरूरतों के अनुसार विभिन्न कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाएगा। कम रखरखाव के साथ ही उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए विद्युत, यांत्रिक और अन्य सेवाओं के एकीकृत डिजाइन पर काम होगा। पर्यावरण के मानकों के पालन के साथ ही हरित भवन, उत्तम वेंटिलेशन, जलवायु अनुकूल वास्तुकला, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के साथ जल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी तमाम प्रक्रियाओं को पूर्ण किया जाएगा।

यूनिटी मॉल के विकास की जो कार्ययोजना क्रियान्वित की जा रही है। उसके अनुसार परिसर में 200 नॉन एसी तथा 34 एसी शॉप्स का निर्माण किया जाएगा। इन दुकानों को 30 वर्ष की लीज पर अलॉट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यूनिटी मॉल में एग्जिबिशन हॉल, मल्टीपर्पज हॉल, फूड कोर्ट, वातानुकूलित एट्रियम, फायर एग्जिट समेत तमाम निर्माण कार्यों को पूर्ण जाएगा।

## रविवार से होगा योग का महासंगम, बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

**जयपुर, (एजेंसी)**। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर जयपुर योग महोत्सव 2024 के तहत छठे दिन पत्रिका गेट एवं सिटी पार्क मानसरोवर में योग शिविर आयोजित किए गए। सिटी पार्क में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सहायक योगाचार्य डॉ. नवनीत मलेठिया एवं योगी अभिषेक जांगिड़ तथा पत्रिका गेट पर डॉ. शालिनी शर्मा एवं सर्वमंगलाए सनातन धर्म फाउंडेशन की संस्थापक योगाचार्य पूर्वी विजयवर्गीय ने योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान करवाया।

महापौर ने बताया कि 16 एवं 17 जून को नगर निगम ग्रेटर 48 योग संस्थाओं के साथ मिलकर 1500 मिनट योग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहा है, जिसमें बिना रुके लगातार योग संस्थानों द्वारा योगासन किए जाएंगे। यह कार्यक्रम 16 जून को सुबह सात बजे से भट्टारक जी की नसिया स्थित इंद्रलोक सभागार में आयोजित किया जाएगा जो की 17 जून सुबह 7 बजे तक लगातार विभिन्न योगाचार्यों ,योग प्रशिक्षको द्वारा योगासन ,सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न प्रकार के योग अभ्यास किए जाएंगे।

गुर्जर ने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और हमारी पुरातन परंपरा भी रही है। हमें प्रतिदिन अपने शरीर को स्वस्थ रखने तथा शहर को स्वच्छ रखने के लिए योग को दैनिक जीवन में अपनाना आवश्यक है क्योंकि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूती देता है। सिटी पार्क में आयोजित योग शिविर का कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ. जी.एल.शर्मा एवं क्षेत्रीय संयोजक मेघसिंह चौहान ने कीयोग शिविर का संचालन क्रीड़ा भारती योग प्रमुख योगाचार्य सत्यपाल सिंह ने किया। सिटी पार्क एवं पत्रिका गेट पर आयोजित हुए योग शिविर मे समितियों के अध्यक्ष रमेश सैनी, पारस जैन , पार्षद अंकित शर्मा, राम प्रसाद शर्मा, इंद्रप्रकाश धाभाई, गिरिराज शर्मा महेंद्र शर्मा ,राम अवतार गुप्ता एवं जयपुर योग महोत्सव 2024 के समन्वयक योगी मनीष विजयवर्गीय मौजूद रहे। महापौर ने योगाचार्यों पार्षदों एवं अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट करते हुए आमजन से अपील की की मानसून में पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाए।शनिवार के शिविरों में सहभागी संस्थान क्रीड़ा भारती, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, पीस ओफ माइंड फिटनेस एण्ड योग, राष्ट्रीय हठ योग संस्थान, शान्ति योग, योगपथ योग संस्थान, अपेक्स कोलेज, योगोत्कर्ष योग साधना केंद्र, दौसा, गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट रही।इससे पूर्व बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट ,स्मृति वन पार्क, केसर उद्यान, चित्रकूट स्टेडियम सहित विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किया जा चुके हैं जिसमें आमजन ने बढ़ चढ़कर योगाभ्यास किया

## मुख्यमंत्री साय ने तीसरे दिन भी ली विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

**रायपुर, (एजेंसी)**। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अलग-अलग विभागों के काम की समीक्षा कर रहे हैं। आज तीसरे दिन शनिवार को भी अपने निवास कार्यालय में उन्होंने गृह एवं जेल विभाग के काम काज की समीक्षा बैठक ली है। इसमें उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री साय ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की थी, जिसमें विभाग के कार्यों और दायित्वों के प्रेजेंटेशन के साथ बैठक की शुरूआत हुई ।

बैठक में आम आदमी के फायदे के लिए कुछ निर्देश मुख्यमंत्री साय ने स्वास्थ्य मंत्री और विभाग के आईएएस अफसरों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में बेहतर एंबुलेंस की व्यवस्था हो, मरीज को समय पर सुविधा मिले इसे मॉनिटर करिए। अस्पताल में सुरक्षित प्रसव को शत प्रतिशत करने कहा है।

उन्होंने आगे कहा कि हर जिला अस्पताल में विषेशज्ञ चिकित्सक रखें। नियद नेल्लानार योजना (बस्तर में आपका अच्छा गांव) से संबंधित ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाने कहा गया है। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में सर्पदंश मरीजों के लिए एंटी वेनम का बंदोबस्त करने कहा गया है। सुपेबेड़ा में किडनी की समस्या का स्थायी निदान करने रिसर्च एक्सपर्ट्स को वहां भेजकर कारण पता लगाने के लिए कहा गया है।

**बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय–** बैठक में यह भी तय किया गया है कि पंखाजूर जैसे क्षेत्रों में डायलिसिस सेंटर की स्थापना होगी। वहीं बस्तर और सरगुजा में स्वास्थ्य अमले की कमी है, अब पर्याप्त अमले की पोस्टिंग होगी। संभाग मुख्यालय में कम से कम 2 एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाली एंबुलेंस होंगी। साथ ही शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए अस्पताल में न्यू बार्न केयर यनिटों को बढ़ाया जाएगा।

नए जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे, ताकि लोगों को सस्ती दवाएं मिल सकें। वहीं सिकल सेल पर राष्ट्रीय स्तर के रिसर्च सेंटर का प्रस्ताव केंद्र को भेजेंगे अधिकारी।

जिन अस्पतालों में मशीनों के ऑपरेटर नहीं है वहां ऑपरेटर की व्यवस्था होगी। डायलिसिस की सुविधा ब्लॉक मुख्यालयों में की जाएगी। मुख्यमंत्री ने मानसिक मरीजों के लिए भी नए अस्पताल शुरू करने कहा है।

## मौसम विभाग ने जारी किया रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और बस्तर संभाग के जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

**रायपुर, (एजेंसी)**। मौसम विभाग द्वारा बताई गई पूर्व निर्धारित तिथि से मानसून विलंब हो चूका है। छत्तीसगढ़ में दक्षिण पश्चिम मानसून का प्रवेश सुकमा में 8 जून को होने के बाद बीजापुर में अटक गया है। मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में अभी भी लोग लोग झुलस देने वाली गर्मी से परेशान है। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटे में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और बस्तर संभाग के जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।मौसम विभाग की माने तो मानसून 17 जून से पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा।

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के एक दो स्थानों पर शनिवार और रविवार को गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं।अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री ज्यादा होने की वजह से शनिवार और रविवार को उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के एक दो स्थानों पर हीट वेव चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। प्रदेश में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री तक रहेगा।मौसम विभाग ने कहा कि, बस्तर संभाग में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश हो सकती है।मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आज तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होने की भी संभावना जताई है।इसके साथ ही चेतावनी के रूप में प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से अंधड़ चलने की संभावना है।

शुक्रवार को प्रदेश में बलरामपुर सबसे ज्यादा गर्म रहा।

## कैंची धाम में वार्षिक महोत्सव पर उमड़ रहे श्रद्धालु, कई किलोमीटर तक लगी लंबी कतारें

**नैनीताल, (एजेंसी)**। नैनीताल में जनपद मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर देश में विरले ही मिलने वाली उत्तरवाहिनी शिप्रा नदी के किनारे स्थित बाबा नीब करौरी के विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में शनिवार को हर वर्ष की तरह भव्यता व धार्मिक हर्षोल्लास के साथ वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है। इस बार बड़ी संख्या में सुबह से ही श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं को चार पहिया के साथ दोपहिया वाहनों से भी आने पर पहली बार रोक लगायी है और सभी श्रद्धालुओं को केवल शटल वाहनों से कैंची धाम पहुंचाया जा रहा है। इसके बावजूद कैंची धाम में दोनों ओर श्रद्धालुओं की 4-4 किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं। श्रद्धालु तपती धूप में नंगे पैर भी एक-एक कदम आगे बढ़ते हुए बाबा नीब करौरी की सजीव सी लगने वाली मूर्ति के दर्शन कर रहे हैं और प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। जनपद के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, एसडीएम प्रमोद कुमार सहित अनेक पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर व्यवस्थाओं को बनाने में जुटे हुए हैं।

**ऐसे हुई कैंची धाम में बाबा नीब करौरी के मंदिर की स्थापना**

इस अवसर पर जान लें कि बाबा नीब करौरी कैसे कैंची धाम पहुंचे। बताया जाता है कि 1942 में एक दिन तब कुछ ही घरों के कैंची गांव में रहने वाले पूणानंद तिवाड़ी को एक रात्रि खुफिया डांठ नाम के निर्जन स्थान पर एक कंबल ओढ़े व्यक्ति ने कथित भूत के डर से भय मुक्त कराया और 20 वर्ष बाद लौटने की बात कही। वादे के अनुसार 1962 में वही कंबल ओढ़े व्यक्ति बाबा नीब करौरी रानीखेत से नैनीताल लौटते समय कैंची में रुके और सड़क किनारे के पैराफिट पर बैठ गए और पूणानंद को बुलाया।

कहा जाता है कि इससे पूर्व सोमवारी बाबा इस स्थान पर भी धूनी रमाते थे, जबकि उनका मूल स्थान पास ही स्थित काकड़ीघाट में कोसी नदी किनारे था। सोमवारी बाबा के बारे में प्रसिद्ध था कि एक बार भण्डारे में प्रसाद बनाने के लिए घी खत्म हो गया। इस पर बाबा ने भक्तों से निकटवर्ती नदी से एक कनस्तर जल मंगवा लिया, जो कढ़ाई में डालते ही घी हो गया। तब तक निकटवर्ती भवाले से घी का कनस्तर आ गया। बाबा ने उसे वापस नदी में उड़ेल दिया, वह घी पानी बन नदी में समाहित हो गया।इधर जब नीब करौरी बाबा कैंची से गुजरे तो उन्हें कुछ दैवीय सिंहरन सी हुई। इस पर उन्होंने यहां आश्रम बनाने का निर्णय लिया। आश्रम की स्थापना के लिये तत्कालीन केंद्रीय मंत्री एवं बाद में देश के प्रधानमंत्री रहे चौधरी चरण सिंह ने वन भूमि उपलब्ध करायी। इसके बाद 1962 में ही बाबा ने यहां आश्रम की स्थापना की। 1964 से मंदिर का स्थापना दिवस समारोह अनवरत 15 जून को मनाया जाने लगा। बाद में 15 जून 1973 को यहां विंध्यवासिनी और ठीक एक साल बाद मां वैष्णों देवी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

## देशभर में लाखों की ठगी करने वाला विदेशी मास्टरमाइंड दिल्ली से गिरफ्तार

**देहरादून, (एजेंसी)**। विदेश से डॉलर तथा गिफ्ट भेजने के नाम पर देश भर में लाखों की ठगी करने वाले विदेशी मास्टरमाइंड को उत्तराखंड एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। ये विदेशी साइबर ठग जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए अपराध के नए-नए तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहा था। एसटीएफ ने ठग को यूएस डॉलर को इंडियन करेंसी में कनवर्ट करने के नाम पर 13,61,700 रुपये धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है।




दरअसल, कुछ दिन पूर्व साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर देहरादून निवासी एक महिला ने सूचना दर्ज कराई कि अज्ञात साइबर ठगों ने उससे फेसबुक-व्हाट्सअप आदि के माध्यम से संपर्क किया और स्वयं को डॉ. विलियम राइकर यूएसए में प्रसूतिशास्त्री डॉक्टर बताकर विदेश से 25 हजार यूएस डॉलर, गिफ्ट आईटम, ब्रेसलेट, ज्वैलरी और मोबाइल फोन, वॉच, पर्स समेत कई अन्य कीमती सामान पार्सल से भेजने का प्रलोभन दिया। फिर कस्टम डिमार्टमेंट दिल्ली से पार्सल आने का लालच देकर बैंक खाते में यूएस डॉलर को इंडियन करेंसी में कनवर्ट करने व विभिन्न कर के नाम पर कुल 13,61,700 रुपये धोखाधड़ी से भिन्न-भिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित करवा लिया। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अनावरण के लिए साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन पर पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्र के नेतृत्व में टीम गठित किया गया और विवेचना साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक त्रिभुवन रौतेला के सुपुर्द की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबर व संबंधित खातों आदि की जानकारी व तकनीकी विश्लेषण किया तो अपराध में संलिप्त अपराधियों का दिल्ली से संबंध पाया गया, फिर टीम को दिल्ली रवाना किया गया। पुलिस ने विदेशी (नाईजीरियन) अभियुक्त को मोहन गार्डन दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से चार मोबाइल, एक लैपटॉप मय बैग व चार्जर, दो पासपोर्ट भी बरामद किया।

**अपराध का तरीका**

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह प्रसूतिशास्त्री डॉक्टर बन लोगों से सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती करता है, फिर विश्वास में लेकर उनके लिए विदेशी मुद्रा तथा विदेश से गिफ्ट भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करता है। इसके लिए वह विदेशी नागरिक बनकर विदेश से धनराशि व गिफ्ट भेजने का झांसा देता है और भिन्न-भिन्न बैंक अकाउंट में धनराशि जमा कराकर ठगी करता है।

## धान की प्योद तैयार करने के लिए किसानों को बहाना पड़ रहा है पसीना

**जींद, (एजेंसी)**। निरंतर बढ़ रहे तापमान का असर आम जनजीवन पर पड? के साथ खेती पर भी पड़ रहा है। धान की रोपाई से पहले धान की प्योद को खेतों में किसान तैयार करते हैं। इस बार धान की प्योद (पनीरी) पर बढ़ रहे तापमान का असर हो रहा है। किसानों को प्योद तैयार करने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। प्योद के खराब होने से किसानों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। प्रति एकड़ किसान को 1 हजार से लेकर 2 हजार तक प्योद खराब होने से नुकसान हो रहा है। उचाना क्षेत्र में धान की रोपाई भी किसान प्रमुख रूप से करते है। ऐसे में रोपाई से पहले प्योद को तैयार करने में किसान लगे हुए है। प्योद बढ़ रहे तापमान से खराब होने के चलते इस बार धान की रोपाई 15 दिन देरी से होने का अनुमान है। प्योद तापमान बढ? से खराब होने पर किसानों को दोबारा से तैयार करनी पड़ रही है। किसानों ने बताया कि करीब 35 से 45 प्रतिशत से अधिक प्योद बढ़ रहे तापमान के चलते खराब हो चुकी है। ऐसे में दोबारा से प्योद तैयार की जा रही है। प्योद खराब होने से अब धान की रोपाई में भी देरी होगी क्योंकि कम से कम 25 से 30 दिनों तक में जाकर प्योद तैयार होती है।किसान राजबीर, सुलतान, बलवान ने कहा कि जिस प्योद को लगाए 20 दिन हो चुके है लेकिन अभी तक उसके फुटाव नहीं होने से वो तैयार नहीं हो रही है। निरंतर तापमान में बढ़ोतरी से प्योद खराब हो रही है। बढ़ रहे तापमान के चलते जो प्योद खेत में लगाई थी वो खराब हो रही है। ऐसे में दोबारा फिर से प्योद लगानी पड़ेगी। धान की रोपाई से पहले प्योदा तैयार खेत में किसान करते है।

## संक्षिप्त खबरें

### ज्येष्ठ गंगा दशहरा को लेकर नदियों के घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे : पुलिस महानिदेशक

**लखनऊ, (एजेंसी)**। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने रविवार (16 जून) को ज्येष्ठ गंगा दशहरा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने शनिवार को कहा कि जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी ऐसी नदियों, घाटों और तालाबों को चिन्हित कर लें जहां अधिक संख्या में स्नानार्थियों की उम्मीद है। पूर्व में ऐसे सभी स्थानों पर भ्रमण करके समुचित सुरक्षा व्यवस्था कर लें। नदियों के घाटों पर प्रकाश एवं सुरक्षा की दृष्टि से गोताखोरों जल पुलिस की ड्यूटी लगायी जाये।

घाटों पर सादी वर्दी में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती हो। छोटी-छोटी सी सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मौके पर पहुंचकर उसका निस्तारण या फिर आश्यक कार्रवाई करे। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर सतर्क नजर रखी जाये। भ्रामक सूचनाओं के प्रसारित होने पर उसका तत्काल खंडन करें। भीड़ वाले स्थानों पर यूपी-112 के वाहनों को लगाया जाएं।

### नाले के पास मिला युवक का शव, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

**बदायूं, (एजेंसी)**। अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा अलापुर के वार्ड 15 के रहने वाले एक युवक का शव संदिग्ध हालत में शनिवार को तालाब किनारे एक नाले के पास मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है।

अलापुर कस्बे के वार्ड 15 के रहने वाला आरिफ(30) 13 जून को घर से किसी काम से बाहर निकला और वापस नहीं लौटा। घरवालों ने आरिफ की काफी खोजबीन की, लेकिन उसके बारे में कोई भी जानकारी हासिल नहीं हो सकी। परिजनों ने अलापुर थाने में आरिफ की गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार सुबह आरिफ का शव कस्बे के ही तालाब किनारे बने नाले के पास मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। परिवार ने भी आरिफ की मौत के बाद अनहोनी की आशंका जताई है।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे आरिफ के परिवार वालों ने बताया कि आरिफ मुंबई में रहकर कपड़े बेचने का काम करता था। नौ महीना पहले वह गांव में आया था। उसकी किसी से रंजिश भी नहीं है। परिवार के लोगों ने आरिफ की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जतायी है।

उधर पुलिस का कहना है कि आरिफ की मौत की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर जो भी तथ्य निकाल कर आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राहकों के साथ ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा बाट एवं माप विभाग

**देहरादून, (एजेंसी)**। उत्तराखंड में ग्राहकों के साथ ठगी करने वालों के खिलाफ बाट एवं माप विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई की जा रही है। विभाग की ओर से अबतक 174 निरीक्षण किए गये हैं, जिसमें 125 मामले दर्ज किए गये हैं।

विभाग के ज्वाईंट कंट्रोलर गोविंद सिंह रावत ने शनिवार को बताया कि विभाग को मिली कई शिकायतों को देखते हुए अधिकारियों को ओवर रेटिंग के साथ ही पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों में हो रही ठगी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से अबतक 174 निरीक्षण किए गये हैं। जिसमें 125 मामले दर्ज किए गये हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की यह कार्रवाई आगे भी गतिमान रहेगी। उन्होंने बताया कि हम ग्राहकों की ठगी के प्रति सचेत हैं और पेट्रोल पंप हो या अन्य व्यवसाय हो जो ठगी करते हैं उन पर कार्रवाई करते हैं। 2023 में तीन करोड़ 23 लाख से अधिक का राजस्व वसूला गया है ताकि ठगी को रोका जा सके। शासन के निदेर्शों के अनुसार ठगी करने वाले वालों पर निरंतर कार्रवाई की जाती है।

### कैदी के शव को परिजनों ने पहले शव लेने से किया मना, समझाने पर माने परिजन

**जींद, (एजेंसी)**। जिला कारागार में कैदी द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाए जाने के मामले में शनिवार को परिजनों ने शव को उठाने से मना कर दिया। परिजनों के लामबंद होने की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना तथा शहर थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए और परिजनों से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि मामले की जांच ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट द्वारा जांच की जा रही है। जिसमें पुलिस का कोई हस्तक्षेप नहीं है। समझाने पर दोपहर को परिजन शव को मॉर्चरी से शव को उठाने का राजी हो गए। जिसके बाद पुलिस ने भी राहत की सांस ली। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट द्वारा की जा रही है। परिजनों को समझा दिया गया कि इससे बड़ी तथा निष्पक्ष जांच ओर नही हो सकती। जिस पर परिजन शांत को गए और शव को उनके हवाले कर दिया गया।

जिला कारगार की लॉड्री में शुक्रवार को उम्र कैद की सजा काट रहे संत नगर निवासी शुभम (26) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की देखरेख में शव को फांसी के फंदे से उतार कर नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। शनिवार को वीडियोग्राफी के साथ चिकित्सक बोर्ड से शुभम का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बिसरे को जांच के लिए लेबोरटरी भेज दिया गया। मृतक कैदी के परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को उठाने से यह कह कर मना कर दिया कि उन्हें मौत पर संदेह है। उन्होंने हत्या की आशंका जताई।

मृतक के पिता दलबीर ने बताया कि शुभम सात साल से जेल में बंद था। उसे 2020 में उम्र कैद की सजा हो गई थी। जेल के फोन से बातचीत भी होती थी। कोई परेशानी उसे नही थी। अब शुभम ने फांसी क्यों लगाई। इसका जिम्मेवार जेल प्रशासन है। बिना करण के कोई जान नही दे सकता है। उसका बेटा साजिश का शिकार हुआ है। जब तक जेल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज नही होता, तब तक शव को नही उठाएंगे।

### पार्षद पत्नी को पानी की समस्या का मैसेज करने पर भड़का पति

**हिसार, (एजेंसी)**। हांसी में एक पूर्व पार्षद व वर्तमान में पार्षद पति पर पिस्तोल लेकर पड़ोसी के घर में घुसने और गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पार्षद पति के खिलाफ घर में घुसकर कर गाली गलौच करने तथा जान से मारने की धमकी देने की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। मामला लगभग एक सप्ताह पुराना है लेकिन इसकी शिकायत अब दी गई है।बताया जा रहा है कि विवाद पीने के पानी की समस्या को लेकर वार्ड की महिला पार्षद को पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने पीने के पानी की समस्या को लेकर व्हाट्सएप मैसेज किया था।महिला द्वारा किए गए मैसेज को पढ़ने के बाद पार्षद पति भड़क गया और आधी रात को पिस्तोल लेकर उनके घर पहुंच गया और काफी देर तक हंगामा किया। इसके बाद मैसेज करने वाली महिला बिमला के पति मॉडल टाऊन निवासी सुरेंद्र बांगा ने शहर थाना में शिकायत दी है। पुलिस को गई शिकायत में सुरेंद्र बांगा ने शनिवार को कहा कि उनके वार्ड मे पिछले दो तीन से पीने का पानी नहीं आ रहा था। इस पर उसकी पत्नी बिमला देवी ने पूर्व पार्षद सीमांत चौधरी की पार्षद पत्नी मोना चौधरी को वॉट्सऐप पर मैसेज कर दिया।